ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 11 जून 2024
वर्ष 34, अंक 135, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह 13
कल्कि से दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज 14

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# मिलेगी 17वीं किसान निधि, बनेंगे तीन करोड़ आवास

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सबसे पहले जिस फाइल पर हस्ताक्षर किया, वह पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने से संबंधित है। अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार का पहला फैसला किसानों के कल्याण के लिए उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और आने वाले समय में सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहती है। वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है।

पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त से 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और इसके तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसलिए यह उचित है कि कार्यभार संभालने के बाद हस्ताक्षरित पहली फाइल किसान कल्याण से संबंधित है। हम आने वाले समय में किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहते हैं। केंद्र सरकार की इस योजना के तहत साल में तीन बार दो-दो हजार रुपये की किस्तों के माध्यम से कुल मिलाकर 6,000 रुपये किसानों को दिए जाते हैं। इस योजना के तहत, हर चार महीने में एक बार पैसे हस्तांतरित किए जाते हैं। मोदी ने रविवार शाम लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2015-16 में आरंभ की गई थी और इसके अंतर्गत 4.21 करोड़ आवास निर्मित हो चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को अपना आवास निर्मित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना के आवासों में बिजली, पानी, शौचालय, एलपीजी- रसोई गैस जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।



### तीसरे कार्यकाल में मोदी का पहला कदम

### किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करेगा पीएम का पहला फैसला : मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। योगी ने सोमवार को अपने एक्स हैंडल पर इस फैसले के लिए मोदी का आभार व्यक्त करते हुए देश के सभी किसानों को बधाई दी है। उन्होंने लिखा, तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय अन्नदाता किसान कल्याण को समर्पित। प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

## मोदी 3.0, मंत्रियों को मिले विभाग

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी तीसरी मंत्रिपरिषद में महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने सहयोगियों पर ही भरोसा जताया है और जो मंत्री दोबारा चुन कर नहीं आए हैं, उन्हें नए सदस्यों को दिया गया है। राष्ट्रपति भवन से सोमवार की शाम नए मंत्रियों के कार्य विभागों की सूची जारी की गई। जिसमें प्रधानमंत्री सहित 30 कैबिनेट, 05 स्वतंत्र प्रभार और 36 राज्यमंत्रियों को विभागों का आवंटन किया गया।

**नरेंद्र मोदी : प्रधानमंत्री, प्रभारी** कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे और अन्य सभी विभाग जो किसी भी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए।

### कैबिनेट मंत्रियों के मंत्रालय

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- राजनाथ सिंह- | रक्षा | 17- प्रह्लाद जोशी- | उपभोक्ता एवं नवीकरणीय ऊर्जा |
| 2- अमित शाह- | गृह और सहकारिता | 18- जुएल ओरांव- | जनजातीय मामले |
| 3-नितिन गडकरी- | सड़क परिवहन और राजमार्ग | 19- गिरिराज सिंह- | कपड़ा |
| 4-जेपी नड्डा- | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 20-अश्विनी वैष्णव- | रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी |
| 5- शिवराज सिंह चौहान- | कृषि एवं ग्रामीण विकास | | |
| 6- निर्मला सीतारमण- | वित्त | 21- ज्योतिरादित्य सिंधिया- | संचार मंत्री और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास |
| 7- एस जयशंकर- | विदेश | | |
| 8- मनोहर लाल खट्टर- | ऊर्जा व शहरी विकास | 22- भूपेन्द्र यादव- | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन |
| 9- एचडी कुमारस्वामी- | भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम | | |
| 10- पीयूष गोयल- | वाणिज्य, खाद्य एवं वितरण | 23- गजेन्द्र सिंह शेखावत- | संस्कृति, पर्यटन |
| 11- धर्मेंद्र प्रधान- | शिक्षा | 24- अन्नपूर्णा देवी- | महिला एवं बाल विकास |
| 12- जीतन राम मांझी- | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय | 25- किरेन रिजिजू- | संसदीय मामले |
| | | 26- हरदीप सिंह पूरी- | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस |
| 13- राजीव रंजन सिंह- | पंचायती राज और मत्स्य पालन | 27-डॉ. मनसुख मंडाविया- | श्रम मंत्रालय, युवा मामले एवं खेल |
| 14- सर्बानंद सोनोवाल- | बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग | 28- जी. किशन रेड्डी- | कोयला एवं खनन |
| 15- डॉ. वीरेंद्र कुमार- | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता | 29- चिराग पासवान- | खाद्य प्रसंस्करण |
| 16- राम मोहन नायडू- | नागरिक उड्डयन | 30- सीआर पाटिल- | जलशक्ति |

## एक नजर

### डूंगरपुर मामले में आजम समेत छह आरोपी बरी

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक और मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को शुक्रवार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। आजम के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती के लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, छेड़खानी समेत कई धाराओं में गंज थाने में मुकदमे दर्ज कराए थे। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने आजम, उनके करीबी फसाहत अली खां शानू, इमरान, इकराम, शावेज खां, बरकत अली समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया।

### प्रज्वल को न्यायिक हिरासत में भेजा

**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु शहर की एक विशेष अदालत ने उनके खिलाफ तीन यौन उत्पीड़न मामलों के पहले मामले में उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

# पांच दिन तपेंगे उप्र समेत कई राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

### गर्मी का एक और दौर

- तापमान में होगी दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि

उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी का एक और दौर शुरू हो गया है और अगले पांच दिन के दौरान तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश में अप्रैल और मई महीने में कई दिन तक भीषण गर्मी पड़ी थी और लू चली थी। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिन के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। बयान में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उप्र, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल व गंगा के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी पड़ने के आसार हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह अत्यधिक गर्मी प्राकृतिक रूप से घटित होने वाली अल नीनो घटना तथा वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की तेजी से बढ़ती सांद्रता का परिणाम है। अल नीनो के दौरान मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्री सतह असामान्य रूप से गर्म हो जाती है।

### ओबरा सी की इकाई फिर ठप, बिजली संकट गहराया

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के चलते प्रदेश के बिजलीघरों में उत्पादन इकाइयों के बंद होने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई फिर ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग 29,038 मेगावाट दर्ज हुई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई ठप हुई थी। जैसे-तैसे चालू किया गया, पर सोमवार की सुबह यह इकाई फिर ठप हो गई, जिससे बिजली संकट गहरा गया है।

# भाजपा नेता अमित मालवीय पर यौन शोषण के आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस ने की भाजपा से सख्त कार्रवाई और जांच कराने की मांग

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय पर यौन शोषण का आरोप लगाया गया है। मामले में कांग्रेस ने भाजपा से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस ने कहा है कि मालवीय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक नेता ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है, ऐसे में भाजपा को उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए मामले की जांच करानी चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा आईटी सेल प्रमुख पर आरएसएस के एक बड़े नेता ने यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। अमित मालवीय पर कठोर कार्रवाई और आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मालवीय को प्रचार-प्रसार प्रमुख के पद से भी हटाने की मांग की। श्रीनेत ने कहा कि मालवीय की दरिंदगी को बेनक़ाब करने वाले शान्तनु सिन्हा पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता राहुल सिन्हा के भाई हैं।

### जम्मू-कश्मीर बस हमला

# आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू

किशोर कुमार, जम्मू

- वैष्णोदेवी धाम जा रही तीर्थ यात्रियों से भरी बस पर आतंकवादियों ने किया था हमला
- चार आतंकियों ने दिया हमले को अंजाम, सुरक्षा बल और एनआईए की टीम तलाशी में जुटी

**अमृत विचार :** वैष्णो देवी जा रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमले की जांच एनआईए ने शुरू कर दी है। रविवार शाम हमले के दौरान बस खाई में जा गिरी थी। इस हमले में 9 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा घायल हैं। मृतकों में दो और घायलों में 34 उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। बस पर की गई अंधाधुंध फायरिंग में 12 लोगों से ज्यादा को आतंकियों की गोलियां लगीं। गोली लगने से चालक समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि गोली लगने से घायल 9 लोग जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती हैं। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मेडिकल कालेज का दौरा किया और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए 10-10 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा आतंकियों की तलाश की जा रही है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

सुरक्षा बल आतंकियों की तलाश में जंगल छान रहे हैं। ड्रोन की मदद ली जा रही हैं। एनआईए की टीम जिला रियासी पहुंच गई है। फोरेंसिक टीम ने भी नमूने लिए हैं। उधमपुर रियासी रेंज के डीआइजी रईस मौहम्मद भट ने बताया आतंकी हमले के संबंध में कुछ सुराग मिले हैं, उसके बाद 11 टीमें बनाकर तलाशी शुरू कर दी है। सुरक्षाबलों को सुराग मिला है कि हमले को चार आंतकियों ने अंजाम दिया और हमले के बाद जंगल में भाग गये। आतंकियों ने सोची समझी साजिश के बस के सामने आकर फायरिंग। ड्राइवर की गोली लगने से मौत हो गई और बस खाई में जा गिरी। हमले के दौरान दो आतंकी बस पर गोलियां बरसा रहे थे और दो अन्य उनको कवर कर रहे थे। हमले के बाद क्षेत्र में अलर्ट कर दिया गया है। वैष्णो देवी धाम और अमरनाथ धाम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार को तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले के बाद तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ जम्मू जोन के एडीजी आनंद जैन। ● एजेंसी

### मृतकों में तीन लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले

मृतकों में रियासी निवासी चालक विजय, परिचालक अर्जुन, जिला बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) के निवासी अनुराग वर्मा, रूबी, सौरभ गुप्ता, राजस्थान निवासी टीटू, ममता, राजेंद्र प्रसाद, पूजा शामिल हैं। इसके अलावा 9 लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। बस के खाई में गिरने के कारण 31 अन्य घायल हैं। गंभीर घायलों को जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

## सात राज्यों की 13 विस सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। 10 जुलाई को मतदान और मतगणना 13 जुलाई को होगी। जिन सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं उनमें रूपौली (बिहार), रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला (प. बंगाल), विक्रवंडी (तमिलनाडु), अमरवाड़ा (मप्र), बद्रीनाथ और मंगलौर (उत्तराखंड), जालंधर पश्चिम (पंजाब) और देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ (हिमाचल प्रदेश) शामिल हैं। चुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी।

# घाघरा नदी में एक ही परिवार के पांच लोग डूबे, चार की मौत

संवाददाता लखीमपुर खीरी/निघासन

- रील बनाते समय नदी में गिरे बच्चे को बचाने में हुआ हादसा, मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल

**अमृत विचार :** जिले में सोमवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। पढ़ुआ क्षेत्र के गांव बोकरिहा के निकट घाघरा नदी पर रील बनाते समय पैर फिसलने से दस साल का कान्हा नदी में गिर गया। उसे बचाने में एक-एक कर परिवार के चार सदस्य डूब गए। गोताखोरों ने पांचों को बाहर निकाला, जिनमें चार को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।

मोहल्ला ईदगाह निवासी सुशीला उर्फ पच्चो (45) थाना पढ़ुआ के गांव तेलियार स्थित अपने मायके में भाई बृजेंद्र श्रीवास्तव के घर आईं थीं। सोमवार तड़के पांच बजे कार से सुशीला भतीजों व भतीजियों के साथ गांव बकरहिया के निकट घाघरा नदी पर गए थे। टिया (17), कान्हा (10), नैनी (13), सत्यम (26) समेत सात लोग साथ थे। सभी कान्हा को नदी के किनारे खड़ा कर रील बना रहे थे। तभी कान्हा नदी में जा गिरा। उसे बचाने में पांचों लोग डूब गए। लोगों ने हादसे की सूचना गांव तेलियार निवासी बृजेंद्र श्रीवास्तव और पुलिस को दी। पुलिस नदी से पांचों को निकलवाकर सीएचसी रमियाबेहड़ ले गई जहां डॉक्टर ने सुशीला देवी, सत्यम, प्रिया व कान्हा को मृत घोषित कर दिया, जबकि नैनी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि रील बनाने के दौरान हादसा हुआ है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री के काफिले पर हमला, एक जवान घायल

- सुरक्षा बलों शुरू किया तलाशी अभियान

**इंफाल।** उग्रवादियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अग्रिम सुरक्षा काफिले पर कांगपोकपी जिले में घात लगाकर सोमवार को हमला कर दिया, जिसमें एक जवान घायल हो गया। काफिला हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले की ओर जा रहा था तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कोटलेन गांव के पास सुबह साढ़े दस बजे हमला हुआ। पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों के वाहनों पर कई गोलियां दागी गईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। काफिले के एक वाहन के चालक के दाहिने कंधे पर गोली लगी है और उसे इंफाल के अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बल राजधानी इंफाल से करीब 36किमी. दूर हुए हमले की जगह पर पहुंच गए हैं और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अभी दिल्ली से इंफाल नहीं पहुंचे हैं। वह जिले में स्थिति का जायजा लेने के लिए जिरीबाम जाने की योजना बना रहे थे। उग्रवादियों ने शनिवार को जिरीबाम में दो पुलिस चौकियों, वन विभाग कार्यालय, 70 मकानों में आग लगा दी थी।

# छत्तीसगढ़ में जिलाधिकारी आफिस पर पथराव, कई वाहन जला दिए

बलौदाबाजार, एजेंसी

- प्रदर्शन के दौरान हिंसक हुआ सतनामी समाज का आंदोलन
- बलौदा बाजार जिले में जैतखंभ में की गई थी तोड़फोड़

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में धार्मिक स्तंभ को क्षति पहुंचाने के विरोध में सतनामी समाज का आंदोलन सोमवार को हिंसक हो गया। आंदोलनकारियों ने कई वाहनों को आग लगा दी और सरकारी कार्यालय में तोड़फोड़ की। 15 और 16 मई की रात को अज्ञात लोगों ने बलौदाबाजार के गिरौदपुरी धाम में अमर गुफा स्थित सतनामी समाज के पूजे जाने वाले जैतखंभ में तोड़फोड़ की थी।

इसके विरोध में सतनामी समाज ने सोमवार को दशहरा मैदान में विरोध-प्रदर्शन और डीएम कार्यालय के घेराव का आह्वान किया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कई स्थानों पर अवरोधक लगाए थे। बलौदाबाजार एसपी सदानंद कुमार ने बताया कि सतनामी समाज ने शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया था, लेकिन वह हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया और अवरोधक तोड़कर जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय में घुस गए।

उन्होंने कार्यालय भवन पर पथराव किया और वहां खड़े वाहनों को आग लगा दी। कुमार ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में प्रदर्शनकारी वाहनों और एक भवन में आगजनी करते दिख रहे हैं और दमकल विभाग के वाहन को भी आग लगा रहे हैं। वीडियो में प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों में झड़प भी दिख रही है। राज्य सरकार ने पहले ही जैतखंभ की तोड़फोड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारी ने बताया कि विभिन्न संगठनों और सतनामी समाज की मांग पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

### खोज | पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों ने विकसित की 15 प्रतिशत तक अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियां

# किसानों को मालामाल करेंगी सोयाबीन की दो नई प्रजातियां

मृगांक मौली, पंतनगर

**अमृत विचार :** विभिन्न फसलों की उन्नतशील किस्में विकसित कर देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने वाले जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक और कारनामा कर दिखाया है। वैज्ञानिकों ने अखिल भारतीय सोयाबीन समन्वित शोध परियोजना के मुख्य सोयाबीन प्रजनक डॉ. कामेंद्र सिंह के निर्देशन में पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों के लिए सोयाबीन की दो नई प्रजातियां (पंत सोयाबीन-25 एवं पंत सोयाबीन-26) विकसित की हैं। इन दोनों प्रजातियों को केंद्रीय विमोचन समिति की ओर से विमोचित कर दिया गया है।

पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अब तक सोयाबीन की 24 प्रजातियां विकसित की हैं, जो देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में किसानों द्वारा सफलतापूर्वक उगाई जा रही हैं। प्रजनक टीम में शामिल डॉ. पीएस शुक्ल, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह व डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि नई विकसित प्रजातियों की प्रमुख विशेषता है कि वह पूर्व में विकसित किस्मों से 10-15 प्रतिशत अधिक उत्पादन क्षमता के साथ विषाणु रोग रोधी हैं। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह और निदेशक शोध डॉ. एएस नैन ने वैज्ञानिकों की इस सफलता पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रजातियां किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।



"अखिल भारतीय सोयाबीन समन्वित परियोजना के अंतर्गत अब तक सोयाबीन की 24 प्रजातियां विकसित हो चुकी हैं। वर्तमान में पंत सोयाबीन-25 प्रजाति उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों तथा पंत सोयाबीन-26 मैदानी व भावर क्षेत्र के किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगी। इससे किसान 10-15 प्रतिशत अधिक उत्पादन ले सकेंगे। - **डॉ. कामेंद्र सिंह**, मुख्य प्रजनक सोयाबीन-पंतनगर विवि

### सोयाबीन की नई प्रजातियों की यह है विशेषता





**पंत सोयाबीन-25 :** यह किस्म (पीएस-1042 × एमएसीएस-450) × (पीएस-1024 × पीएस-1241) के बहुसंकरण से वंशावली विधि द्वारा विकसित की गई है। यह किस्म भारत के उत्तर पर्वतीय क्षेत्र (हिमाचल व उत्तराखंड) के लिए उपयुक्त है। इसमें प्रोटीन एवं तेल की मात्रा क्रमशः लगभग 40-41 एवं 18-19 प्रतिशत होती है। यह किस्म 118-120 दिन में पक कर तैयार होती है तथा इसकी उत्पादन क्षमता 30-35 कुंतल प्रति हेक्टेयर है।





**पंत सोयाबीन-26 :** यह किस्म (पीएस-1092 × पीएस-1042 × पीएस-1241) के संकरण से वंशावली विधि द्वारा उत्तरी मैदानी क्षेत्र (पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश (बुंदेलखंड को छोड़कर) और उत्तराखंड के तराई व भावर क्षेत्र) के लिए विकसित की गई है। इसमें प्रोटीन एवं तेल की मात्रा क्रमशः लगभग 40-41 एवं 17-18 प्रतिशत है।

## एक नजर

### मादक पदार्थों के तीन तस्कर सोनभद्र में गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले बिहार निवासी दौलात राज, विपिन चौधरी और उन्नाव निवासी अमित को सोनभद्र की कोतवाली रार्बट्सगंज अर्न्तगत स्थित हिन्दूआरी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया है, इनके पास से 95.20 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक जुलाई से

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि वेक्टर जनित रोग, संचारी रोग और दिमागी बुखार की रोकथाम व इलाज के प्रबन्धन के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का दूसरा चरण जुलाई में शुरू होगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान से 31 जुलाई तक और दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलेगा।

# अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय के प्रबंधकों ने किया प्रदर्शन

**20** सूत्रीय मांगों को लेकर अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक सभा में आक्रोश

**75** जनपदों के प्रबंधकों ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

**06** माह पहले भी मांगों को लेकर कर चुके हैं प्रदर्शन चुनाव के चलते कर दिया था स्थगित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर प्रदर्शन करते अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक सभा के बैनर तले विद्यालय प्रबंधकों ने हजरतगंज स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रबंधकों ने अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की।

धरने पर बैठे प्रबंधकों के साथ कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि 6 महीने पहले भी हम अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। फिर चुनाव के कारण उसे स्थगित करना पड़ गया था। तब अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि सुनवाई होगी। मगर हमारी की सुनवाई नहीं हो रही है। महासचिव मनमोहन तिवारी ने कहा कि 20 सूत्रीय मांगपत्र को लेकर उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों से अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक एकत्रित हुए हैं। सभी का कहना है कि जिस तरह से हमारी बातों को नजरअंदाज किया जा रहा। वह सरासर गलत है।

अरविंद कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि फील्ड में जनपद स्तर पर तैनात डीआईओएस और मंडलीय जेडी द्वारा शासनादेश और विभागीय परिपत्रों की उपेक्षा करते हुए प्रबंधकों को निशाना बनाकर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने डीआईओएस समेत अन्य कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर आवाज उठाई। मगर उसकी भी सुनवाई नहीं हो रही है। मनमोहन तिवारी ने कहा कि अगर जल्दी हमारी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो हम लोग सड़कों पर उतरकर लगातार विरोध-प्रदर्शन करेंगे।

# विद्यालयों में शीघ्र बांटे जाएंगे 51,667 टैबलेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्य सचिव ने शिक्षा परियोजना परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक में योजना पर दी सहमति

**अमृत विचारः** राज्य सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश के विद्यालयों में शीघ्र ही 51,667 टैबलेट बांटे जाने की तैयारी है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर ने इस संबंध में खरीद की अनुमति दे दी है। मुख्य सचिव ने सोमवार को लोकभवन में सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक में यह जानकारी साझा की।

बैठक में प्राथमिक विद्यालयों के उपयोग के लिए 10,375 टैबलेट और 8778 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए 17556 टैबलेट खरीदने पर मंजूरी दी गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10,000 रुपये प्रति इकाई की दर से 11,868 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए 23,736 टैबलेट खरीदने का काम यूपी डेस्को या विभाग को करना होगा।

इस दौरा मुख्य सचिव ने कहा है कि परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने को प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाये जाएं। बैठक में प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डा. एमकेएस सुन्दरम, सचिव नियोजन अनुराग यादव, महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आवंटित खाली भूमि और सिक यूनिट को चिन्हित कर उपयोग में लाएं

## मुख्यमंत्री ने उप्र. को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने पर की चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को लेकर मंत्रियों के साथ बैठक करते योगी।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेशकों को पूर्व में आवंटित ऐसी भूमि को चिन्हित करने के निर्देश अपने अधिकारियों को दिए हैं जिसका सदुपयोग नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने राज्य की 'सिक यूनिट' की भी पहचान कर उनके सदुपयोग के बारे में निर्णय लेने की उम्मीद भी की है। योगी के मुताबिक इन दोनों सुझावों का ध्यान रखते हुए इंडस्ट्रियल क्लस्टर की कार्ययोजना को आगे बढ़ाया जाए।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को एक बैठक में उप्र. को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए कई संकल्पों पर मंत्रणा की। शास्त्री भवन सचिवालय में नियोजन विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रियों के साथ ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था पर जारी प्रयासों, अब के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। इस उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत सभी विभागों के मंत्रीगण व प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव और कंसल्टिंग एजेंसी डेलॉयट इंडिया ने विस्तार से राज्य के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते 07 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उप्र. की अर्थव्यवस्था आज सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। वर्ष 2020-21 में राज्य की जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी, जो अब 2023-24 में 25.48 लाख करोड़ हो गई है। राष्ट्रीय आय में प्रदेश 9.2 फीसद का योगदान कर रहा है। उप्र. आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है।

### वृद्धि दर दोगुने से अधिक बढ़ाना होगा

2021-22 से 2023-24 के बीच उप्र. का कम्पाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) लगभग 15.7 प्रतिशत दर्ज किया गया है। यह स्थिति उत्साहजनक है। साल 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था (ओटीडीई) का लक्ष्य पूरा करने के लिए अगले पांच सालों में हमें अपनी वृद्धि दर को दोगुने से अधिक बढ़ाना होगा। सभी विभागों को अपने प्रयास तेज करने होंगे।

### महाकुंभ अर्थव्यवस्था में असर डालने वाला होगा

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। सात साल में बढ़ा हुआ टूरिस्ट फुटफॉल लोकल इकॉनमी को बढ़ावा देने वाला है। अगले साल प्रयागराज महाकुंभ का आयोजन है। करोड़ों लोगों का आगमन होगा। यह पूरे प्रदेश की अर्थव्यवस्था में बड़ा असर डालने वाला होगा। घरेलू पर्यटकों के साथ-साथ हमें विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनानी होगी।

### अगले जीबीसी की तैयारी करनी चाहिए

मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों में से 10 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतरी जा चुकी हैं। शेष एमओयू की समीक्षा करें, निवेशकों से संवाद करें। हमें यथाशीघ्र अगले जीबीसी की तैयारी करनी चाहिए। निवेशकों से संपर्क-संवाद का क्रम जारी रखना चाहिए।

### इन बिन्दुओं पर भी हुई चर्चा

- अकेले 12.7 लाख रु. करोड़ के एमओयू मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए हुए हैं।
- इंडस्ट्रियल पॉवर कंजप्शन में 6.8 फीसद की वृद्धि हुई है।
- 2023-24 में पंजीकृत कुल (कॉमर्शियल) वाहनों में 36.7 फीसद की वृद्धि हुई
- देश में कुल पंजीकृत वाहनों में उप्र. की हिस्सेदारी 12.7 फीसद है।
- बेरोजगारी दर 2017-18 में जहां 6.2 फीसद थी आज 2.4 फीसद रह गई
- भारत सरकार की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पर्यटक आगमन वाला प्रदेश हो गया है।

# 124 राजस्व अधिकारियों को नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राजस्व वाद के निपटारे में हीलाहवाली समेत अन्य लंबित मामलों के तहत हुई कार्रवाई

**अमृत विचारः** राजस्व परिषद ने विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले 124 राजस्व अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। रियल टाइम खतौनी की निराशाजनक उपलब्धि, स्वामित्व योजना (घरौनी) दयनीय स्थिति, राजस्व वादों के निपटारे में हीलाहवाली समेत अन्य लंबित मामलों में राजस्व परिषद अध्यक्ष रजनीश दुबे के निर्देश पर इन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

राजस्व परिषद की बैठक में सोमवार को 30 जून तक पूरे राज्य में में ई-खतौनी (रियल टाइम खतौनी) का कार्य पूरा करने की अवधि तय की गई। उद्योगों से जुड़े भू-परिवर्तन के मामले भी इसी समयसीमा तक निपटाए जाएंगे। बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड के जिलों की समीक्षा के दौरान स्वामित्व योजना (घरौनी) में 13 जिलों की स्थिति खराब पाई गई है। इस प्रकरण में संबंधित जिलों के नोडल अपर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। रियल टाइम खतौनी में असंतोषजनक प्रगति के कारण 62 अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया। राजस्व वादों के निपटारे में लापरवाही बरतने वाले सी श्रेणी के 26 अपर जिलाधिकारियों, सात उप जिलाधिकारियों, सात तहसीलदारों और नौ नायब तहसीलदारों को भी अध्यक्ष रजनीश दुबे के निर्देश पर आयुक्त और सचिव राजस्व परिषद द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### 30 तक ई-खतौनी का कार्य पूरा करने के निर्देश

मध्य एवं पूर्वी उप्र. के 36 जिलों के अपर जिलाधिकारियों व मुख्य राजस्व अधिकारियों के साथ बैठक में राजस्व परिषद अध्यक्ष ने 30 जून तक सभी जिलों में ई-खतौनी का कार्य पूरा करने की हिदायत दी। समीक्षा में प्रयागराज और वाराणसी जिले की स्थिति भी असंतोषजनक पाई गई। उद्योगों से जुड़े भू-परिवर्तन के लंबित मामलों की समीक्षा के क्रम में लखनऊ, प्रयागराज और बाराबंकी जिले की स्थिति खराब पाई गई। ऐसे सभी मामलों को 30 जून तक निपटाने का निर्देश दिया गया है। इन जिलों में पैमाइश के मामलों को मौके पर कोर्ट लगाकर निपटारे का निर्देश दिया गया है।

## पशुपालन विभाग को जारी हुए 21 करोड़ 54 लाख

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में गौवंश समेत पशुओं के इलाज में दवा समेत संसाधनों की कमी नहीं होगी। इसके लिए राज्य सरकार ने पशुपालन विभाग को 21 करोड़ 54 लाख का भारी भरकम बजट जारी किया है।

विशेष सचिव, उप्र.शासन अमरनाथ उपाध्याय ने सोमवार को रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र के निदेशक को 21 करोड़ 54 लाख 40 हजार रुपए का बजट जारी कर निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बजट से पशुओं के उपचार संबन्धी संसाधनों की आपूर्ति की जाए, बजट में सात करोड़ 10 लाख रुपयों से पशुओं के लिए दवाएं खरीदी जाएंगी, चार करोड़ 40 लाख रुपए वाहन पद में जारी किए गए हैं, 77 लाख में विभाग में चिकित्सकीय उपकरण व मशीनें खरीदी जाएंगी।

## केंद्रीय मंत्रियों को दायित्व मिलने की दी बधाई

**अमृत विचार, लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवगठित मोदी सरकार में मंत्रीगण को सोमवार को मंत्रालय का दायित्व मिलने पर बधाई दी।

उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि, प्रधानमंत्री मोदी का यह तीसरा कार्यकाल, निःसंदेह 140 करोड़ भारतवासियों की आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरी करने वाला होगा। आप सभी की ऊर्जा, अनुभव, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र प्रथम की भावना आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत'' के विराट संकल्प की सिद्धि में सहायक होगी।

# अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा गंगा एक्सप्रेस-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




समझौते के दौरान औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचारः** गंगा एक्सप्रेस-वे अत्याधुनिक नवीनतम तकनीक से लैस होगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने ईटीएच-स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ज्यूरिख और आरटीडीटी लैबोरेट्रीज एजी के साथ सोमवार को समझौते पर हस्ताक्षर किए।

प्रदेश में यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे को अत्याधुनिक नवीनतम तकनीक से सुसज्जित कर यातायात को सुगम बनाने की तैयारी चल रही है। इसी के तहत समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि समझौते के तहत किया जाने वाला कार्य एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता, मार्गों को बेहतर बनाने व अन्य सुविधाओं के आकलन में 'गेम चेंजर' साबित होगा। ईटीएच ज्यूरिख के स्ट्रक्चरल मैकेनिक्स की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. एलेनी चैट्ज़ी ने कहा कि प्रदेश अपने एक्सप्रेसवे में इस तकनीक को लागू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है।



भेंट के दौरान केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को पुष्पगुच्छ देते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

## योगी ने राजनाथ, शाह व गडकरी से की मुलाकात

**अमृत विचार, लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी से सोमवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। भाजपा के तीनों नेताओं ने रविवार को मोदी-3.0 में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। 2024 लोकसभा चुनाव जीतने के बाद तीनों वरिष्ठ नेताओं से योगी आदित्यनाथ की यह पहली मुलाकात है।

योगी रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे और बाद में नई दिल्ली में ही रात्रि विश्राम किया। सोमवार की सुबह उन्होंने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व नितिन गडकरी से मुलाकात कर तीनों नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल होने की शुभकामना दी।

## एयर कमोडोर प्रशांत ने संभाली कमान

**अमृत विचार, लखनऊः** एयर कमोडोर प्रशांत ने सोमवार को आयोजित एक समारोह परेड में वायु सेना स्टेशन गोरखपुर की कमान संभाली है। ये चार्ज उन्हें एयर कमोडोर मनीष सहदेव ने सौंपा।

लखनऊ मध्यकमान के प्रवक्ता शांतनु प्रताप ने बताया कि एयर कमोडोर प्रशांत को जून 1996 में भारतीय वायु सेना की लड़ाकू शाखा में नियुक्त किया गया था। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज वेलिंगटन के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने जगुआर, एलसीए तेजस, एमआईजी-21, एमआईजी-29, किरण, पिलाटस, दीपक और कई अन्य विमान उड़ाए हैं। वायु अधिकारी के पास 3700 घंटे से अधिक की दुर्घटनामुक्त उड़ान का श्रेय है।

# इस माह सभी क्षेत्रों को मिलेगी 24 घंटे बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ शासन ने लिखा पावर कॉरपोरेशन को पत्र, मुख्यमंत्री का निर्देश लागू करने को कहा

▸▸ ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भी समीक्षा बैठक में दिए थे निर्देश

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जून भर प्रदेश के सभी क्षेत्रों को चौबीस घंटे बिजली मिलेगी। शासन ने इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को निर्देश जारी किया है। प्रमुख सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण की ओर से इस आशय का पत्र कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को भेजा गया है। पत्र में मुख्यमंत्री के निर्देश का हवाला दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार भेजे गये पत्र में कहा गया है कि हर हाल में सभी लोगों को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय, ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बिजली अधिकारी जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं के फोन जरूर 'रिसीव' करें। बिजली आपूर्ति बंद होने के दौरान जनप्रतिनिधियों व मीडिया प्रतिनिधियों को यथास्थिति से अवगत कराया जाय। पत्र में मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक का उल्लेख किया गया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ता प्रतिनिधियों के फोन के विभागीय अधिकारियों के न उठाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई है।

शासन ने बिजली आपूर्ति बाधित होने के दौरान लोगों का फोन 'रिसीव' कर उन्हें यथास्थिति से अवगत कराने व समस्या का निस्तारण करने को कहा गया है। पिछले दिनों ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने भी समीक्षा बैठक में वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को पूरे प्रदेश में हर हाल में लोगों को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने निर्धारित समय में बिजली आपूर्ति की समस्या दूर करने को कहा था। साथ ही, दो घंटे से ज्यादा की अवधि तक 'शटडाउन' न लिये जाने का निर्देश दिया था।

### जूझ रहे बिजली संकट से

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार स्थानीय खराबी के कारण राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में बिजली संकट का कहर बना हुआ है। खराबियों के समय पर दूर न होने के कारण लोगों को घंटो बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। कई उत्पादन इकाइयों के बंद होने के दौरान एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर मांग को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, पर स्थानीय खराबी पर प्रभावी अंकुश न लग पाने के कारण लोगों को समुचित बिजली नहीं मिल पा रही है।

## बुजुर्ग की मौत मामले में अवर अभियंता निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : लखीमपुर में करंट से बुजुर्ग की मौत मामले में बिजली अवर अभियंता देवतादीन को निलंबित कर दिया गया है, जबकि संविदा पर कार्यरत लाइनमैन पुष्पेंद्र कुमार की सेवा समाप्त कर दी गई है। इसके अलावा क्षेत्र के अधिशासी अभियंता व उपखंड अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार कारपोरेशन के निर्देश पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने यह कार्रवाई की है। इसके अलावा प्रकरण की जांच के लिए विभागीय जांच शुरू हो गई। मालूम हो कि पिछले दिनों लापरवाही के कारण 60 वर्षीय रामपाल भार्गव की बिजली लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई थी।

# आशिक मिजाज पुलिसवालों के कारण विभाग हो रहा बदनाम

डीपी शुक्ल, लखनऊ

**अमृत विचारः** कहने को तो जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस के कंधे पर है, लेकिन महकमे में मौजूद कुछ लोग वर्दी पर दाग लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी के बार-बार निर्देश देने के बाद भी कुछ पुलिसकर्मी अपना आचरण नहीं सुधार पा रहे हैं। इन पर भ्रष्टाचार व मारपीट करने का आरोप लगता रहता है। शासन की तरफ से आए दिन महिलाओं के प्रति सम्मान देने की बात कही जाती है, परंतु सम्मान देने की बात तो दूर, थाने में गाली गलौज का उन्हें शिकार होना पड़ता है। बस्ती जिले के सीओ सिटी विनय चौहान पर लगे आशनाई का आरोप पहली घटना नहीं है, इस तरह के पहले भी कई पुलिसजनों पर गम्भीर आरोप लगते आये हैं। प्रदेश में खाकीधारियों की शिकार हुई कई युवतियों की दास्तान पूर्व समय से सुनने को मिलता रहा है। पुलिस विभाग में आशनाई का रंग सिपाही से लेकर एडीजी स्तर के अधिकारियों तक चढ़ा है।

वहीं ऐसे मामलों में पुलिस के अधिकारी बात करने से कतराते हैं लेकिन उनका यह जरूर कहना होता है कि इन प्रकरणों में बड़े अधिकारी तो अक्सर बच जाते हैं लेकिन छोटे कर्मियों कर गाज गिरती है जो कि पूर्ण रूप से न्यायसंगत नहीं है।



### ये मामले रहे चर्चा में, विभाग की हुई किरकिरी

अभी हाल में ही केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर गये एक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजी को गृह मंत्रालय ने समय से पहले ही उनकी आशिक मिजाजी के कारण यूपी वापस भेज दिया। बताया जाता है कि एडीजी का मन गुवाहाटी एअरपोर्ट पर एक युवती को देखते ही मचल उठा और वह उसका हाथ पकड़कर प्यार का इजहार कर बैठे। युवती की लिखित शिकायत पर उक्त एडीजी के खिलाफ जांच हुई तो मामला सही पाया गया। बताया जाता है कि एडीजी के माफी मांगने पर युवती ने अपनी शिकायत वापस ले ली थी। इसी तरह का एक मामला सोशल मीडिया में खूब फैला। बताया जाता है कि उन्नाव जनपद में तैनात एक सीओ साहब प्रेमिका सिपाही के साथ कानपुर के एक होटल में जाकर ठहरे। इस होटल में सिपाही के निर्वस्त्र नहाते सीओ का वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक जिले में जहां थाने में दुष्कर्म की रिपोर्ट लिखाने आई युवती के साथ दरोगा जी ने अपना मुंह काला किया। वहीं, राजधानी के अलीगंज में तैनात एक दरोगा जी ने तो अपने हाथ पर ही अपनी प्रेयसी सिपाही का नाम गोदवा लिया था। इसी तरह विजिलेंस के इंस्पेक्टर महेश दुबे जो लखनऊ के कृष्णा नगर व मोहनलालगंज प्रभारी रहे हैं, पर विकास नगर की रहने वाली एक महिला ने गर्भवती करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई। इसी तरह का एक और मामला लखनऊ के विभूति खंड में दर्ज कराया गया। यहां शोध छात्रा ने सिपाही विवेक सिंह सिसोदिया पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया। इसी क्रम में जनपद मुरादाबाद के सिविल लाइन में सेवानिवृत्ति एक सीओ पर रिवाल्वर के बल पर दुराचार करने का आरोप लगा। 8 मई 2023 की रात्रि घटना का समय बताते हुए महिला ने सीओ और उनके परिजनों पर एफआईआर दर्ज कराई। एक और मामला मुरादाबाद जनपद में ही सुनने को मिला। बताया जाता है कि अमरोहा में तैनात एक महिला सिपाही से दारोगा ललित चौधरी द्वारा दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगा। इसी तरह सुल्तानपुर की शहर कोतवाली में सेवानिवृत्त एक डीआईजी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। इसके अलावा राजकीय रेलवे में तैनात एक बड़े अफसर पर पुलिस अधीक्षक स्तर की महिला आईपीएस अफसर ने उत्पीड़न का आरोप लगाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। हालांकि आरोपों की जांच डीजी स्तर की महिला अधिकारी को सौंपी गई। बताते है कि आरोपी अधिकारी का तो कुछ नहीं बिगड़ा, मगर पुलिस अधीक्षक को ही अपने पद से हटना पड़ा।



आशिक मिजाज के पुलिस वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वह भी ऐसी कार्यवाई हो, जो नजीर बने। बस्ती में तैनात सीओ ने महिला के साथ गलत काम भी किया और वर्दी का दुरुपयोग करते हुए महिला को बंद भी करवा दिया। इस घटना की शीघ्र जांच कराकर दोषी सीओ पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

– बृजलाल, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक उप्र. व राज्यसभा सांसद



मामले की जांच शीघ्र कराकर दोषी सीओ पर कठोर से कठोर कार्यवाई होनी चाहिए। जांच में देरी होगी तो दोषी को संभलने का मौका मिलेगा। ऐसे में दोषी, पीड़िता को प्रलोभन देकर या उसे डरा-धमका कर जांच अपने पक्ष में करा सकता है, विभाग को ऐसे प्रकरणों के प्रति गंभीर होने की आवश्यकता है।

–सुलखान सिंह, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक उप्र.

# सीओ विनय चौहान को बस्ती से हटाया गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये बस्ती के सीओ सिटी विनय चौहान को हटाकर उन्हें डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं दूसरी तरफ आईजी रेन्ज ने सीओ के निलम्बन की संस्तुति करते हुए डीजीपी मुख्यालय को पत्र लिखा है।

जानकारी के अनुसार बस्ती में तैनात सीओ विनय चौहान को हटाकर उन्हें डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। बताया जाता है कि सीओ विनय चौहान के निलम्बन की संस्तुति करते हुए आईजी रेन्ज बस्ती ने डीजीपी मुख्यालय को पत्र लिखा है।

उल्लेखनीय है कि सीओ विनय चौहान गत दिनों अपने सरकारी आवास में अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये थे। दोनों को रंगेहाथ पकड़ने के बाद सीओ की पत्नी और बेटी ने जमकर पिटाई की थी। इस मामले में सीओ की प्रेमिका ने सीओ विनय चौहान, उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है।

### दो और पुलिस उपाधीक्षकों के तबादले

तबादले के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक कुंवर प्रभात सिंह को रेलवे वाराणसी से हटाकर जनपद बस्ती और डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध श्यामजीत प्रमिला सिंह को पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी के पद पर भेजा गया है।

**आज का मौसम**

गर्मी से अभी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।



45.0° अधिकतम तापमान | 32.0° न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### मारपीट में पूर्व प्रधान घायल

**डीह, रायबरेली।** पुरानी रंजिश में घर पर लेटे पूर्व प्रधान पर एक व्यक्ति ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज किया। पीड़ित को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। नरायनपुर निवासी पूर्व प्रधान ओमप्रकाश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रविवार की देर रात वो चारपाई पर लेटा हुआ था, तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कृष्णा प्रसाद ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर घायल पूर्व प्रधान को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। इस बारे में थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### दो घर से नकदी व जेवर चोरी

**डीह, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत अज्ञात चोरों ने दो घरो में दीवार फांदकर दाखिल हो गये और बक्सों को खेत में ले जाकर खोला और नगदी और जेवर लेकर फरार हो गए सुबह जानकारी होने पर हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया पीड़ितों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। पीड़ितों के अनुसार चार लाख की चोरी हुई है। ग्राम रोखा में सलमान और जमशेर के घर में रविवार की रात दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए चोरो ने चार बक्से मकान के पीछे खेत में उठा ले गये और बक्सों को खोलकर सलमान के घर से 40 हजार की नगदी सहित हार, झुमकी सहित दो लाख का माल पार कर दिया इसी तरह जमशेर के घर से 20 हजार नकदी और सोने का हार, झुमकी, अगूठी सहित दो लाख का माल पार कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 15 जून को

सरेनी, रायबरेली। नीबी गांव के जूनियर हाईस्कूल परिसर में आगामी 15 जून को दिन शनिवार को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी शिविर के संयोजक सुन्दर सिंह सिकरवार ने दी है। श्री सिंह ने बताया है कि शिविर में मरीजों के आंखों की जांच नि:शुल्क होगी व चिन्हित मरीजों के मोतियाबिंद के आपरेशन व लेन्स प्रत्यारोपण भी नि:शुल्क होगा।

### डीबीटी व एनपीसीआई न होने से रुक जायेगी पेंशन

रायबरेली। जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों का निदेशालय द्वारा आधार बेस्ड पेमेंट किया जाना है। जिन लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी, एनपीसीआई नहीं होगा उन लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

### एक दिवसीय रोजगार मेला 13 जून को

रायबरेली। जिला सेवायोजन कार्यालय के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ''मिशन रोजगार'' के अंतर्गत, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊंचाहार में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 13 जून 2024 को किया जा रहा है। रोजगार मेले में लगभग पांच कम्पनियों द्वारा टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल पदों पर योग्यतानुसार चयन किया जाएगा। जिसमें आयु 18 से 30 वर्ष के अभ्यर्थी हाई स्कूल, इंटर, स्नातक व आईटीआई योग्यता के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं।

# राहुल की जीत के बाद कांग्रेस का कार्यकर्ता आभार सम्मेलन आज

## सोनिया गांधी के साथ रहेगा गांधी परिवार, भुएमऊ गेस्ट हाउस में होगा कार्यक्रम, तैयारियां लगभग पूरी, पार्टी के वरिष्ठ नेता रहेंगे मौजूद

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** रायबरेली और अमेठी में कांग्रेस को मिली ऐतिहासिक जीत के बाद जहां कार्यकर्ताओं में उत्साह है वही शीर्ष नेतृत्व के साथ गांधी परिवार भी गदगद है।

इसी के तहत पार्टी द्वारा कार्यकर्ता आभार समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी आभार कार्य्रकम के बहाने गांधी गांधी परिवार एक बार फिर अपने रिश्तों को मजबूत करेगा। आज होने वाले कार्यक्रम में पार्टी की संसदीय दल की अध्यक्ष व रायबरेली की पूर्व सांसद सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के अलावा और अमेठी के नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा रहेंगे। किशोरी लाल शर्मा ने अमेठी से स्मृति ईरानी को हराकर भारतीय जनता पार्टी से सीट छीन कर कांग्रेस को दिया है।

भुएमऊ गेस्ट हाउस में होने वाले कार्यक्रम को लेकर कांग्रेसियों ने तैयारी को अंतिम रूप दे दिया है। दोपहर बाद शुरू होने वाले आभार कार्यक्रम में कांग्रेसियों के साथ गठबंधन के भी तमाम नेताओं की मौजूदगी रहेगी। कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए एक बार फिर किशोरी लाल शर्मा ने अपनी जिम्मेदारी उठा ली है।

सोमवार को नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा तिलक भवन स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने कार्यकर्ताओं मिलकर उनके कुशल क्षेम पूछा तो वही पार्टी नेताओं के बीच कार्यक्रम को लेकर चर्चा की।

गौरतलब है कि केएल शर्मा गांधी परिवार के करीबियों में रहे हैं और वह अभी तक सोनिया गांधी के प्रतिनिधि के तौर पर रायबरेली में काम करते रहे है।

### सांसद बाद में हूं पहले किशोरी...



**रायबरेली।** आभार कार्यक्रम के बहाने एक बार गांधी परिवार रायबरेली और अमेठी के लोगों के बीच अपने पुराने रिश्तों की डोर को और मजबूत करने का प्रयास कर रही है। रायबरेली में जिस तरीके से राहुल गांधी को ऐतिहासिक जीत मिली है उस जीत ने कांग्रेस को संजीवनी देने का काम किया है, तो वहीं अमेठी ने भी दोबारा कांग्रेस के जनाधार को वापस लौटा दिया है। अमेठी में सोनिया गांधी के सेनापति किशोरी लाल शर्मा (केएल शर्मा) ने जिस तरीके से स्मृति को हराया है। उसकी कल्पना तो शायद कांग्रेसियों ने भी नहीं की होगी। करीब 40 वर्षों से लगातार गांधी परिवार के लिए काम करने वाले मैनेजमेंट के माहिर केएल शर्मा ने अमेठी की धरती में पार्टी को ऐतिहासिक जीत दिलाकर सांसद बने हैं। कार्यकर्ता आभार कार्यक्रम में आने से एक दिन पूर्व रायबरेली पहुंचे नवनिर्वाचित सांसद किशोरीलाल शर्मा ने तिलक भवन में एक सवाल के जवाब में कहा कि वह सांसद बाद में है किशोरी लाल शर्मा पहले हैं। अपने इसी सहज और सरल अंदाज के लिए आम कार्यकर्ताओं के बीच में जगह बनाने वाले के एल शर्मा हमेशा गांधी परिवार के साथ आम जन के भी करीब रहे है।

# लकड़ी से लदा ट्रक पलटा

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां-मौरावा मार्ग पर खालेगांव के पास सोमवार की सुबह तकरीबन 11 बजे के आसपास अनियंत्रित होकर एक तेज रफ्तार लकड़ी लदा ट्रक पलट गया। ट्रक पलटने के बाद खाई किनारे खड़े जामुन के पेड़ के सहारे रुक गया। गनीमत यह रही की इस हादसे में ट्रक के चालक और परिचालक दोनों सुरक्षित बाहर निकल आए और किसी को कोई चोट नहीं आई विदित हो कि यह ट्रक लकड़ी लादकर लऊवा हड़हड़ा थाना मौरावा जनपद उन्नाव से सितारगंज उत्तराखंड जा रही था।

# जिम्मेदारों को नहीं सुनाई देती खनन में गरजने वाली जेसीबी की आवाज

## खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ा रहे खनन माफिया, शिवगढ़ के बरियारपुर का मामला

**शिवगढ़, रायबरेली**



बरियारपुर में अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्रॉली व जेसीबी मशीन।




जेसीबी के शीशे पर लगा पुलिस का लोगो।

**अमृत विचार।** खनन में लगी ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी के गरजने की आवाज खनन व पुलिस विभाग के जिम्मेदारों तक नहीं पहुंच रही है। शायद यही कारण है कि सूर्य अस्त होने के बाद खनन माफियाओं का खेल रात भर चलता रहता है। वहीं जिम्मेदार इस ओर नहीं देखते हैं, जिससे जाहिर है कि इस पूरे खेल के पीछे संबंधित विभाग की मिलीभगत होना लाजमी है।

थाना क्षेत्र के बरियारपुर में रविवार की देर शाम से लेकर सोमवार की सुबह तक जेसीबी मशीन व आधा दर्जन ट्रैक्टर ट्रालियों से अवैध भू-खनन चलता रहा। सबसे बड़ी बात है कि जिस जेसीबी मशीन से अवैध भू-खनन किया जा रहा था उसके शीशे पर पुलिस का लोगो लगा था जिस पर अंग्रेजी में पुलिस लिखा था। वहीं अवैध भू-खनन में लगी आधा दर्जन ट्रैक्टर ट्रालियों से नम्बर प्लेट गायब थी। जेसीबी मशीन से की गई खुदाई को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि करीब 350 से 400 ट्राली मिट्टी खनन की गई होगी। क्षेत्र के लोगों की मानें तो यह तो सिर्फ बानगी है, समूचे क्षेत्र में कहीं न कही भू-खनन चलता रहता है और यह सब सम्बंधित अधिकारियों की मिली भगत से होता है, इसी लिए भू-खनन माफिमाओं के हौंसले बुलन्द हैं। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

> जांच कराकर अवैध भू-खनन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही कराई जाएगी।
>
> **राजितराम गुप्ता, उप जिलाधिकारी, महराजगंज**

### पुलिस का लोगो लगा जेसीबी से हो रहा खनन

शिवगढ़ क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन में लगी जेसीबी में पुलिस का लोगो भी नजर आया। पुलिस का लोगा लगाकर क्षेत्र में जमकर धरती के कलेजे को छलनी किया जा रहा है। अवैध खनन माफियाओं द्वारा जेसीबी मशीन पर जिस तरीके से पुलिस के लोगो का इस्तेमाल किया गया है। इससे जाहिर है कि खनन माफियाओं और पुलिस की गठजोड़ का कोई तोड़ नहीं है। क्षेत्र में जेसीबी में लगे पुलिस लोगो की चर्चा सारा दिन रही। इससे यह साफ जाहिर होता है कि इस खनन के पीछे प्रभावशाली व्यक्ति के अलावां पुलिस महकमे का संरक्षण प्राप्त है।

# हैंडपम्प खराब होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली**



बदावर में वर्षों से खराब पड़ा इण्डिया हैंडपम्प।

**अमृत विचार।** ग्रामीणों की प्यास मिटाने के लिए लगे इण्डिया मार्का हैण्डपम्प वर्षों से खराब पड़े हैं। शुद्ध पेयजल के लिए ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। इसके बावजूद भीषण गर्मी में कोई इनकी सुध लेने वाला नहीं है।

क्षेत्र के ग्राम पंचायत बदावर में सुशीला देवी के दरवाजे लगा इण्डिया मार्का हैंडपम्प वर्षों से खराब पड़ा है। यह इंडिया मार्का हैण्डपम्प मिट्टी में दबा हुआ है। मोहल्लेवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरफ रहे हैं।

वहीं इसी ग्राम पंचायत के गुमान सिंह का पुरवा गांव में सड़क के किनारे लगा इण्डिया मार्का हैंडपम्प पिछले एक साल से खराब पड़ा है। जिसको लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए खराब पड़े इण्डिया मार्का हैंडपम्प को बनवाने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण रामनारायन, जीत बहादुर सिंह, अयोध्या प्रसाद, रामकुमार, महेश कुमार, सूरज ने बताया कि यह हैण्डपम्प पिछले एक साल से खराब पड़ा है। जिसके चलते ग्रामीणों एवं राहगीरों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

हैंडपम्प के खराब होने से ग्रामीण एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान के साथ ही संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, किन्तु किसी ने उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों का कहना था कि यदि जल्द ही हैंडपम्प बनवाया नहीं गया तो जिलाधिकारी से इसकी शिकायत करने के लिए वह लोग बाध्य होंगे।

> ग्राम पंचायत बदावर में इण्डिया मार्का हैंडपम्प खराब होने की जानकारी नहीं थी। ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित कर खराब पड़े हैंडपम्प बनवाए जाएंगे।
>
> **-साबिर अनवर, खण्ड विकास अधिकारी, शिवगढ़**

# सर्वर स्लो होने से राशन वितरण रुका, कोटेदारों से भिड़े लाभार्थी

**संवाददाता, ऊंचाहार**



तहसील में सर्वर की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते कोटेदार। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** आपूर्ति विभाग की ई-पास मशीन का सर्वर स्लो होने के कारण राशन वितरण का कार्य अटक रहा है। चालू महीने में कोटे की सभी दुकानों में राशन वितरण पूरा करने की कोशिश की गई, लेकिन सर्वर और तकनीकी खराबी के कारण वितरण कार्य नहीं हो पा रहा है। इस कारण परेशान राशन कार्डधारक कोटेदारों पर भी नाराजगी जता रहे हैं। गांव-गांव मारपीट तक की नौबत आ रही है। परेशान कोटेदारों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

शासन के निर्देश पर बीते शनिवार से क्षेत्र में खाद्यान्न वितरण शुरू हुआ है। क्षेत्र में 125 राशन की दुकानें है। ई-पास मशीन और वजन मशीन आपस में जुड़ी हुई है। कोटेदारों का कहना है कि ई-पास मसीन में सर्वर काम न करने के कारण वितरण का काम नहीं हो पा रहा है। लाभार्थी कोटे की दुकानों में बार-बार दस्तक दे रहे हैं, किंतु राशन न मिलने के कारण वह कोटेदारों से भिड़ रहे है, जिससे कई गांवों में मारपीट तक की स्थित बन जाती है। ब्लाक स्तर पर तैनात ऑपरेटर का कहना है कि यह समस्या ऊपर से है। ऐसी दशा में कोटेदार एक तरफ शासन की मंशा पूरी नहीं कर पा रहे हैं तो दूसरी ओर उन्हे लाभार्थियों के गुस्से का शिकार होना पड़ रहा है। सोमवार को तहसील मुख्यालय पहुंचे कोटेदारों ने इस आशय का एक ज्ञापन एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी को सौंपा है इस समस्या के तत्काल निराकरण की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में महेंद्र सिंह, सूरज पाल, सुनीता, मुन्नी देवी, राधेश्याम, रामफल, ऊषा देवी, संतलाल, राजरानी, राज कुमार, महेंद्र पांडेय, बुधराम, सुरेश कुमार, अमर जीत आदि मौजूद थे।

# जनता दर्शन की शिकायतों का तुरंत निस्तारण करें : एसडीएम

**संवाददाता, लालगंज, रायबरेली**



जनता दर्शन में पीड़ितों की फरियाद सुनते एसडीएम नवदीप शुक्ला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लालगंज तहसील का चार्ज संभालते ही एसडीएम नवदीप शुक्ला ने जनता दर्शन के पहले दिन फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि उनकी समस्या का निस्तारण करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने फरियादियों से यह भी कहा कि अब आपको टेलीफोन से मामले के निस्तारण की बात बताई जाएगी। अब बार-बार प्रार्थना पत्र देने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

सोमवार को पहले जनता दर्शन में एसडीएम ने एक दर्जन से अधिक लोगों की शिकायतों को सुना और उनमें से कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण भी कराया। वरासत खतौनी के लिए तहसील के चक्कर काट रहे अजीत कुमार ने बताया कि उनके पिता श्रीधर की मृत्यु हो गई थी। वह काफी दिनों से वरासत और खतौनी के लिए चक्कर काट रहे थे। सोमवार को जनता दर्शन में एसडीएम ने उनकी शिकायत को सुना और मौके पर ही कानूनगो रजिस्टार को बुलाकर वरासत कराई और खतौनी दिलाने का काम किया। एसडीएम ने कहा कि कोर्ट चलाने के लिए अधिवक्ताओं से सौहार्दपूर्वक बातचीत की जाएगी और कोर्ट चलाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे मुकदमा लड़ने वाले वादकारियों की भी समस्याओं का हल हो सके। किसानो की प्रमुख समस्या छुट्टा विचरण कर रहे जानवरों की है जिसे गौशालाओं की स्थिति ठीक करके किसानों को भी छुटकारा दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि फरियादियों की तथ्यात्मक बातों को सुनकर हर हाल में निस्तारण कराया जाएगा।

एसडीएम ने कहा कि सरकार और जनता के कार्यों के निष्पादन के लिए आत्म मंथन की जरूरत होती है। व्यक्ति अगर अपने कार्यों के प्रति आत्म मंथन करेगा तो निश्चित रूप से वह अपने पद के साथ न्याय कर पाएगा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# युवक ने किशोरी का किया अपहरण, केस दर्ज

**संवाददाता, खीरों, रायबरेली**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव गौनहा मजरे एकौनी निवासी एक किशोरी का थाना क्षेत्र बछरावां के गांव पहरावा निवासी एक युवक एक सप्ताह पहले मंगलवार को अपहरण कर ले गया। अपहृता की मां के एक सप्ताह तक थाने के चक्कर लगाने के बाद पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

महिला ने आरोप लगाया है कि वह लोग भिक्षा मांगकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। विगत चार जून मंगलवार को वह भिक्षा मांगने चली गई थी। उसकी बेटी घर पर अकेले थी और बीमार भी थी। बेटी अपना इलाज कराने गई थी। इसी दौरान बछरावां क्षेत्र के गांव पहरावा निवासी बऊवा उर्फ गोविन्द पुत्र कल्लू पासवान उसकी बेटी का अपहरण कर ले गया। घटना की जानकारी होने पर थाना खीरों पहुंचकर नामजद शिकायती पत्र दिया। वह तबसे लगातार थाने के चक्कर लगा रही थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। घटना के एक सप्ताह बाद सोमवार को पुलिस ने फिर से शिकायती पत्र लेकर मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अपहृता की खोजबीन की जा रही है।

# शादी अनुदान के आवेदक की आय सीमा में बदलाव

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** पिछडा वर्ग कल्याण विभाग के शासनादेश द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के गरीब व्यक्तियों की बेटियों की शादी के लिए अनुदान उपलब्ध कराने के लिए नियमावली व शासनादेश निर्गत किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में आधार प्रमाणीकरण व ई-केवाईसी लागू की गयी है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रक्रिया के अन्तर्गत आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपने आधार कार्ड, बेटी का आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर तथा जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण पत्र बैंक खाते की पासबुक एवं शादी का कार्ड आदि अभिलेख होना आवश्यक है। शादी अनुदान की धनराशि नियमानुसार पात्र लाभार्थियों के खातों में 20 हजार ई-पेमेंट के माध्यम से प्रेषित की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति उक्त शादी अनुदान पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन की हार्ड कॉपी समस्त संलग्नको सहित संबंधित तहसील अथवा विकास खण्ड में जमा कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

**राजनीति** आभार समारोह में गांधी परिवार के आगमन पर वरिष्ठ कांग्रेसियों में वाहवाही लेने की मची होड़, खुद को ठगा महसूस कर रहे सपाई

# सपा के दम पर राहुल गांधी को मिली जीत पर इतरा रहे कांग्रेसी

**दिलीप सिंह, रायबरेली**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद जिले में सपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का हाल बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना जैसा हो गया है। हमेशा की तरह इस बार भी सपा हाईकमान में लोकसभा चुनाव में रायबरेली और अमेठी की सीट को कांग्रेस की झोली में डाल दिया।

ऐसे में पार्टी मुखिया अखिलेश यादव के आदेश को सिर आंखों पर लेते हुए सपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने चुनाव में राहुल गांधी को जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत लगा दी। नामांकन हो या फिर प्रचार के दौरान आईटीआई में जनसभा। हर तरफ सपा का झंडा ही लहरा रहा था। चुनाव परिणाम भी आशानुकूल आया। अमेठी में स्मृति इरानी की करारी हार हुई है। वहीं राहुल गांधी ने रायबरेली से राजनैतिक सफर भारी भरकम वोटों के अंतर से जीत हासिल करके की। अब सवाल यह उठता है कि जीत का किसका कितना श्रेय। इसका आंकलन तभी से लगाया जा सकता है जब बिना सपा के सहयोग से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा रायबरेली पहुंची थी। चंद लोग ही सड़कों पर नजर आए। वहीं जब सपा मुखिया ने समर्थन का ऐलान किया तो नामांकन में मानों हुजूम उमड़ पड़ा हो। हर तरफ सपा का झंडा लिए कार्यकर्ता नजर आ रहे थे। नतीजतन राहुल गांधी के जीत का डंका बजा। सबसे बड़ी बात चुनाव में सपा पदाधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले मौन साधे कांग्रेसी अचानक राहुल की जीत के बाद इतराने लगे हैं। उनके बदले सुर को अब सपाई भी हजम नहीं कर पा रहे हैं।



अखिलेश यादव व राहुल गांधी (फाइल फोटो)

रायबरेली व अमेठी जीत के बाद पहली बार 11 जून को गांधी परिवार रायबरेली आ रहा है। ऐसे में पुराने कांग्रेसी एक बार सक्रिय हो गए हैं, जिनका कल तक चुनाव में कोई वजूद नहीं था, वहीं अब अपने मुंह मियां मिट्ठू बन रहे हैं। इसकी एक झलक आभार समारोह की तैयारियों में भी देखने को मिल रही है। गांधी परिवार के आगमन को लेकर जिस तरह से तैयारी चल रही है और सपाइयों को उपेक्षित किया जा रहा है यह किसी से छिपा नहीं है। जीत की वाहवाही लेने और खूद की पीठ थपथपाने में कांग्रेसियों में जैसे होड़ सी मची हुई है। जबकि हकीकत कुछ और ही है। जिस तरह से सपा की जिला कार्यकारिणी से लेकर कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित और भाजपा प्रत्याशी को करारी शिकस्त देने के लिए दिनरात पसीना बहाया वह किसी से छिपा नहीं है। वहीं अब कांग्रेसियों के बदले सुर से सपाई खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर सपाई जीत का ले रहे श्रेय

चुनाव परिणाम आने के बाद प्रदेश ही नहीं जिले के सपाई भी बहुत उत्साहित है। सोशल मीडिया पर जीत का श्रेय अपने प्रिय नेता अखिलेश यादव को दे रहे हैं। इतना ही रायबरेली में जीत पर इतराने वाले वाले कांग्रेसियों को भी सच का आयना दिखाने में पीछे नहीं है। सपा के युवा नेता अखिलेश माही ने तो बीते दिनों एक पोस्ट भी डाली, जिसमें स्पष्ट रूप से लिख दिया कि यूपी को छोड़कर कांग्रेस का कहीं भी अच्छा प्रदर्शन नहीं है। इससे एक संदेश है कि सपा का साथ ना मिलता तो शायद एक सीट भी हासिल ना होती। उन्होंने पोस्ट में स्पष्ट रूप से लिखा कि कांग्रेस जहां-जहां सीधी फाइट में थी वहां उसने निराश किया। साथ सरकार नहीं बनने का ठीकरा फोड़ते हुए लिखते है कि कांग्रेस मुख्य विपक्ष है। अन्य राज्यों में कांग्रेस थोड़ा सा भी आगे होती तो इंडिया एलायंस सरकार में होती। अंत में आत्मचिंतन करना होगा का भी जिक्र किया है।

# नाबालिगों से काम कराने का वीडियो वायरल

**संवाददाता, बछरावां**



साफ-सफाई करता नाबालिग।

**रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग को मजदूर न मिलने से विभाग नाबालिक बच्चों से काम कर रहा है। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिसमें नाबालिक बच्चा रोड पर झाड़ू लगाते हुए नजर आ रहे है।

जब वायरल वीडियो की पड़ताल की गई तो पता चला कि यह वीडियो विकास क्षेत्र के अंतर्गत शेखपुर समोधा गांव का है, जहां लोक निर्माण विभाग के द्वारा शेखपुर समोधा से बन्नावा को जाने वाली लगभग चार से पांच किलोमीटर लंबी रोड का डामरीकरण किया जा रहा है और नाबालिक बच्चों से इस मार्ग के निर्माण में काम कराया जा रहा है। इस संबंध में जब संवाददाता ने दूरभाष के माध्यम से लोक निर्माण विभाग की अधिशासी अभियंता अल्का सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि अगर ऐसा हुआ है तो संबंधित ठेकेदार के ऊपर कार्यवाही कर जांच की जाएगी।

# 'सपनों की उड़ान' नारे को सार्थक करने का बच्चियों ने किया संकल्प

संवाददाता, ऊंचाहार



बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला में शामिल बच्चे व एनटीपीसी के अधिकारी। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** 'सपनों की उड़ान' के नारे के साथ, दृढ़ इच्छाशक्ति लेकर एनटीपीसी ऊंचाहार में आयोजित बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला में आसपास के गांवों की जिन बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के पश्चात आयोजित सांस्कृतिक संध्या में इन बालिकाओं ने अपनी कलात्मक क्षमता तथा कौशल के सभी आयामों को प्रदर्शित करके कार्यशाला की सार्थकता और अपने संकल्प की सिद्धि का सशक्त प्रदर्शन किया।

बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला का सत्र 2024 समाप्त होने पर बालिकाओं की प्रतिभा और मेधा का आंकलन करने के लिए एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभाग कर रही बालिकाओं ने विभिन्न विषयों को लेकर प्रदर्शित नृत्य-नाटिका का मंचन, योग पर आधारित शक्ति प्रदर्शन तथा अन्य समसामयिक विषयों पर आयोजित गीत व नृत्य के कार्यक्रमों ने संपूर्ण जनमानस को भाव-विभोर कर दिया। थोड़ी देर के लिए ऐसा लगा कि जैसे ये गांव की सिर्फ नन्हीं बालिकाएं ही नहीं रहीं बल्कि ये सभी क्षेत्रों में पारंगत ऐसी बालिकाएं बन चुकी हैं, जो किसी भी क्षेत्र में अपने घर, समाज व देश का नाम रौशन करने में सक्षम हैं।

इन बालिकाओं ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित नृत्य-नाटिका के माध्यम से लोगों को ये संदेश दिया कि महिलाएं कमजोर नहीं हैं, उन्हें केवल एक सुनहरे अवसर की जरूरत है। इसके अलावा इन बालिकाओं ने प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए आत्मरक्षा के गुर, जीवन जीने की कला, परस्पर संवाद, भाषण कला, नृत्य कला तथा पढ़ाई-लिखाई एवं कौशल विकास के अन्य उपक्रम का जीवंत प्रदर्शन करके एनटीपीसी द्वारा आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान को शक्ति प्रदान की।

समारोह में ऊंचाहार परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आसपास की प्रतिभाशाली ग्रामीण बालिकाओं के संपूर्ण विकास का संकल्प अब एनटीपीसी के लिए केवल सामाजिक दायित्व का ही कार्यक्रम नहीं है बल्कि ये हमारे लिए भावनात्मक लगाव का विषय बन चुका है।

श्री छाबड़ा ने कहा कि ये बालिकाएं जीवन में आगे बढ़ेंगी तो इनके अभिभावकों के साथ-साथ एनटीपीसी का नाम भी रौशन होगा।

# दुकानों के विरोध में व्यापारी हुए लामबंद, सौंपा ज्ञापन


तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। अमृत विचार

संवाददाता, महराजगंज

**रायबरेली, अमृत विचार।** नगर पंचायत द्वारा बाबा मौनी दास मेला मैदान में बनाई जा रही दुकानों के विरोध में कस्बे के व्यापारियों सहित पूरे सुखई मजरे अतरेहटा के लोग भी लामबंद हो गए हैं। सोमवार को दर्जनों व्यापारी व ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय के सामने नारेबाजी करते हुए दुकानों के निर्माण रोकने की गुहार लगाते हुए तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि बीते गुरुवार को जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन दुकानों का काम रोका गया था। गाटा संख्या 186 पर दुकानें बनाई जा रही है, जो राजस्व अभिलेखों में मेला मैदान के नाम से अतरेहटा ग्राम सभा में वर्तमान में दर्ज है। इस मैदान में बाबा मौनी दास की पुश्तैनी बारादरी बनी थी। ग्रामीणों ने बताया कि इन दुकानों के निर्माण से मेला मैदान व बाबा मौनी दास की कुटी तक पहुंचने का मार्ग प्रभावित होगा।

तहसील कार्यालय के निकट यह मेला मैदान स्थित होने से लोगों को गाड़ियों की पार्किंग में भी सुविधा होती है। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए व्यापारी नेता रिंकू जायसवाल ने कहा कि मामले को गंभीरता से न लिया गया तो आगे भी संघर्ष किया जाएगा। इस मौके पर पूरे सुखई निवासी रविकांत, मनीराम, सुशील कुमार, सुजीत कुमार, अखिलेश, राम प्रसाद, महराजदीन, नान्हू, रामू, सविता, राम हर्ष सहित दर्जनों लोग भी मौजूद रहे।

# सलोन क्षेत्र में बढ़ा पानी का संकट, लोग परेशान

## नगर पंचायत से लेकर ब्लाक स्तरीय अधिकारी तक मौन, ग्रामीणों को मुंह चिढ़ा रहे खराब हैंडपंप

प्रदीप गुप्ता, सलोन

**रायबरेली।** भीषण गर्मी में जहां लोगों का घरों से निकलना मुश्किल है। वहीं पानी की एक-एक बूंद के लिए लोग तरस रहे हैं। यह हाल सलोन कस्बा समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों का है। जलस्तर दिनोंदिन नीचे जा रहा है। नतीजतन पुराने इंडिया मार्का हैंडपंप दम तोड़ते जा रहे हैं।

ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद अफसरों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। हाल यह है कि कई जगह तो लोग एक से डेढ़ किमी तक साइकिल से बाल्टी, पीपा आदि में पानी ढोने को विवश हो रहे हैं।

जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते क्षेत्र में समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इससे लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। सलोन नगर पंचायत के ऊंचाहार मार्ग, गोपाल मार्केट, जगतपुर तिराहा, बस स्टेशन, एसबीआई के समीप, पोस्ट ऑफिस सलोन समेत अन्य स्थानों पर लगे इंडिया मार्का हैंडपंप ने पानी का साथ छोड़ दिया है। स्थानीय लोगों ने कई बार अधिशासी अधिकारी से इस बारे में शिकायत की है। लेकिन उनकी लापरवाह कार्यशैली के चलते सरकारी नल सूखे पड़े हैं।


मटका गांव में साइकिल से पानी लेकर जाते ग्रामीण। अमृत विचार


सलोन कस्बा में ऊंचाहार मार्ग पर दुकान के निकट खराब पड़ा हैंडपंप।


सलोन कस्बा में जगतपुर तिराहा पर मिट्टी में धंसा हैंडपंप। अमृत विचार


बस स्टेशन सलोन में खराब पड़ा हैंडपंप।

### मटका गांव में बढ़ा पानी का संकट

गर्मी के शुरू होते ही क्षेत्र के ग्रामीण और नगरीय इलाकों में पेयजल संकट खड़ा हो गया है। कही सरकारी नल सूखे पड़े हैं तो कही एक ही नल के सहारे ग्रामीण किसी तरह सुबह से शाम तक के पानी का जुगाड़ करते नजर आते है। मटका गांव में पीने के पानी के जुगाड़ में गांव के बड़े बूढ़े बच्चे सब लग जाते है। जल स्रोतों में अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं। गांव के लोग साइकिल से पानी ढोती नजर आ रहे है। वही शासन की जल जीवन मिशन योजना भी साथ देती नजर नहीं आ रही है। ये तस्वीरें है सलोन मुख्यालय से महज चार किलोमीटर दूर पश्चिमी क्षेत्र के मटका गांव की है। विकास खण्ड क्षेत्र के अधिकतर गांवों में पेयजल की समस्या है।वही बात करे ग्राम सभा मटका गांव की तो चौराहे पर दो दर्जन घरों के लोगों को पेयजल की सबसे अधिक किल्लत बनी हुई है।

### सुबह से ही हैंडपंप पर लगने लगती लाइन

ग्रामीण राम बाबू अग्रहरि, दिनेश अग्रहरि, मोहित, दयाराम ने बताया कि वर्षो से एक इंडिया मार्का हैंडपंप के सहारे आधा किलोमीटर दूर पानी भर कर लाना पड़ता हैं। मटका का मुख्य चौराहा होने के कारण सैकड़ों लोग दिन भर आते जाते रहते है। यहां पर बाजार भी लगती है। दुकानदार और ग्राहको को भी प्यास लगने पर इधर उधर भटकना पड़ता हैं।

### देशी हैंडपंपों का टूटा नाता, इंडिया मार्का बदहाल

बात करे ब्लाक और नगर पंचायत क्षेत्र की तो भीषण गर्मी बढ़ने के साथ जलस्तर खिसकने से देशी हैंडपंपों से काफी पहले ही पानी निकलना बंद हो चुका है। वहीं देखरेख के अभाव में इंडिया मार्का हैंडपंप भी खराब होने लगे हैं। अधिकांश जगह सिर्फ इंडिया मार्का हैंडपंप का ही सहारा है। नतीजा सुबह से शाम तक इस इंडिया मार्का हैंडपंप पर ग्रामीण बाल्टी और डिब्बा लेकर पानी भरने के लिए डटे रहते हैं। ग्रामीण हरिश्चंद्र, विनोद साहू, नीलेश अग्रहरि, प्रमोद कुमार, पंकज कुमार आदि लोगों ने बताया कि कई बार ग्राम प्रधान से नल लगवाने के लिए कहा गया है। लेकिन आश्वासन देकर पल्ला झाड़ लेते हैं।

## सार-संक्षेप

### बाईपास निमार्ण में लगे डंपर ने तोड़ा 33 हजार केवी का तार


टूटा पड़ा 33 हजार केवी का तार। अमृत विचार

**जगतपुर, रायबरेली।** बाईपास निर्माण में लगे मिट्टी ढुलाई के डंपर ने 33 हजार केवी का डेढ़ किलोमीटर तक खंबे का तार तोड़ दिया। तार टूटने से सैकड़ों गांव की आबादी में अंधेरे में रहने को मजबूर है। वहीं सूचना पाकर बिजली विभाग की टीम आनंन फानन घटना स्थल पर पहुंची और डंपर को पुलिस के हवाले कर दिया तथा लाइन मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। खबर लिखे जाने तक लाइन मरम्मत का कार्य चालू है। वही बिजली विभाग के जेई एसडीओ भी मौके पर मौजूद हैं। जगतपुर उपखंड के एसडीओ विशाल सिंह ने बताया कि लाइन मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। लाइन मरम्मत होते ही सप्लाई चालू कर दी जाएगी। जगतपुर से जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने बताया है कि डंफरों द्वारा मनमाने तरीके से विद्युत तार तोड़े गए हैं। इसको लेकर उच्च अधिकारियों से पूरे मामले की शिकायत की जाएगी।

### बाइक से सड़क पर गिरी महिला की हुई मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली।** ऊंचाहार कानपुर मार्ग पर गदागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मखदुमपुर चौकी के पास हुआ है ।क्षेत्र के गांव बाबूगंज निवासिनी प्रमिला पत्नी संजय अपने मायके गई हुई थी। जहां से सोमवार की शाम अपने दामाद के साथ बाइक से वापस अपने घर लौट रही थी ।रास्ते में मखदुमपुर चौकी के पास अचानक महिला का नियंत्रण खो गया और वह बाइक से नीचे सड़क पर गिर गई ।गिरने के कारण उसे गंभीर चोट लगी। उसके साथ चल रहे दामाद ने उसको तत्काल उठाया और ऊंचाहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है ।अस्पताल मेमो द्वारा दी गई पुलिस को सूचना के बाद सीएचसी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### समृद्धि को दिल्ली विवि से विज्ञान स्नातक में मिली उपाधि

**लालगंज, रायबरेली।** भाजपा के विधानसभा संयोजक और आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला की पुत्री समृद्धि शुक्ला ने दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में विज्ञान स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। यह उपाधि समृद्धि शुक्ला को दीक्षांत समारोह के दौरान दी गई है। स्कूली शिक्षा एसजेएस और सेंट्रल स्कूल से प्राप्त कर समृद्धि शुक्ला ने दिल्ली विविमें बीएससी में प्रवेश लिया था। गणित विषय के साथ शिक्षा प्राप्त करते हुए प्रथम श्रेणी में डिग्री प्राप्त की है। समृद्धि शुक्ला इंटर और हाईस्कूल में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और बैसवारा का गौरव बढ़ाया था। अब दिल्ली विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त कर जहां अपने परिवार का मान सम्मान बढ़ाया है।

### नाराज बाप-बेटे ने तीन लोगों पर किया चाकू से हमला

**शिवगढ़, रायबरेली।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत शिवगढ़ नगर पंचायत के शिवली में नाला निर्माण कार्य के दौरान नाराज पिता पुत्र ने तीन लोगों को चाकू से घायल कर दिया। एक की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने उसे ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर कर दिया है। थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया हमला करने वाले दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

### पोल वाल्ट प्रतियोगिता में अर्चना को गोल्ड मेडल

**रायबरेली, अमृत विचार।** यूपी ओपन एथलेटिक चैंपियनशिप के पोल वाल्ट प्रतियोगिता में जिले की अर्चना सिंह ने ऊंची छलांग लगाते हुए गोल्ड मेडल जीता है। यह प्रतियोगिता 8 जून को एथलेटिक स्टेडियम इंडियन एयर फोर्स हिंडन गाजियाबाद में आयोजित हुई है। इसके साथ ही उन्होंने 26, 27 और 28 जून को पंचकूला हरियाणा में आयोजित होने वाली नेशनल एथलेटिक चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई किया। अर्चना सिंह की शानदार प्रदर्शन पर जिला क्रीडाधिकारी धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम, जिला एथलेटिक एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. एसएम सिंह, अध्यक्ष डब्लू सिंह, सीनियर जॉइंट सेक्रेटरी अजय सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष राजेश सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, अभिषेक द्विवेदी, विनोद शुक्ला, गौरव अवस्थी, चयनकर्ता एवं कोच अनुभव मिश्रा, नवनीत वर्मा, अमन सिंह आदि ने बधाई दी।

### सीएमएस ने नर्स को डांटा, हंगामा

**रायबरेली।** जिला अस्पताल रायबरेली में सुबह राउंड पर निकले सीएमएस महेंद्र कुमार मौर्य ने वार्ड में तैनात एक नर्स को डांट दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जिसके बाद उस नर्स ने रोते हुए अपने संगठन के अध्यक्ष शशि बाला सिंह को फोन कर बुलाकर सारी नर्स एक हो गई और सीएमएस का विरोध करने लगी। नर्स एसोसिएशन सीएमएस के कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। इसके बाद सीएमएस ने माफी मांगी। वहीं, दूसरी ओर संगठन की अध्यक्ष शशिबाला सिंह का कहना है कि स्टाफ नर्स की कमी है इसलिए व्यवस्थाओं में भी कुछ कमियां रह जाती हैं जिसके लिए नर्स नहीं विभाग जिम्मेदार है दूसरी ओर सीएमएस का कहना है कि इस तरह की घटनाएं आम बात हैं होती रहती हैं।

## बैंक के बाहर युवक से 50 हजार की लूट, पुलिस मौन

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पड़रिया में ग्रामीण बैंक में पैसा जमा करने गए एक युवक से बैंक के बाहर 50 हजार की लूट हो गई। क्षेत्र में इन दिनों जगतपुर पुलिस की निष्क्रियता के चलते वारदातों की बाढ़ सी आ गई है। जिसको लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। सोमवार को जगतपुर थाना क्षेत्र के पड़रिया में उत्तर प्रदेश बड़ौदा ग्रामीण बैंक में हसनपुर गांव निवासी मुन्नू लोधी 50 हजार रूपये जमा करने आए थे। जब वह बैंक पहुंचा तब वहां कैशियर मौजूद नहीं था। जिसके चलते मुन्नू बैंक के बाहर टहल रहे थे, तभी तीन लोग आए और युवक से 50 हजार लूटकर मौके से फरार हो गए, लेकिन पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें तीन लोग पैसे लेकर भाग निकले। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस मामले में कार्यवाही करने के बजाय उल्टा पीड़ित को ही धमकाने लगी। उससे कहा गया इतना पैसा नहीं था कह दो, लेकिन पीड़ित यह कहता रहा कि उसका 50 हजार रूपये लूटा गया है। खबर लिखे जाने तक पीड़ित ने थाने में तहरीर नहीं दी थी। जब इस बाबत जगतपुर थानेदार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना हुई है, लेकिन आगे की कोई जानकारी नहीं है।

# लंच पैकेट के बाद डीएसओ के गले की फांस बना गरम मसाला

## बाजार में बिकने वाले अन्य मसालों से महंगा है यह मसाला

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दौरान जलपान की व्यवस्था देख रहे जिला पूर्ति अधिकारी पर जहां लंच पैकेट में हेरफेर करने के आरोप लगे हैं। वही अब लालगंज तहसील क्षेत्र में उनके द्वारा कोटेदारों पर दबाव बनाकर चहेती कंपनी की हल्दी धनिया व गरम मसाला बिकवाने का मामला प्रकाश में आया है।

डीएसओ की वसूली और उत्पीड़न से त्रस्त कोटेदार सामूहिक इस्तीफे की योजना बना रहे हैं। कमीशन वाले मसाले की खबर मीडिया में आने के बाद विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। जिस मसाले को बिकवाने के लिए डीएसओ एआरओ और पूर्ति निरीक्षक पर दबाव बना रहे थे। वही अब कमीशन के इस खेल से अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं।

गौरतलब है जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला पर कोटेदारों द्वारा आये दिन अलग-अलग तरीको से उत्पीड़न करने के आरोप लगते रहे है। इस बार तो डीएसओ ने कोटेदारों पर तो जबरन

### पहले ही मिशन में फेल होते नजर आ रहे है डीएसओ

रायबरेली। जिला पूर्ति अधिकारी की मनमानी व भ्रष्टाचारी नीति के तहत कोटेदारों पर दबाव बनाकर एक कंपनी का मसाला बिकवाने के आरोप डीएसओ पर लगते ही मामला सुर्खियों में आ गया। जिला पूर्ति अधिकारी ने बड़े ही गुपचुप ढंग से लालगंज तहसील क्षेत्र के कोटेदारो पर यह मसाला बेचने का दबाव बनाया था। आरोप तो यह भी कि कोटेदारो को यहां तक कहा गया है कि अगर वह मसाला नही बेचेंगे तो उनकी दुकानों की जांच कराई जाएंगी। डीएसओ ने इसके लिए अपने ही कोटेदारों को स्टॉकिस्ट भी बनाया था। जिससे बात आगे न जा सके, लेकिन डीएसओ के उत्पीड़न के बाद यह मामला सुर्खियों में आ गया। सबसे पहले शुरू हुई लालगंज से यह स्कीम डीएसओ की गले की फांस बन गई है। देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते है।

**▸▸ डीएसओ पर लगते रहे है भ्रष्टाचार के आरोप**

मसाला बेचने का दबाव बना डाला वह भी उस मसाले को जिसकी गुणवत्ता पर बहुत भरोसा नही किया जा सकता है।

डीएसओ के इस भ्रष्टाचारी खेल में एक चहेते कर्मचारी का पूरा सहयोग है। कोटदारो पर दबाव बनाकर यह कर्मचारी जबरन मसाला खरीदने के लिए उन्हें मजबूर कर रहा है।

जबकि जो मसाला पूर्ति विभाग कोटेदार से बिकवाने का दबाव बना रहा है, वह मसाला बाजार के अन्य मसालो से महंगा भी है। जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला में तैनाती से पूर्व कुशीनगर जनपद में थे वहां पर भी इनके ऊपर गंभीर आरोप लगे हैं और मामला तक दर्ज किया गया, लेकिन अपनी भ्रष्टाचारी नीति को डीएसओ रायबरेली में नही बदल पा रहे हैं।

> शासन से 35 प्रकार की सामग्री बेचने का आदेश है। कोटेदार इसके लिए स्वतंत्र है, उन पर वितरण करने का किसी पर कोई दबाव नहीं है।
> –विमल शुक्ला, डीएसओ रायबरेली।

# सुजीत ने की मत्स्य किसानों के लाभ के लिए अनूठी पहल

संवाददाता, महराजगंज,


मत्स्य पालन के प्रबंधक सुजीत चौधरी।


कार्यशाला में मौजूद मत्स्य पालक। अमृत विचार

**रायबरेली।** क्षेत्र के खुदायगंज बावन बुजुर्ग बल्ला गांव में संचालित मत्स्य पालन के प्रबंधक सुजीत चौधरी को भारत सरकार दवारा बेस्ट इनलैंड फिश फार्मर का अवार्ड भी मिला है। रविवार को उन्होंने मत्स्य प्रोटीन के लाभ को जन जन तक पहुंचाने के लिए एक अनूठी पहल की है और उन्होंने यह भी बताया कि कुछ प्रदेशों को छोड़ दें तो जागरूकता के कमी से ज्यादातर लोग मछली के बजाय अन्य मीट खाते हैं। इसी वजह से अन्य मीट के मुकाबले इनका दाम बाजार में कम होता है, खासकर पंगास मछली जो उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा व्यावसायिक रूप से पाली जाती है। इससे मत्स्य पालकों को व्यावसायिक रूप से कम मुनाफा होता है या फिर उनका मुनाफा बिचौलिये ले जाते हैं। सुजीत मत्स्य प्रोटीन के लाभ के बारे में विज्ञापन वीडियो 500 से अधिक अस्पतालों और क्लीनिक के वेटिंग रूम टीवी पर प्रसारित करवा रहे हैं। इनका मानना है कि हॉस्पिटल में लोग अपने सेहत को लेकर ज्यादा सजग हो जाते हैं और ऐसे विज्ञापन पे ध्यान देते हैं। हर रोज लगभग 50 हजार से ज्यादा लोग इनका यह विज्ञापन वीडियो देख रहे हैं। इससे मत्स्य प्रोटीन के लाभ के बारे में लोग जानेंगे और बाजार में मछली के मूल्य बढ़ेंगे जिसका सीधा फायदा मत्स्य किसानो को होगा।

मत्स्य मीट मुर्गे और बकरे के मीट से ज्यादा लाभकारी होने के साथ-साथ पूरी तरहं से आर्गेनिक भी होता है। चौधरी ने बताया कि मछली ओमेगा-3 फैटी एसिडों की धनी होती है जो हृदय के स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी होता है, रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) को कम करता है एवं दिमाग का विकास भी करता है। इसके साथ-साथ मछली का प्रोटीन आंखों के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होता है और इसको खाने से डिप्रेशन की बीमारी भी कम होती है। इतने फायदे के बावजूद कई लोग मत्स्य मीट को हीन भावना से देखते हैं और यही वजह है की उसका फायदा बिचौलिये उठाते हैं और मत्स्य किसानों को उनकी मेहनत का कम प्रतिफल मिलता है। साथ ही सुजीत चौधरी ने यह भी बताया कि उनका अगला कदम फोकस्ड विज्ञापन होगा जिसमे वो गर्भवती महिलाओं के लिए मत्स्य प्रोटीन के लाभ के जागरूकता के वीडियो गायनेकोलॉजिस्ट के क्लीनिक में मत्स्य प्रोटीन से होने वाले आंखों के स्वास्थ्य के लाभ के बारे में आंखों के हॉस्पिटल में बच्चों के लिए मत्स्य प्रोटीन के लाभ की जागरूकता का वीडियो बच्चों के हॉस्पिटल में चलवाएंगें। इनका मानना कि इस पहल से सुजीत के साथ जुड़े हुए मत्स्य किसानों का ही नहीं बल्कि समूचे मत्स्य पलकों का फायदा होगा।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरा वर्ष–2022, रजिस्ट्रेशन नं0–92396 का ए0 एन0 एम0 प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।– **अंजना पुत्री राम सिंह, निवासी– ग्राम–शीतलपुर, पो0– कुसमरा, हमीरपुर मो0न0– 9794973363**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद यूसुफ पुत्र स्व0 अलादीन, निवासी ग्राम– मुगलखेड़ा मजरा जमोलिया थाना रहीमाबाद परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ** मेरे चार पुत्र है मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद इस्तियाक व मोहम्मद अदीम व चार पुत्रियां नगमा बानो, नजमा बानो, उजमा बानो व रिजवाना है। जिसमे से मोहम्मद इरशाद का व्यवहार व चाल चलन एवं आचरण अपने परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैं आत्यधिक शारीरिक व मानसिक रूप से पीड़ित रहता है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर पुत्र मोहम्मद इरशाद के गलत व्यवहार एवं आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है।अब मेरा उससे किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। वह अपने समस्त क्रिया कलापों एवं आचरण के प्रति स्वयं जिम्मेदार होगा

सर्वविदित हो कि कुछ दस्तावेजों पर मेरा नाम विजय लक्ष्मी अंकित है परन्तु आधार कार्ड में मेरा नाम विजय लक्ष्मी वैश्य (पत्नी श्री सूरज प्रकाश वैश्य, नि. म. सं. 184 – 185, आशियाना, कानपुर रोड, लखनऊ–226012) दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे विजय लक्ष्मी वैश्य के नाम से जाना – पहचाना जाये।

**NOTICE**

I, Govind ji Rastogi, son of late. B.C. Rastogi, R/o Mohalla Jankipuram, Lucknow, am severing all ties with my son Shivam and daughter-in-law Shaili as they have fallen into bad company and also evict them from my all movable and immovable properties. Both of them will be responsible for any of their act in future. Govind ji Rastogi, S/o late. B.C. Rastogi, R/o 645/009-A, Near Lucknow University New Campus, 60 Feet Road, Jankipuram Extension, Lucknow, Uttar Pradesh 220021

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **बाबूलाल पुत्र श्री जगनू, निवासी– ग्राम गौझीहार रूसेना परगना व तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ** मैं अपने पुत्र नीरज व बहू पूनम देवी दोनो से काफी परेशान हूँ यह दोनो मेरी कोई बात नहीं मानते और अपनी मनमानी करते है तथा उल्टे सीधे कार्य करते है अपने पुत्र नीरज में बहू पूनम देवी से परेशान होकर इन दोनो को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है और अब आज के बाद से मेरा इन लोगों से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा यह लोग कोई भी अच्छा बुरा कार्य करते है तो उसकी सारी जिम्मेदारी इन दोनो की होगी है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इंटरमीडिएट का अंकपत्र सहप्रमाणपत्र वर्ष 2021 अनुक्रमांक 217188087 वास्तव में खो गया है। – **मोहम्मद यासीन, पुत्र श्री मुनव्वर अली मोहल्ला काजीपुरा उत्तरी पोस्ट आफिस प्रधान डाकघर बहराइच, थाना कोतवाली नगर, वशीरगंज पुलिस चौकी बहराइच जनपद बहराइच,** पिन कोड 271801

**सूचना**

सूचित किया किया जाता है कि मेरा नाम **सच्चिदानंद पाठक पुत्र आदित्य प्रसाद निवासी ग्राम– चिलौली, पो0– बिराहिमपुर बेल्हौरा, जिला– बहराइच, यूपी पिनकोड 271903** है। मेरे आधार में मेरा नाम सच्चिदानंद पाठक और शैक्षिक अभिलेख में मेरा नाम सच्चिदानंद है। सच्चिदानंद व सच्चिदानंद पाठक दोनों एक ही व्यक्ति हैं और भविष्य में मुझे सच्चिदानंद पाठक के नाम से जाना पहचाना जाए।



प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :–

मो. 9412151327, 7521001992

पता

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### मेंथा की टंकी फटने से घायल किशोर की मौत

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** मेंथा पेराई करते समय अचानक टंकी फट गई। जिसमें काम कर रहा किशोर गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे सीएचसी लाया गया। जहां से उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। खनता मजरे सरैया निवासी ब्रजेश कुमार (16) पुत्र प्रेम चंद्र ग्राम इज्जतपुर में परमानंद के यहां मेंथा की पेराई करने रविवार को गया था। पेराई के दौरान टंकी फट गई जिससे वह वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने उसे फतेहपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। देर रात ब्रजेश की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### जीर्ण-शीर्ण फाइल देख बीडीओ ने लगाई फटकार

**कोठी बाराबंकी, अमृत विचार :** बीडीओ सिद्धौर पूजा सिंह ने कोठी पंचायत के अमृत सरोवर की जीर्ण-शीर्ण फाइल कवर देख ब्लॉक कर्मचारी को फटकार लगाई। फिर उन्हें 25 लाख रुपए लागत तालाब फाइल कवर पर 25 रूपये खर्च कर अभिलेख सहेजने सलाह भी दी। इसी साथ ब्लॉक कार्यालय वर्षों पुरानी फाइलों कवरों व महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सहेजने कवायद शुरू की है। वही रोजगार सेवक, मेट व पंचायत सहायक आदि फाइलें अपडेट करने निर्देश एपीओ मनरेगा को दिए। यह नजारा सोमवार बीडीओ सिद्धौर पूजा सिंह ब्लॉक कार्यालय था। जहां क्षेत्र से आए फरियादियों की फरियादी भी सुनी गई। उनके निस्तारण को लेकर संबंधित सचिव को निर्देशित किया है।

### अभियान चलाकर 3 दिन में पकड़े गए 93 अपराधी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से अभियान चलाकर पुलिस ने 3 दिन में गैंगस्टर सहित अन्य अपराधों में संलिप्तता पाए जाने पर 93 अपराधियों को गिरफ्तार किया।

### निरीक्षक बने लालबचन एसपी ने लगाए स्टार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एसपी कार्यालय मे आंकिक शाखा में कार्यरत उपनिरीक्षक लाल बचन सिंह को उपनिरीक्षक लेखा पद से निरीक्षक लेखा पद पर प्रोन्नति मिली है। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने उनके कन्धों पर तीन स्टार लगाकर शुभकामनाएं दीं।

### लो वोल्टेज से मानपुर के के लोग परेशान

**हरख, बाराबंकी, अमृत विचार :** हरख ब्लॉक के मानपुर गांव के लोग लो वोल्टेज के के कारण परेशान हैं। लोगों के घरों में पंखे, कूलर फ्रिज शो पीस बनकर रह गए हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# भीषण गर्मी में सब्जियों ने भी दिखाये भाव

**बढ़े दाम**

▸▸ चिलचिलाती धूप के कारण कम हुआ उत्पादन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के दौर में हर तरफ से आम आदमी को परेशानी झेलनी पड़ रही है। तपिश के कारण सब्जियों के भाव भी आसमान छू रहे हैं। वजह है गर्मी में माल की बर्बादी, कम उत्पादन और कम आवक।


स्टेशन रोड पर लगी सब्जी की दुकान। अमृत विचार

चिलचिलाती धूप और पछुआ हवा के कारण सब्जियों के दामों में काफी उछाल आया है। भीषण गर्मी के कारण सब्जियों के उत्पादन पर भी खासा असर पड़ा है। इसके चलते इनके दाम भी आसमान छूने लगे हैं। पिछले हफ्ते के मुकाबले सब्जियों के दाम में डेढ़ गुने तक की वृद्धि हुई है। हरी सब्जियों में लौकी, तोरई, भिंडी और परवल समेत अन्य के दामों में अच्छी-खासी बढ़ोतरी हुई है। जबकि अन्य सब्जियां भी 30 से 60 रुपये प्रति किलो बिक रही हैं।

उत्पादन कम होने के चलते भी कई सब्जियों के दामों में तेजी आई है। आलू, प्याज और टमाटर की अगर बात करें तो पिछले हफ्ते के मुकाबले यह सब्जियां 5 रुपये से लेकर 10 रुपये तक महंगी हुई हैं। पिछले हफ्ते लहसुन 200 रुपये प्रति किलो बिक रहा था, जो इस समय 240 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है।

रामनगर के किसान राम सजीवन ने बताया कि तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते खेतों में सब्जियां सूख जा रही हैं। कई बार सिंचाई करने के बाद भी सब्जियों का उत्पादन घटा है। वहीं लखपेड़ाबाग में सब्जी का व्यवसाय करने वाले आजम मलिक ने बताया कि मंडी में लगभग सभी सब्जियों के दाम बढ़े हैं। इसके चलते फुटकर में भी सब्जियां महंगी हो गई हैं। आजम मलिक के मुताबिक पिछले हफ्ते के मुकाबले इस हफ्ते सब्जियां काफी महंगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि जब तक मानूसन सक्रिय नहीं होता है, तब तक दामों में राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। अभी दाम और बढ़ सकते हैं।

| सब्जियां | दाम (अब) | दम (पिछले हफ्ते) |
|---|---|---|
| आलू | 30 | 25 |
| घुइयां | 60 | 50 |
| भिंडी | 50 | 30 |
| बैगन | 60 | 40 |
| परवल | 80 | 60 |
| पत्ता गोभी | | 30 20 |
| तोरई | 30 | 20 |
| लौकी | 40 | 20 |
| कद्दू | 30 | 20 |
| नींबू | 140 | 120 |
| प्याज | 40 | 30 |
| टमाटर | 25 | 20 |
| खीरा | 50 | 25 |
| पालक | 50 | 30 |
| लहसुन | 240 | 200 |

नोट--सब्जियों के दाम प्रति किलो व रुपये में हैं।

# डीसीएम से टकराई पिकअप चालक की गयी जान

दरियाबाद, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डीसीएम में पीछे से पिकअप जा टकरायी। हादसे में पिकअप चालक की मौत हो गयी। हादसा सुलतानपुर जिले में हुआ।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, शोभापुर मजरे मुरारपुर निवासी अल्लाजान का पुत्र निजाम (20) की रविवार रात बाराबंकी से पिकअप में आम लादकर गोरखपुर जा रहा था। सुल्तानपुर के कूड़ेभार थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पिकअप डीसीएम से टकरा गयी। हादसे में निजाम की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना की जानकारी परिजनों को दी है। घटना की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। एसएचओ कूड़ेभार अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि देर रात हाईवे पर हादसा हुआ।


हादसे में क्षतिग्रस्त डीसीएम।

# नौतपा के बाद भी गर्मी का प्रकोप जारी, मानसून का बेसब्री से इंतजार

## भीषण गर्मी से घरों में दुबके लोग, दिन और रात में कई बार हो रही बिजली कटौती

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले में सोमवार को भी अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा। तेज धूप, गर्म हवा के थपेड़ों और उमस से लोग बेहाल हैं। हर कोई अब मानसून की राह देख रहा है। गर्मी की वजह से लोग दोपहर के समय सफर करने से बचने लगे हैं।

सोमवार को भी सुबह सात बजे से ही मौसम तल्ख रहा। लोग घरों में दुबके रहे और बाहर निकलने से बच रहे हैं। वहीं जिसे कोई काम रहता भी है, तो वह सुबह 10 बजे से पहले ही उसे निपटाने की कोशिश करता दिखा। शहर में ई-रिक्शा चलाने वाले चालक शिव कुमार ने बताया कि पहले रोज 1000 रुपये तक की आमदनी हो जाती थी। लेकिन अब गर्मी के कारण सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक सवारियां मिलती ही नहीं। जिससे कमाई आधे से भी कम हो गई है। वहीं सीएनजी ऑटो चालक मुकेश ने बताया कि गर्मी की छुट्टियां होने के चलते स्कूली बच्चे और टीचरों से मिलने वाली महीने की फिक्स कमाई तो बंद है ही, साथ ही रोज की सवारियां भी नहीं मिल रही हैं। जिसके चलते रोजी रोटी चलाना भी मुश्किल हो रहा है। हम लोग मना रहे हैं कि जल्द गर्मी कम हो, तो हम लोगों की कमाई भी बढ़े।


जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### डायरिया के बढ़ रहे मरीज

भीषण गर्मी के कारण खाने पीने में थोड़ी भी लापरवाही लोगों को काफी भारी पड़ रही है। लोग बीमार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। इस मौसम में लोग सबसे ज्यादा डायरिया के शिकार हो रहे हैं। वर्तमान में जिला अस्पताल की ओपीडी में भी सबसे ज्यादा मरीज पेट दर्द और डायरिया के ही पहुंच रहे हैं। चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेश कुशवाहा ने बताया कि इस भीषण गर्मी में खाने पीने में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिये। ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थों का उपयोग करें और धूप में निकलने से बचें।

### सात दिनों का तापमान

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| चार जून | 41 | 30 |
| पांच जून | 39 | 29 |
| छह जून | 41 | 30 |
| सात जून | 42 | 28 |
| आठ जून | 40 | 29 |
| नौ जून | 40 | 28 |
| दस जून | 43 | 29 |

### आज का पूर्वानुमान

आसमान साफ रहने और तापमान में बढ़ोतरी की उम्मीद।

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 44 डिग्री सेल्सियस |
| न्यूनतम | 30 डिग्री सेल्सियस |

### अघोषित बिजली कटौती जारी

भीषण गर्मी को देखते हुए शासन की तरफ से बिजली न काटने का सख्त निर्देश है, लेकिन फिर भी विभाग के अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा। शहर से लेकर गांव तक दिन और रात में कई बार बिजली कटौती की जा रही है। कटौती के पीछे लोकल फॉल्ट की बात कहकर अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिये लोगों के लिये बिजली ही एक मात्र सहारा है। उधर शासन की तरफ से बढ़ते तापमान को देखते हुए उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश दिये गये हैं। इसके बाद भी दिन और रात में आधे से एक घंटे तक कई बार बिजली कटौती की जा रही है। लोगों को बिजली कटौती से सबसे ज्यादा समस्या रात में होती है। वहीं अधिशासी अभियंता अंशुमान यादव का कहना है कि शासन के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति की जा रही है। फॉल्ट सही करने के लिये शट डाउन लेना पड़ता है।


अंगौछे के सहारे धूप से बचते छात्र। अमृत विचार

# तस्कर को एक वर्ष से अधिक की कैद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी के दोषी को न्यायालय में सोमवार को एक साल 3 माह व 15 दिन के कठोर कारावास व पांच सौ रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

तत्कालीन उप निरीक्षक हरिशंकर राय की तहरीर के आधार पर सफदरगंज थाना क्षेत्र के रामपुर कटरा निवासी मोहम्मद आसिफ पुत्र हाजी मुस्तफा के पास 102 ग्राम स्मैक बरामद होने पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। तत्कालीन विवेचक दिनेश यादव ने सभी साक्ष्यों को संकलित कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। जघन्य अपराधों व अपराधियों को जल्दी से जल्दी सजा दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा बनाए गए मॉनिटरिंग सेल की टीम ने सभी साक्ष्यों व सबूतों को इकट्ठा कर न्यायालय में प्रस्तुत कर मामले की पैरवी में तेजी दिखाई। साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को सजा सुनाई।

### कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया केस

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** घर में घुसकर अनुसूचित जाति की महिलाओं का अपमान करने वाले आरोपियों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। मामला कोतवाली हैदरगढ़ के गंगापुर संसारा गांव का है। पीड़ित परीदीन ने बताया कि लगभग ढाई माह पहले होली त्योहार के अवसर पर गांव के ही मंशाराम यादव, भोला प्रसाद, दीपक व देबीशरन नशे की हालत में दोपहर में घर में घुस आए। उसने आरोप लगाया कि इन सभी ने घर की महिलाओं से अभद्रता की। विरोध करने पर जान से मार डालने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत की। उच्च अधिकारियों से भी गुहार लगायी फिर भी सुनवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। पीड़ित की व्यथा सुनने के बाद न्यायालय ने हैदरगढ़ पुलिस को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### भीषण गर्मी से श्रमिक की बिगड़ी तबियत

**हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार :** वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान मजदूरी करने वाला एक युवक हीट वेव का शिकार हो गया। सीएचसी पहुंचाये गये युवक को प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर अवस्था के कारण जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के खरसतिया गांव निवासी संतोष कुमार मिश्रा (35) मजदूरी करता है। सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजन सीएचसी लेकर आये जहा पर उपचार शुरू किया गया, परन्तु हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## सार-संक्षेप

### पांच सौ से अधिक रोपे गए हरि शंकरी के पौधे


हरि शंकरी पौधों के साथ बीडीओ व अन्य कर्मचारी। अमृत विचार

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** निंदूरा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह के निर्देशन में सोमवार को पांच सौ से अधिक हरि शंकरी (पीपल, बरदगद और पाकड़) के पौधे रोपे गए। सुबह नौ बजे सफाई कर्मचारी और पंचायत सहायक ने पौधे के साथ ब्लॉक प्रांगण में पहुंचे। एडीओ पंचायत ने निर्देशित किया कि अपनी अपनी ग्राम पंचायत के पंचायत भवन, विद्यालय या किसी अन्य उचित स्थान पर पौधे रोपें। साथ ही पौधे की देखभाल अपने बेटे की तरह करें, क्योंकि इन पौधों से ही हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है। खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उन्हें जीवित रखना भी हमारा दायित्व है तभी यह अभियान सफल होगा। इसलिए जो भी पैधा आप लगा रहे है उसकी फोटो प्रति माह पे रोल के साथ आपको भेजनी है। इस अवसर पर महामंत्री राजू धानुक व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटनाओं में वृद्ध समेत दो लोग घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक वृद्ध सहित दो लोग घायल हो गए। सीएचसी पर पहुंचाये गए दोनों घायलों में से वृद्ध को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। पहली सड़क दुर्घटना नगर के मुख्य चौराहे पर दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे पेट्रोल पंप के सामने घटित हुई। अमेठी के थाना शुक्लबाजार अंतर्गत बाग लखपेड़ा सिधौली सेवरा निवासी श्रीराम शुक्ला (60) बाइक से तहसील जा रहे थे। पीछे से आये ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी दुर्घटना कोतवाली क्षेत्र के केल्हनुआ चौराहे पर दोपहर लगभग पौने एक बजे घटी। कोतवाली क्षेत्र के श्रीकृष्णपुर मजरे बहुता गांव से भिलवल कस्बे के निकट पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित पेट्रोल पंप पर ड्यूटी पर जा रहे संजीत तिवारी (40) की बाइक में पीछे से डीसीएम टक्कर मारते हुए निकल गयी। उपचार के लिए उसे सीएचसी लाया गया।

### नाली निर्माण तो हुआ पर जलनिकासी का इंतजाम नहीं

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लाखों खर्च होने के बावजूद जल जमाव से निजात नहीं मिल पाई है। नाली का गंदा पानी मार्ग पर बह रहा है। विकास खंड रामनगर के ग्राम पंचायत लोहटी जई के मोहल्ला रैली बाजार में गंदे पानी के निकासी के लिए ग्राम पंचायत द्वारा लाखों रुपए की लागत से प्रेम के घर से संतराम के मकान तक नाली का निर्माण करवाया गया था। लेकिन नाली में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी जिसके चलते गन्दा पानी उफना कर रास्ते पर बह रहा है। नाली के अंतिम छोर पर तीन मंदिर स्थापित है जिनमें पूजा अर्चना करने के लिए लोगों को इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस नाली के निर्माण में काफी घटिया निर्माण सामग्री का भी प्रयोग किया गया है तथा जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिसके चलते नाली का गंदा पानी घरों के सामने भरा हुआ है। लोगों का कहना है कि संबंधित अधिकारी भी इस समस्या की ओर ध्यान नही दे रहे हैं।


नाली निर्माण के बाद भी सड़क पर बहता पानी। अमृत विचार

### ब्लॉक परिसर में खराब पड़े हैं सीसीटीवी व वॉटर कूलर

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** बीडीओ कार्यालय हरख परिसर में कई दिनों से सीसीटीवी खराब पड़ा है। इसके अलावा वॉटर कूलर खराब है। इसके कारण अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों और ग्रामीणों को पीने के लिए शुद्ध पानी तक नसीब नहीं हो पा रहा है। खंड विकास अधिकारी कार्यालय तथा परिसर में गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के लिए करीब आधा दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। जो काम नहीं कर रहे हैं जबकि ब्लॉक के अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी है। लेकिन कैमरे सही नहीं कराए गए। कार्यालय परिसर में शीतल पेय के लिए वॉटर कूलर लगाया गया था। यह भी काफी दिनों से खराब पड़ा है। अधिकारियों को इसकी जानकारी है। लेकिन इसकी मरम्मत नहीं करायी जा रही है। भीषण गर्मी में कर्मचारियों से लेकर कार्यों के लिए दूर दराज से ब्लॉक कार्यालय आने वाले ग्रामीणों को शुद्ध पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। बीडीओ हरख मोनिका पाठक का कहना है कि वॉटर कूलर खराब होने की जानकारी दी गई है। उसे सही कराया जाएगा। सीसीटीवी कैमरा खराब होने की जानकारी नहीं है, यदि ऐसा है तो उसको भी ठीक कराया जाएगा।

# चोरों ने घर से नकदी समेत लाखों के जेवर पार किये

माती, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। अभी दो दिन पहले पड़ोस के डुबकी पुरवा में हुई चोरी के बाद ही ग्राम जमुवासी में चोरी की बड़ी वारदात हो गई। सूचना पर पुलिस मौक़े का जायजा लेकर छानबीन शुरू की है।

रविवार रात देवा कोतवाली अंतर्गत किसान पथ से सटे ग्राम जमुवासी में अनिल रावत के घर चोरों ने हाथ साफ किया। घर के पीछे वाले चैनर युक्त दरवाजे के ताले को बेलचा की मदद से तोड़कर घर में घुस गए। वारदात के समय परिवारीजन घर में सो रहे थे। भुक्तभोगी अनिल रावत क्षेत्र के ही उच्च प्राथमिक विद्यालय बबुरीगांव में शिक्षक हैं। उनका बेटा कृष्ण घर पर ही जन सेवा केंद्र का व्यवसाय करता है। भुक्तभोगी अनिल बताते हैं की बेटे के विवाह की तैयारियों को लेकर अभी से आवश्यक समान खरीदना शुरू किए थे। बढ़ती कीमतों को देखते हुए हाल ही में एक किलो चांदी के आभूषण खरीदकर रख लिए थे। वेतन के कोई तीन लाख रुपए की नक़दी व पत्नी के छह लाख रुपये के सोने-चांदी निर्मित आभूषण सहित जन सेवा केंद्र कारोबार का पैसा रखा चोर ले उड़े।

# आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर केस

**हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है।

कोतवाली हैदरगढ़ के सीठूमऊ गांव निवासी तौशीर पुत्र इमाम ने रविवार की शाम मुख्यमंत्री के विरुद्ध आपत्ति जनक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल की। इसकी जानकारी होने पर भाजपा आईटी सेल के नेता संजय तिवारी, अरविंद बाजपेई, प्रशान्त मिश्र एवं अम्बुज मिश्र ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। तहरीर में धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की।

# विचाराधीन मामले जल्द करें निस्तारित

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी आरजगत साईं ने बार अध्यक्ष के साथ न्यायालयों का औचक निरीक्षण कर खामियां देखी और मातहतों के पेंच कसे। अविवादित मामलों को जल्द से जल्द निस्तारित करने का दिशा-निर्देश दिया।

सोमवार को अधिवक्ताओं से हुई वार्ता में जब सकारात्मक रूप नही दिखाई दिया तो ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर जगतसांई ने तहसीलदार न्यायालय और तहसीलदार न्यायिक न्यायालयों का औचक निरीक्षण किया तथा रजिस्ट्रार कानूनगो द्वारा दाखिल खारिज की रिपोर्टें समय से क्यों नही दाखिल की जा रही है, और कितने मामले अविवादित रूप से इन न्यायालयों पर लम्बित है इसकी जानकारी करते हुए सम्बन्धित न्यायालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जल्द से जल्द अविवादित विचाराधीन मामले निस्तारित करने के दिशा-निर्देश दिये है। उन्होंने तहसील परिसर में घूमकर स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लिया, और मातहतों के पेंच कसते हुए स्वच्छता व्यवस्था चाक चौबन्द किये जाने के लिए निर्देश दिये। उनके साथ तहसीलदार न्यायिक प्राची त्रिपाठी, नायब तहसीलदार राम जी द्विवेदी, अभिषेक कुमार बार संघ अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम, राजीव नयन तिवारी, पेशकार नईम उस्मानी, राधेश सैनी, स्टोनो विनीत गौतम, अम्बिका प्रसाद यादव आदि मौजूद थे।


निरीक्षण करते एसडीएम आरजगत साईं। अमृत विचार

**प्रक्रिया** 15वें वित्त के तहत मिलेगी पहली किस्त, ग्राम पंचायतों में शुरू होंगे काम

# गांवों के विकास को मिलेगा 30 करोड़ का बजट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गांवों में विकास के लिए शासन से जल्द ही करीब 30 करोड़ का बजट मिलने वाला है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद पंचायती राज विभाग के अफसरों ने उच्चाधिकारियों के सामने बजट की बजट की मांग रख दी है। उधर पंचायती राज विभाग के मुख्यालय से बजट मंजूर होते ही गांवों में विकास कार्य भी शुरू हो जाएंगे।

ग्राम पंचायतों की वार्षिक कार्ययोजना पर काम कराने के लिए हर तीन महीने में पंचायती राज विभाग के मुख्यालय से बजट की किस्त जारी की जाती है। इसमें पिछले साल ही करीब 50 करोड़ से अधिक की धनराशि जारी की गई थी। पिछला वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी, जिस कारण नए वित्तीय वर्ष में विकाास कार्य कराने के लिए बजट जारी नहीं किया गया। अब लोकसभा चुनाव खत्म हो गए हैं और आदर्श आचार संहिता भी हटा दी गई है। इसके चलते ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए 15वें वित्त की पहली किस्त भी जारी होने की उम्मीद बढ़ गई है। वहीं पंचायती राज विभाग के अफसरों ने भी बजट की मांग की है जो सीधे ग्राम पंचायतों के खातों में भेजा जाएगा। वहीं चुनाव के बाद बीडीओ की देखरेख में विकास कार्यों को लेकर अपने मातहत कर्मचारियों से समीक्षा भी शुरु कर दी गई हैं। तथा गांवों में चौपाल लगाकर सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया भी जा रहा है।




> नए वित्तीय वर्ष में विकास कार्यों के लिए पंचायती राज विभाग के मुख्यालय से पहले बजट मंजूर होगा। उसी के बाद करीब 30 करोड़ के आसपास का बजट ग्राम पंचायतों को जारी होगा। आगामी दो सप्ताह में बजट मिलने की उम्मीद है।
>
> -नितेश भोंडले, डीपीआरओ

### ये कराए जाएंगे विकास कार्य

गांवों में विकास कार्य कराने के लिए खड़ंजा, नाली निर्माण, पेयजल, आपूर्ति, ऑपरेशन कायाकल्प समेत अन्य कार्यों को शामिल किया गया है। ग्राम पंचायतों को मिलने वाले बजट से मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने पर भी काम किया जाएगा।

# पुलिस पर पीड़ित पक्ष को ही पीटने का लगा आरोप

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** किशोरियों का वीडियो बनाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के बाद पहुंची पुलिस ने पीड़ितों को हीपीट दिया। जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने पुलिसकर्मियों पर मारपीट और गाली गलौज करने समेत और भी गंभीर आरोप लगाये हैं।

राजेश सोनी का आरोप है कि पड़ोसी सत्यम, पिंटू, किशन, शिवम और हिमांशु उसकी बेटी का वीडियो और फोटो बना कर वायरल करने की धमकी देते हैं। इसी बात को लेकर पड़ोसियों से विवाद हो गया। राजेश सोनी के मुताबिक विवाद के दौरान पहुंची पुलिस ने उसके परिवार के लोगों को ही पीट दिया। जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश सोनी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने विरोधियों पर सख्त कार्रवाई के बजाय हमारे खिलाफ ही मुकदमा दर्ज़ कर दिया है। उन्होंने पुलिसकर्मियों पर मारपीट और गाली गलौज करने समेत और भी गंभीर आरोप लगाया है। वहीं इस पूरे मामले पर सतरिख थाने के प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि आरोप बेबुनियाद हैं। दोनों पक्षों का चालान किया जा चुका है।

## एक नजर

### 43 लोगों पर शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत सोमवार को शांति भंग की आशंका को देखते हुए 43 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई प्रोग्राम जबकि एक वारंटी हुआ 10 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### 25 ग्राम स्मैक बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को राम से नहीं भाग पुलिस टीम में दाऊ का पुरवा मजरे बहरेला निवासी मैकू रावत पुत्र राम मनोहर को गिरफ्तार कर लिया । अभियुक्त के कब्जे से पुलिस में 25 ग्राम स्मैक बरामद किया। अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने पूरेहार मजरे जसौली निवासी गुलाम दस्तगीर पुत्र अब्दुल कयूम व उस्मान उर्फ मुन्नू पुत्र अब्दुल कयूम को गिरफ्तार कर लिया।

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस ने सोमवार को कस्बा दमादनपुरवा निवासी मो. बिलाल को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### 81 लीटर कच्ची शराब के साथ पांच गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को जनपद के तीन अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 81 लीटर कच्ची शराब के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

# अभ्युदय कोचिंग बनाएगा होनहारों का भविष्य

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



कोचिंग में पढ़ते बच्चे (फाइल फोटो)।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग का संचालन जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज और शहर के डीएवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होगा। ऑनलाइन आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 20 जून तक ऑफलाइन आवेदन लिए जाएंगे। जुलाई से कक्षाएं संचालित कर दी जाएंगी।

मुफ्त कोचिंग सुविधा सभी वर्ग के जरूरतमंद विद्यार्थियों को मिलेगी। इसमें आरक्षण की कोई श्रेणी नहीं रखी गई है। आइएएस, पीसीएस, नीट, मेडिकल और इंजीनियरिंग के अलावा एनडीए, सीडीएस और दूसरी सैन्य सेवाओं तथा पुलिस भर्ती से जुड़ी परीक्षाओं की भी विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयारी करवाई जाएगी। इसके साथ यहां बैंक पीओ, एसएससी, रेलवे आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी कराई जाएंगी। अभ्यार्थियों को कोचिंग कराने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभ्यर्थी विकास भवन में स्थित जिला समाज कल्याण कार्यालय से आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। फार्म को भरकर यहीं पर जमा करना होगा। अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का स्थाई निवासी होना जरुरी है। कोचिंग के लिए वही छात्र आवेदन करें जो प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी कर रहे हैं। आवेदन में आपका नाम, फोन नंबर, ईमेल आइडी, डिवीजन, क्वालिफिकेशन, एड्रेस आदि दर्ज करना होगा। कम से कम हाईस्कूल पास होना जरूरी है। आवेदन के बाद अभ्यर्थियों का चयन अभ्युदय कोचिंग सेंटर के लिए किया जाएगा। अभ्यर्थियों की अलग-अलग क्लासें होंगी। प्रवक्ता के अलावा जिला स्तरीय अधिकारी अभ्यर्थियों को पढ़ाएंगे। इसमें डीएम, एसपी और सीडीओ भी क्लासें ले सकते हैं।

> मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग में प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 20 जून तक ऑफलाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन के बाद जनेस्मा व डीएवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जुलाई से क्लास शुरु होंगी। आइएएस, पीसीएस, नीट, मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए यह कोचिंग मुफ्त में दिलाई जाएगी।
> –**एसपी सिंह**, जिला समाज कल्याण अधिकारी

# तस्कर गिरोह के सरगना व सदस्य की 7.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क

## मादक पदार्थों की तस्करी कर परिवार के सदस्यों के नाम बनाई थी करोड़ों की सम्पत्ति

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



कुर्की की कार्वाई करती पुलिस प्रशासन की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना व सक्रिय सदस्य की लगभग साढ़े सात करोड़ की चल-अचल संपत्ति को सोमवार को भारी पुलिस बल व प्रशासन की मौजूदगी में कुर्क कर ली गयी।

जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टेरा निवासी मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला सरगना मो. तारिक पर जैदपुर थाने में एनडीपीएस गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरोह के एक अन्य सदस्य सरगना का करीबी सक्रिय सदस्य टेरा निवासी मो. शादाब पर जैदपुर थाने में एनडीपीएस व गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। सोमवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दोनों तस्करों की साढ़े सात करोड रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति को जब्त कर लिया गया। गिरोह के सरगना तारिक व उसके करीबी शादाब ने यह संपत्ति बीते आठ दस सालों में अपराध व मादक पदार्थों की तस्करी करके अर्जित की थी। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि संगठित गिरोह व मादक पदार्थों की तस्करी कर संपत्ति अर्जित करने वाले माफिया के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट लगाकर कार्रवाई की जा रही है और आगे ऐसे अपराधियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।

### कुर्क की गई संपत्ति

संगठित गिरोह बनाकर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले सरगना वह उसके गिरोह की लगभग साढ़े सात करोड़ से अधिक की संपत्ति प्रशासन ने जब्त कर ली। जब्त की गई संपत्तियों में गिरोह के सरगना तारिक अनवर की मां के नाम ग्राम कोला गडबड़ी में करीब 40 लाख रुपए से अधिक का भूखंड व राइस मिल शामिल है। इसी गांव में गिरोह के सदस्य शादाब की मां के नाम 25 लाख रुपए से बनी 18 दुकानें शामिल हैं। शादाब ने मां के नाम 25 लाख रुपए बैंक में जमा कर रखे थे। शादाब ने अपनी मां के नाम ग्राम टेरा में करीब 40 लाख का भूखंड भी ले रखा है। गिरोह के सरगना ने चाचा इम्तियाज के नाम ग्राम टेरा में 25 लाख का एक भूखंड लिया है। शादाब ने अपने पिता के नाम 40 लाख का भूखंड परगना तहसील में ले रखा है।

### फंदा लगाकर अधेड़ ने दे दी जान

**निंदूरा बाराबंकी, अमृत विचार:** कुर्सी थाना क्षेत्र के बबुरिहा गांव में 35 वर्ष अवधेश पुत्र चंद्रिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस पहुंची ने शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इधर मृतक के घर में कोहराम मच गया । परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है बताया जाता है कि रविवार रात खाना खाने के बाद अवधेश छत पर सोने चला गया ।सुबह जब घरवालों की नींद खुली तो वह फंदे से लटकता हुआ मिला ।सूचना पर पुलिस पहुंची ने शव को अपने कब्जे में ले लिया।

घर वालों ने बताया कि किसी उसका किसी से कोई विवाद उसका नहीं हुआ था ।लेकिन उसने फांसी क्यों लगाई यह बात हमलोगों को पता नहीं चल रहा है ।थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि युवक शराब का आदी था ।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### उर्स के अंतिम दिन जवाबी कव्वाली का आयोजन



कव्वाली प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** हजरत बूढ़नशाह की दरगाह पर चल रहा तीन दिवसीय सालाना के अंतिम दिन रविवार की रात जवाबी कव्वाली का मुकाबला हुआ। जिसमें (फैजाबाद) अयोध्या की कव्वाला उजमा नाज व कव्वाल तस्नीम आरिफ बदायूंनी के बीच जवाबी कव्वाली हुई। कव्वाली सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन सूरतगंज पूर्व ब्लॉक प्रमुख बृजपाल उर्फ ज्ञानू सिंह ने फीता काटकर किया। मंच संचालन शुऐब अंसारी ने किया। इस मौके पर मेला संरक्षक इमरान, अध्यक्ष गुल्ले, सलीम, शुऐब राजू, असलम, कल्लू, छोटू, जावेद अंसारी, कय्यूम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### तीन जुवारी गिरफ्तार

**दरियाबाद, बाराबंकी : अमृत विचार :** सोमवार को जुआ खेलते तीन जुवारियों को दरियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया। पकड़े गए जुवारियों के पास से नकदी व ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। सोमवार को दरियाबाद कोतवाली अंतर्गत पुलिस ने रोहित 30 वर्षीय पुत्र चन्द्र मोहन श्रीवास्तव, मुन्ना 22 वर्षीय पुत्र कल्लू, अरूण कुमार 22 वर्षीय पुत्र स्व दुलन दास को ग्राम मथुरानगर थाना दरियाबाद जनपद बारांबकी को जुआ खेलने हुए मथुरा नगर से गिरफ्तार कर पुलिस ने फड़ से 1210 रुपये नगद व जमा तलाशी के दौरान तीन सौ रुपए नकद बरामद किया है। पुलिस ने जुआंरियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है।

### बाइक व कार की टक्कर में दो घायल

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** कोटवाधाम चौराहे पर बाइक व कार की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। मौके पर पहुंची कोतवाली बदोसराय पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस से संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर उपचार के लिए भिजवाया। टिकैतनगर से बदोसरांय की ओर जा रही टाटा इंडिगो यूपी 78 डीके 7897 और बाइक नम्बर यूपी 41 एयू 1355 की भिढंत हो गई। जिसमें बाइक चालक शाहिद अली उर्फ हन्टरी पुत्र मैकू व रिजवान पुत्र साविर निवासी बेंहड सनांवा घायल हो गये। मौके पर मौजूद होमगार्ड दिवाकर सोनी ने तुरंत 108 एम्बुलेंस बुलवाकर दोनों घायलों को संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर उपचार के लिये भिजवाया। घटना स्थल पर पहुंचे एसएसआई लालता प्रसाद ने कार ड्राइवर को कार समेत मौके पर पकड़ लिया।

### हथकरघा वस्त्र उत्पाद में प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत दक्षता, कौशल विकास, उद्यमिता विकास, प्रशिक्षण एवं टूल्किट वितरण योजना के तहत वर्ष 2024-2025 में 10 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। जिले के लिए चयनित ओडीओपी उत्पाद, जिसमें हथकरघा उत्पाद एवं वस्त्र उत्पाद के क्षेत्र में 10 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र की वेबसाइट पर जाकर मांगे गए दस्तावेजों को अपलोड कर अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई रखी गई है। अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो, आयु प्रमाण पत्र व स्वयं के हस्ताक्षर के साथ विभाग द्वारा जारी किए गए दस्तावेज ऑनलाइन जमा करना होगा।

### महीनों से खराब है नलकूप, किसान परेशान

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** इस भीषण गर्मी में किसान फसलों की सिंचाई के लिए किसान परेशान हैं। वहीं सिंचाई के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधन जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बेकार पड़े हुए हैं। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मरकामऊ के मजरे पुरनिया में बना राजकीय नलकूप संख्या 61 विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते महीनों से खराब पड़ा हुआ है। इस भीषण गर्मी में जहां लगभग 45 डिग्री तक पारा रहता है और किसानों को पानी की अत्याधिक आवश्यकता है । वहीं एकमात्र सहारा सरकारी नलकूप हैं। वह भी किसानों को धोखा दे रहा है। किसानों की माने तो करीब दो महीने से यह सरकारी नलकूप खराब पड़ा है ।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा

**टिकैतनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम सरायनेतामऊ शिव मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ में हुआ। बैंडबाजों की धुन पर निकले भक्तजनों ने पूरे गांव को भक्तिमय कर दिया। गाजे-बाजे के बीच निकली कलश यात्रा के दौरान हर तरफ भक्ति का माहौल दिखाई दिया। श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। कलश यात्रा के समापन पर विधि विधान से कलश की स्थापना हुई। कलश यात्रा शिव मंदिर से शुरु होकर नेतामऊ मंदिर होते हुए प्रगाटेश्वर नाथ मंदिर पहुंची।

# हर वर्ग की करनी चाहिए सेवा : सीएमएस

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



कार्यक्रम में मौजूद सीएमएस व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में हर माह की तरह सोमवार को राहत सामग्री वितरण का कार्यक्रम जिंदगी फाउंडेशन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि महिला हॉस्पिटल के सीएमएस डा. प्रदीप कुमार का फाउंडेशन के अध्यक्ष जुहैर अंजुम खान, महामंत्री मनजीत सिंह धामी ने स्वागत किया। सीएमएस ने कहा कि हर वर्ग की सेवा करनी चाहिए। यह काम बड़े ही भाग्यशाली लोगों के हक में आता है। आप लोग निरंतर 11 सालों से लोगों की मदद हर तरीके से करते आ रहे हैं। कार्यक्रम में डा. सुधीर वर्मा, डा. रवि अहूजा, जिया भाई मॉडर्न शूज वाले व विदेश से आये उनके पुत्र, नशरीन सिद्दीकी, शिवम सिंह, शमीम व देवानंद उपस्थित रहे।

### पंपिंग सेट में फंसकर महिला की मौत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** खेत की सिंचाई के लिए लगे पंपिंग सेट में पानी पीते समय महिला की साड़ी पंखे में फंस गई। जिससे उसकी मौत हो गई। थाना मसौली के ग्राम निजामपुर की गीता देवी बेटे रामबाबू के साथ खेत में कीटनाशक दवा छिड़कवाने गई थी। गीता पंपिंग सेट में पानी पीने गयी। उसकी साड़ी पंपिंग सेट के पंखे से लिपट गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गयी।

# हादसे में खलासी की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी**

**अमृत विचार :** सोमवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के बरावां गांव के निकट पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे में 25 वर्षीय ट्रक क्लीनर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

जानकारी के अनुसार अमीन खान पुत्र कमरू खान (25) निवासी छतरपुर गोविंदगढ़ अलवर राजस्थान जो कि ट्रक पर क्लीनर के रूप में काम करता था सोमवार की सुबह 6 बजे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर स्थानीय कोतवाली के बरावा गांव के निकट खड़े ट्रक से गिट्टी निकल रहा था कि तभी पीछे से आए दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी । चपेट में आकर क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची यूपीडा की एंबुलेंस द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

# भूमि विवाद में दो स्थानों पर हुई मारपीट, 12 पर केस

**कोठी, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** विवादित जमीन पर कब्जेदारी व पुरानी रंजिश में अलग-अलग दो गांव में लाठी डंडों से हुई मारपीट में पुलिस ने आठ महिला समेत 12 लोगों पर केस दर्ज किया है।

असंद्रा थाना क्षेत्र के गौड़पुरवा मजरे रतौली गांव निवासी राजबहादुर व शिवबहादुर के मध्य सहन जमीन पर निर्माण व कब्जेदारी को लेकर विवाद है। रविवार शाम विवादित जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दोनों पक्षों से राजबहादुर, सुशीला देवी, वंदना, शुभी, शिवबहादुर, रामादेवी, पुष्पा व वीना एक दूसरे पर लाठी डंडों से हमलावर हो गए। दोनों पक्षों से लोग चोटिल हो गए। इंस्पेक्टर असन्द्रा अरुण कुमार सिंह ने दोनों पक्षों से मारपीट से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल का सीएचसी सिद्धौर में उपचार कराया है। वही कोठी क्षेत्र लंबौआ गांव निवासी रामसजीवन का कहना है की पुरानी रंजिश में गांव के ही जैसीराम, सुनीता, कलावती व विक्रम एकराय होकर लाठी डंडों से उसे पीट दिया। वह घायल हो गया। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने मारपीट से संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर घायल का सीएचसी कोठी में उपचार कराया है। दोनों थानों के पुलिस ने मामले में जांच कर रही है।

### रेलवे में नौकरी दिलाने वाला जालसाज बंदी

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी, अमृत विचार :** लोनीकटरा पुलिस ने सोमवार सुबह रेलवे मे नौकरी दिलवाने के नाम पर अलग अलग दो लोगों से 27 लाख रुपए की ठगी करने वाले चार आरोपित में से एक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसओ अंकित त्रिपाठी ने बताया बीती 10 अप्रैल को विपिन कुमार वर्मा, अंबेडकर नगर ने रेलवे मे नौकरी दिलवाने के नाम पर 15 लाख रुपए व बीती 13 मई को बच्चाराम वर्मा निवासी बघौरा रतन थाना सफदरगंज से भी नौकरी के नाम पर 12 लाख लिए थे। वांछित चल रहे पप्पू सिंह थाना क्षेत्र लोनी कटरा के मदनापुर ग्राम वासी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बाकी फरार चल रहे तीन आरोपित की तलाश मे छापेमारी की जा रही है।

# चूल्हे की चिंगारी से चार छप्परों में लगी आग, हजारों की क्षति

**निंदूरा, बाराबंकी**



आग में जलकर राख हुआ गृहस्थी का सामान।

**अमृत विचार :** खाना बनाते समय अचानक लगी आग से चार मकान जलकर राख हो गए। दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लाखों की गृहस्थी जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने नुकसान का आंकलन किया।

कुर्सी के आगासंड़ पंचायत में आबादी के बाहर कुछ बाहरी जिलों से आए चौहानों की नई बस्ती बसी है। इस बस्ती में अधिकांश मकान छप्पर नुमा बने हुए हैं। । सोमवार सुबह इसी गांव निवासी वशिष्ठ की पुत्री चूल्हे पर खाना बना रही थी। खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी छप्पर पर जा गिरी। छप्पर पर गिरी चिंगारी ने आग पकड़ ली। मौजूद लोगों ने आग की लपट देखी तो घर से सामान निकालना शुरु किया लेकिन तब तक आग ने सब कुछ चपेट में ले लिया और सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। तेज चलती हवा ने आग में घी का काम किया और यहां से निकली आग की चिंगारी पड़ोस के अमरनाथ चौहान, श्रीराम चौहान व मनोज चौहान के मकानों चपेट में ले लिया।

# किसान पाठशाला का हुआ आयोजन

**मसौली, बाराबंकी: अमृत विचार:** पंचायत भवन बड़ागांव मे प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद की अध्यक्षता मे कृषि विभाग द्वारा किसान पाठशाला का आयोजन किया गया।

किसान पाठशाला में किसान सहायक अजय कुमार गुप्ता ने किसानो को धान बीज की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि रक्षा इकाई केंद्र पर उन्नतिशील धान बीज उपलब्ध है जिन मे पंत 28, सियार्ड, बावन जीरो 4 आदि बीज उपलब्ध है जिन्हे किसानों 50 प्रतिशत सब्सिडी पर उपलब्ध है। श्री गुप्ता ने जिन किसानों की किसान सम्मान निधि नही आ रही है उनके आधार कार्ड से जाँच करते हुए समस्याओ का निस्तारण किया। इस मौके कृषक मयाराम यादव, कृष्ण कुमार गुप्ता, सुरज यादव, राम सनेही, भोला यादव, शीला देवी, नूर मोहम्मद, शिवनरायण नाग, चिरंजीव वर्मा, अखिलेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।


**कार्यालय-अधीक्षक राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र**
**चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी**

संख्या-338 /अधी0गंज0/भण्डार पत्रा0/ / दिनांक 06-06-2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

राजकीय पशुधन प्रक्षेत्र चक गंजरिया स्थित निबलेट बाराबंकी पर साहीवाल पशुओं हेतु राशन की व्यवस्था किए जाने हेतु निम्न विवरण के अनुसार कच्चे माल को क्रय किए जाने सम्बन्धी ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्ते पशुपालन विभाग की बेबसाइट animalhusb.upsdc.gov.in पर उपलब्ध होगी। सम्बन्धित कच्चे माल को वर्ष 2024-25 (माह 01 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025) तक क्रय हेतु ई-निविदा उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से submit की जाएगी।

| क्र0 सं0 | कच्चे माल का विवरण | बजट आधार अनुमानित कीमत (रू0 75,00,000.00) (पचहत्तर लाख) | अर्नेस्ट मनी | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 | ई-निविदा अवधि | तकनीकी बिड खुलने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मक्का (लाल/पीली) | 640 कुन्तल | रू0 75500.00 (रू0 पचहत्तर हजार पाँच सौ मात्र) | 11250.00 GST 18% 2025.00 13275.00 | 01 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 | दिनांक 22-06-2024 को अपरान्ह 02.00 बजे |
| 2 | डी0 सरसों खली | 460 कुन्तल | | | | |
| 3 | सरसो खली | 270 कुन्तल | | | | |
| 4 | राइस पॉलिश | 640 कुन्तल | | | | |
| 5 | गेहूँ का चोकर (मोटा फ्लोर मिल) | 230 कुन्तल | | | | |
| 6 | डी0आर0पी0 | 1000 कुन्तल | | | | |
| 7 | नमक | 80 कुन्तल | | | | |
| 8 | डी0सोयाबीन खली | 160 कुन्तल | | | | |
| 9 | डी0मूंगफली खली | 400 कुन्तल | | | | |
| 10 | डी0सी0पी0 | 20 कुन्तल | | | | |

ई-निविदा की नियत तिथि एवं समय:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आनलाइन निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि एवं समय:- | 13-06-2024 समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से |
| 2. | आनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की प्रारम्भ तिथि एवं समय:- | 13-06-2024 समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से |
| 3. | आनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:- | 21-06-2024 समय अपरान्ह 04.30 बजे तक |
| 4. | तकनीकी निविदा प्रपत्र की हार्ड कापी एवं कच्चे माल के नमूनें जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:- | 22-06-2024 समय अपरान्ह 12.15 बजे तक |
| 5. | आनलाइन तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- | 22-06-2024 समय अपरान्ह 02.00 बजे |

UP - 205778 दिनांक 08.06.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(डा0ए0के0चौरसिया)
अधीक्षक


समस्या | जिले भर में फैला नहरों का संजाल फिर भी किसानों को नहीं मिल पा रहा है सिंचाई के लिए पानी

# नहरों से उड़ रही धूल, फसल सिंचाई के लिए किसान परेशान

**रायबिन्द सिंह, बाराबंकी**



सूखी पड़ी नवाबगंज रजबहा।

**अमृत विचार :** पूरे जिले में नहरों का संजाल फैला हुआ है बावजूद इसके किसान सिचाई को लेकर परेशान है। यही कारण है किसानों में सिंचाई को लेकर भारी आक्रोश में है। किसानों के धान की नर्सरी लगने का समय जून के पहले पखवाड़े में होने की वजह से नहरों, व रजबहों में पानी के अकाल की वजह से किसान नहरों में पानी आने का इंतजार कर रहे हैं। जिले की नवाबगंज तहसील में माइनर व व अल्पिकाओं में पानी की जगह रेत उड़ रही है। एक खरीफ की फसल चल रही है नहरो के कंठ सूख रहे हैं। किसने की खरीफ की फसल जिसमें धान, मक्का ज्वार बाजरा की फसलें नेहरों से पानी की बाट जोह रहे हैं। तो वही ही मेंथा की फसल सिंचाई के अभाव में सूख रही है जिसकी वजह से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसको लेकर तमाम किसान संगठनों ने प्रशासन से मांग की है। नहर विभाग की तरफ से नहरों व रजबहों रोस्टर बनाकर पानी छोड़ने की व्यवस्था का दावा सिर्फ कागजों पर ही सिमटता दिखाई दे रहा है। समृद्ध किसान तो डीजल सिंचाई कर रहे हैं लेकिन छोटे काश्तकार धान की नर्सरी ही नहीं लगा पाए।

> शारदा सहायक नहर में मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है। दरियाबाद शाखा में पानी छोड़ा गया है। 15 जून को नवाबगंज रजबहा में पानी छोड़ा जाएगा। –**नीरज कुमार**, अवर अभियंता, नहर



पप्पू यादव

इब्राहिमाबाद ग्राम पंचायत के लालपुर निवासी पप्पू यादव का कहना है कि नहर ही सिंचाई का प्रमुख साधन हैं। ऐसे में नहर में पानी ना आने से धान की नर्सरी विलंब हो रही है सिंचाई विभाग की अधिकारियों से नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की गई ।



बब्बू महराज।

किसान बब्बू महराज का कहना है कि पानी आने से धान की नर्सरी विलंब हो रही है। इस समय नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो नर्सरी पिछड़ जाएगी। इससे धान उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।



गोमती प्रसाद।

किसान गोमती प्रसाद का कहना है कि योगी सरकार किसानों को आय बढ़ाने के लिए ढिंढोरा पीट रही है। किंतु विडम्बना है कि मेंथा की सिंचाई एवं धान की नर्सरी के समय नहर में पानी की जगह धूल उड़ रही है। ऐसे में किसानों को नुकसान हो रहा है।



रामपाल, किसान

किसान रामपाल ने बताया कि मेंथा सिंचाई व धान नर्सरी के समय नहर बंद होने से किसानों की मेंथा, उरद, मूंग खरबूजा तरबूज आदि फसले सूख रही हैं। खेतों की नमी चली गई है ऐसे में नर्सरी भी पिछड़ रही है।

# खाली करो फुटपाथ, जनता आती है...

## 13 किमी के रामपथ की खूबसूरती में दाग बने फुटपाथ पर कब्जे को लेकर लोगों में नाराजगी



नगर निगम कार्यालय के निकट फुटपाथ पर ही पार्किंग बना ली गई है। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सहादतगंज से लेकर अयोध्या नयाघाट तक 13 किमी. के रामपथ की खूबसूरती में दाग बने फुटपाथ पर कब्जे को लेकर लोगों में गहरी नाराजगी है। 'अमृत विचार' के सोमवार के अंक में '13 किमी. रामपथ पर कब्जा, फुटपाथ पर सजी हैं दुकानें' शीर्षक से इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने के बाद लोगों ने अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त कीं। उनका कहना है कि अब तक सभी जगह अतिक्रमण झेल रहे हैं, लेकिन रामपथ के फुटपाथ पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं है। कहीं दुकानें सजी हैं तो कहीं फुटपाथ पर पार्किंग बना ली गई हैं।

सिविल लाइंस स्थित हनुमानगढ़ी से लेकर नियावां चौराहे तक, अंगूरी बाग से लेकर साहबगंज व बेनीगंज तक तो फुटपाथ दिखाई ही नहीं पड़ता। लोगों ने कहा कि इसके लिए जो भी जिम्मेदार हो वह विभाग तत्काल अतिक्रमण हटाने का कार्य करे। अमृत विचार से बातचीत में लोगों ने कहा कि यह रामपथ पर दाग है जो तत्काल हटना चाहिए।

### दुर्घटना का बना है खतरा



राम पथ के फुटपाथ पर अतिक्रमण नगर की शोभा तो खराब कर ही रहा है। दुर्घटना का भी खतरा है। फुटपाथ को जिम्मेदार अधिकारी शीघ्र खाली कराएं। जिससे उसका सही उपयोग हो सके।
**–कालिका प्रसाद मिश्र, अधिवक्ता**

### जिला प्रशासन करे कार्रवाई



रामपथ पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं है। मुद्दे को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है जो सराहनीय है। तत्काल जिला प्रशासन इस पर कार्रवाई करे।
**–सुप्रीत कपूर, समाजसेवी**

### सिर्फ चलने के लिए है फुटपाथ



रामपथ अयोध्या के विकास की पहचान है। यहां का फुटपाथ लोगों के चलने के लिए है। रिकाबगंज से साहबगंज तक लगीं दुकानें तत्काल हटाई जाएं।
**–संगीता अग्रवाल, समाजसेवी**

### आंख मूंदे बैठा है नगर निगम



अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को रामपथ पर पैदल चलने में बेहद परेशानी होती है। फुटपाथ पर कब्जा है। नगर निगम व प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। फुटपाथ को खाली करवाया जाए।
**–आलोक श्रीवास्तव, दवा व्यवसायी**

### अतिक्रमण को लेकर जोनल अफसरों से मांगी आख्या

शहर में अतिक्रमण को लेकर नगर निगम फिक्रमंद है। नगर निगम में फुटपाथ पर बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर भी कार्रवाई की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा द्वारा जारी किए गए आदेश पर अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने जोनल अफसरों से जांच आख्या मांगी है। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन दल लगातार अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। रोज रामपथ से अतिक्रमण हटवाए जा रहे हैं।

### पहले जैसा दिखने लगा मार्ग



रामपथ के फुटपाथ पर लोगों ने कब्जा कर रखा है। इससे फुटपाथ पर बने विश्राम स्थल भी छिप गए हैं। लगता है कि रामपथ आज भी वैसा ही है, जैसा पहले था।
**– डॉ. एमएस विष्णु, आयुर्वेदिक अधिकारी**

### गर्मी कम होते ही बढ़ेंगे श्रद्धालु



अयोध्या में अभी गर्मी के चलते थोड़ा भीड़ में कमी है, लेकिन मौसम ठीक होते ही श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए रामपथ के फुटपाथ पर हुए अतिक्रमण और कब्जे से मुक्त करना होगा। **–प्रदीप मिश्र, अधिवक्ता**

### सुंदरता से न करें खिलवाड़



रामपथ पर अतिक्रमण उचित नहीं है। दुकानदारों को भी देखना चाहिए कि रामपथ की सुंदरता के साथ खिलवाड़ न करें। इससे गलत संदेश जा रहा है। **–राजेश श्रीवास्तव, व्यवसायी**

### अतिक्रमण खत्म कर रहा खूबसूरती

फुटपाथ पर अतिक्रमण रामपथ की खूबसूरती खत्म कर रहा है। पैदल यात्रियों को मजबूरन सड़क पर चलना पड़ता है। जो और यात्री दुर्घटना का शिकार भी होते है।
**– सौरभ मिश्रा, अधिवक्ता**

### बहुत जरूरी है निवारण



फुटपाथ पर विश्राम स्थल भी छिप गये व खूबसूरती भी। इसका निवारण होना चाहिए। प्रशासन व जिम्मेदार अधिकारियों को अतिक्रमण को हटवा कर फिर से उसे असल स्वरूप में लाकर सही उपयोग में लाना चाहिए।
**– डॉ.अजीम, चिकित्सक**

---

## एक नजर

### गोसाईगंज सीएचसी में होंगे डिजिटल एक्स-रे

**गोसाईगंज, अयोध्या, अमृत विचार :** सीएचसी गोसाईगंज में भी अब मरीजों को डिजिटल एक्स-रे की सुविधा मिलेगी। नगर पंचायत की सभासद आरती जायसवाल की मांग पर शासन ने स्वास्थ्य महकमे को ये सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. इंद्रजीत वर्मा ने बताया कि बेल्टेक कंपनी की डिजिटल एक्स-रे मशीन आज केंद्र को मिल गई है। दो-तीन दिन में इनस्टॉल हो जाएगी। सबकुछ ठीक रहा तो अगले सप्ताह से मरीजों को डिजिटल एक्स-रे मशीन की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी।

### भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**तारुन, अयोध्या, अमृत विचार :** भाकियू ने सोमवार किसानों की मांगों का चार सूत्री ज्ञापन ज्वॉइंट बीडीओ उमेश कौशल को सौंपा। तारुन ब्लॉक अध्यक्ष जयराम गिरी ने कहा कि अगर जल्द मांगे पूरी नहीं हुईं तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर देवनारायन यादव, अंगनू गोस्वामी, श्यामू, राजमणि यादव, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# यूट्यूबर समेत तीन पर सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▶▶ **वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर करते रहे शारीरिक शोषण गर्भपात कराने का भी आरोप**

**अमृत विचार :** गोरखपुर की युवती की तहरीर पर कुंदरकी थाना पुलिस ने अब्दुल्ला पठान, उसके भाई अब्दुल मलिक समेत तीन के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म, गर्भपात कराने और धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि नौकरी देने के बहाने बुलाकर यू-ट्यूबर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बनाया और उसे ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण किया है।

युवती ने एफआईआर में कहा है कि आरोपी यू-ट्यूबर अब्दुल्ला पठान से उसका परिचय 2021 में सोशल मीडिया के माध्यम से हुआ था। अब्दुल्ला पठान ने उसे अपने दवाखाने में 15-20 हजार रुपये महीने की पगार पर नौकरी देने की बात कर उसे जुलाई 2021 में कुंदरकी बुलाया था। कुंदरकी के लाइनपार क्षेत्र में चार महीने तक किराये पर कमरा लेकर उसे रखा। फिर यह कहकर घर भेज दिया था कि बाद में बुलाएंगे। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि जनवरी 2023 में आरोपी उसे गोरखपुर स्थित घर से बुलाकर लाया और कुंदरकी कस्बे में एक मकान में रखा था, जहां आरोपी ने नशीली दवा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। उसकी अश्लील फोटो और वीडियो भी बना ली थी। होश में आने पर उसने आरोपी के खिलाफ शिकायत करने की बात कही थी तो आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसे शांत करा दिया था। साथ ही धमकी दी यदि कहीं शिकायत की तो वीडियो वायरल कर दूंगा। पीड़िता बदनामी के डर से शांत रही। आरोपी ब्लैकमेल कर उसका शोषण करता रहा। इससे वह गर्भवती हो गई। पीड़िता ने गर्भवती होने के बारे में आरोपी को बताया तो उसने उसका गर्भपात करा दिया था।

पीड़िता का आरोप है कि 6 जून को आरोपी का भाई अपने एक साथी के साथ उसके कमरे पर आ गया। आते ही दोनों ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी यू-ट्यबर के भाई अब्दुल मलिक ने तमंचा निकालकर उस पर तान दिया। तमंचे के बल पर दोनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की थी। जिस पर मामला दर्ज हुआ है।

# अयोध्या ग्रीन फंड विकसित करने की स्वीकृति

## पौधरोपण के साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता के कार्य कराए जाएंगे : मंडलायुक्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण बोर्ड ने अयोध्या ग्रीन फंड विकसित करने की स्वीकृति दे दी। इससे अयोध्या में पौधरोपण, जल स्रोतों का संरक्षण, प्राकृतिक लैंडस्केपिक और पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता के काम कराए जाएंगे।

मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में फंड के स्वीकृति समिति की सोमवार को बैठक हुई। मंडलायुक्त ने बताया कि अयोध्या ग्रीनफंड के तहत ग्रीनफंड बैंक अकाउंट एडीए ने खोला है। फंड का मुख्य स्रोत एडीए से विकसित की जाने वाली आवासीय एवं व्यावसायिक परियोजनाओं की लागत में पांच फीसदी धनराशि अयोध्या ग्रीनफंड के नाम से दी जाएगी। एडीए से फैसिलिटी मैनेजमेंट के तहत विभिन्न फर्मों से प्राप्त लीज रेंट का 10 फीसदी पैसा अयोध्या ग्रीनफंड में हस्तांतरित किया जाएगा। इसके साथ अन्य फर्म/कंपनी/व्यक्ति से सीएसआर/दान के माध्यम से प्राप्त धनराशि फंड का मुख्य स्रोत होंगे।



बैठक के दौरान निर्देश देते मंडलायुक्त गौरव दयाल। अमृत विचार

बताया कि अयोध्या ग्रीनफंड से अयोध्या परिक्षेत्र में पौधरोपण और वानिकी को बढ़ावा देने, प्रदूषण के रोकथाम के लिए कार्रवाई, सामाजिक वानिकी और मियावाकी पद्धति से पौधरोपण को प्रोत्साहित करने, रोपित किए गए पौधों की सतत् निगरानी और अनुरक्षण, अयोध्या के जल स्रोतों का संरक्षण और पुनर्रूद्धार, अयोध्या में प्राकृतिक लैंडस्केंपिग के कार्य, जन-सहभागिता के माध्यम से पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को प्रोत्साहित करने जैसे काम किए जाएंगे।

बैठक में पहले फेज के लिए काम तय कर दिए गए। प्रथम फेज (जुलाई से सितबंर) में अयोध्या ग्रीनफंड के तहत एक नर्सरी स्थापित की जाएगी। जिसमें वृहद स्तर पर

▶▶ **पहले फेज में होगी पौधों के लिए नर्सरी की स्थापना**

पौधरोपण के लिए पौधे तैयार किए जाएंगे। नर्सरी के संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में माली, सिक्योरिटी गार्ड इत्यादि आधारभूत संरचना की स्थापना को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। अयोध्या स्थित 108 कुण्डों व जल स्रोतों पर पौधरोपण के कार्य और अयोध्या नगर निगम के चिन्हित 66 पार्कों में पौधरोपण, प्रस्तावित पौधरोपण अभियान में लगभग 50 प्रकार के रामायणकालीन/स्थानीय वृक्षों को लगाए जाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई।

बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष एडीए अश्विनी कुमार पांडेय, प्रभागीय वनाधिकारी प्रणव जैन, जिला उद्यान अधिकारी सहित अन्य लोग थे।

# बकरीद पर शांति, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्था की तैयारी शुरू

## मुस्लिम संप्रदाय के लोगों के साथ अधिकारियों ने की बैठक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के अफसरों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों और संबंधित विभाग के अफसरों के साथ बैठक की। नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था के साथ शांति और सुरक्षा को लेकर मजिस्ट्रेटों और पुलिस अफसरों को निर्देश दिए गए।



शांति और सुरक्षा समिति की बैठक में सीडीओ ऋषिराज व एसएसपी राजकरण नय्यर।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने की। बताया कि ईद-उल-जुहा (बकरीद) 17 जून को संभावित है। कहा कि शांतिपूर्ण व आपसी सद्भाव के साथ इसे संपन्न कराया जाए। मुस्लिम संप्रदाय के शिया-सुन्नी वर्ग से जिले के प्रमुख ईदगाहों/मस्जिदों में सामूहिक रूप से नमाज सुबह साढ़े सात से अता की जाएगी।

निर्देश दिया कि इसको लेकर ईदगाह/मस्जिद/इमामबाड़ों के आसपास साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल, आवश्यक चिकित्सा सुविधा, अनवरत विद्युत आपूर्ति आदि की व्यवस्था की जाए। साथ ही आवागमन वाले मार्गों की मरम्मत, पीस कमेटी के साथ बैठकें की जाए। निर्धारित/अनुमति शुदा स्थलों पर ही कुर्बानी किए जाने के लिए कहा। विवादित मामलों का शीघ्र निपटारा कराया जाए। किसी नई परंपरा शुरू न की जाए, यह भी निश्चित करें।

सभी तैनात मजिस्ट्रेटों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों का इसके पहले निरीक्षण करें। जहां किसी प्रकार की कोई समस्या हो उसका शीघ्र निस्तारण कराएं। संचालन अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल ने किया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय जैन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, तहसीलों के उपजिलाधिकारी और मुस्लिम सम्प्रदाय के धार्मिक और प्रबुद्ध नागरिक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# एक क्लिक पर भुगतान व समाधान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** वार्ड से संबंधित शिकायत दर्ज कराने और हाउस, वाटर टैक्स का भुगतान करने के लिए नगर निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अब मोबाइल पर एक क्लिक के माध्यम से लोगों की सुविधाएं मिलेंगी। इसके लिए नगर निगम ने नगर निगम अयोध्या नाम का एक एप जारी तैयार किया है। जिसके माध्यम से नागरिक भुगतान, नामान्तरण, शिकायतें दर्ज कराना, नगर निगम में संचालित योजनाओं व परियोजनाओं की जानकारी, निगम की सीमाओं की जानकारी अपने मोबाइल फोन पर एक क्लिक के माध्यम से मिल जाया करेगी।

▶▶ **नगर निगम अयोध्या एप पर बस मार्ग व पार्किंग की भी जानकारी**

इसके अतिरिक्त पर्यटकों व श्रद्धालुओं को पेयजल, शौचालय, वाटर कियॉस्क, बस मार्ग व पार्किंग आदि की जानकारी भी मिलेगी। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने सोमवार को बताया कि आम जनमानस की समस्याओं के त्वरित निदान के लिए यह प्रणाली तैयार की गई है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि नागरिक दर्ज शिकायतों की यथा स्थिति की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। इस एप में निगम संबंधी अन्य सुविधाओं को भी जोड़ा जायेगा।

### जोनल अधिकारी रोज करेंगे वार्डों का निरीक्षण

नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने समस्त जोनल अधिकारियों को वार्डों से पार्षद, जनप्रतिनिधियों व नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता पर निस्तारित किये जाने के निर्देश दिए हैं। समस्त जोनल अधिकारी अपनी विभागीय टीम के साथ रोज एक वार्ड का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान प्राप्त प्रत्यावेदन का त्वरित निस्तारण करेंगे। निगम द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का अनुश्रवण करेंगे। वार्ड के दैनिक भ्रमण की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाएगी।

### कांग्रेस विधानसभा वार निकालेगी धन्यवाद यात्रा

अयोध्या, अमृत विचार : **लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिले जनसमर्थन को देखते हुए अयोध्या लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी विधानसभा वार धन्यवाद यात्रा निकालेगी। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने सोमवार को बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर ली गई है। 11 जून को अयोध्या विधानसभा क्षेत्र, 12 जून को गोसाईगंज, 13 जून को बीकापुर, 14 जून को मिल्कीपुर और 15 जून को रुदौली विधानसभा क्षेत्र में धन्यवाद यात्रा निकाली जाएगी। अयोध्या का प्रभारी रामदास वर्मा, गोसाईगंज का प्रभारी अनिल तिवारी, बीकापुर का प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, मिल्कीपुर का प्रभारी मनोज जायसवाल और रुदौली विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी दिनेश शुक्ला को बनाया गया है। धन्यवाद यात्राएं स्थानीय बाजारों में शाम को चार बजे से निकाली जाएंगी।**

## सार-संक्षेप

### जंगल में फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार :** पटरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत अशरफपुर गंगरेला के जंगल में सोमवार सुबह ग्रामीणों ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव पेड़ से गमछा के फंदे से लटकता हुआ देखा। दरोगा वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पहचान कराई गई। सोशल मीडिया पर फोटो डालने के बाद उसकी पहचान जग प्रसाद(50) वर्ष पुत्र मोहन लाल निवासी भवनिया पुर शिवली कोतवाली रामसनेही घाट, बाराबंकी के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक उसका मानसिक संतुलन सही नहीं था। वो रविवार शाम लड़की के यहां टिकैतनगर जाने के लिए निकला था। दिमाग के डॉक्टर के यहां से तीन साल से इलाज चल रहा था। पटरंगा थाना के कार्यवाहक थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शव पीएम के लिए भेज जांच की जा रही है।



कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### नीट यूजी परिणाम की हो सीबीआई जांच, सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या, कार्यालय, अमृत विचार :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से घोषित नीट-यूजी 2024 का परिणाम विवादों में घिर गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट राजेश मिश्रा माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेज प्रकरण की सीबीआई जाँच की मांग की है। संगठन का कहना है कि राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी 2024) के आयोजन के दौरान अलग स्थानों पर सॉल्वर के पकड़े जाने और कुछ स्थानों पर प्रश्न पत्र बांटने आदि में गड़बड़ी प्रकाश में आई थी। प्रश्नपत्र में गलत प्रश्न होने को लेकर हजारों छात्र अदालत गए थे। परिणाम घोषित होने के बाद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की अक्षमता व भ्रष्टाचार सबके सामने आ गया है। ऐसे में प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया व परीक्षा परिणाम पर उठ रहे प्रश्नों के समाधान के लिए सीबीआई जाँच कराई जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन और ज्ञापन देने वालों में महानगर मंत्री सत्यम दुबे, प्रांत संयोजक शिवम मिश्रा, अंशुमान सिंह, आशुतोष राणा, शशांक सिंह आदि मौजूद रहे।

### अवैध खनन में दो लोगों का शांतिभंग में चालान

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली के ग्राम जलालपुर में अवैध खनन को लेकर पकड़ी गई मिट्टी लदी ट्राली होमगार्ड से जबरदस्ती छुड़ा कर ले जाने वाले दो आरोपियों का पुलिस ने सोमवार को शांतिभंग में चालान किया है। खास बात यह भी है कि तहरीर मिलने के बाद पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने में 18 घंटे लग गए। खनन निरीक्षक चंद्र शेखर पाठक ने अखिलेश कुमार सिंह निवासी ग्राम करीम पुर व एहरार खान निवासी ग्राम कादिरापुर कोतवाली रुदौली तथा व 5-6 अन्य अज्ञात के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी थी। पुलिस ने दो को नामजद करते हुए उप्र. उपखनिज (परिहार) नियमावली, खनिज अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी।

### दो बच्चे लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार :** थाना मवई में दो बच्चे संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। बच्चों के परिवारीजनों ने मवई थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी है। क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर दाउदपुर के राधे का 14 वर्षीय पुत्र अरविन्द व स्व. इस्माइल का 10 वर्षीय पुत्र आरिफ रविवार को घर से निकले थे। घर वालों ने समझा था कि बच्चे गांव में खेल रहे होंगे। शाम को जब दोनों बच्चे अपने अपने घर वापस नहीं आये तो घर वालों ने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं कोई पता नहीं लग सका।

## लोकसभा चुनाव

बूथों पर वोटों के ज्यादा अंतराल से बदल गया चुनाव परिणाम

# चुनाव में सपा ने जीते 1056 व भाजपा ने 1018 बूथ

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** लोकसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने 1056 तो भाजपा ने 1018 बूथ जीते। बूथों पर दोनों दलों को मिले वोटों के अंतराल ने चुनाव परिणाम को बदल डाला। ईवीएम से सपा के पक्ष में 5,53,549 और भाजपा के पक्ष में 4,99,002 मत निकले। पोस्टल बैलेट अलग हैं।

फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र अयोध्या, बीकापुर, मिल्कीपुर, रुदौली और दरियाबाद आते हैं। इनमें कुल 2074 बूथ हैं। जिन पर वोट डाले गए। चार जून को मतों की गिनती की गई तो बूथों पर पड़े वोटों की जो तस्वीर सामने आई वह चौंकाने वाली रही। केवल मतों में ही नहीं बूथों की जंग में भी दोनों दल एक-दूसरे को पछाड़ने में लगे रहे। समाजवादी पार्टी ने पांचों विधानसभा क्षेत्रों में कुल लगभग 1056 बूथ जीतकर सपा का दूसरी बार परचम लहराया। भाजपा ने भी 1018 बूथ जीते। बूथों की जीत में तो अंतर 38 का था। लेकिन बूथों पर मिले वोटों के अंतर ने तस्वीर ज्यादा बदली। सपा ने जो बूथ जीते वहां दोनों दलों के बीच वोटों का अंतर ज्यादा था लेकिन भाजपा ने जो बूथ जीते उन बूथों पर जीत का अंतर कम रहा। चुनाव में सपा के पक्ष में हवा के साथ भाजपा के बूथ मैनेजमेंट ने भी प्रभाव डाला।

▶▶ **भूमि अधिग्रहण वाले क्षेत्रों ने बदली अयोध्या की तस्वीर**

### जीते गए बूथ एक नजर में

| क्षेत्र | कुल बूथ | सपा | भाजपा |
|---|---|---|---|
| रुदौली | 392 | 212 | 180 |
| दरियाबाद | 458 | 223 | 235 |
| बीकापुर | 410 | 276 | 134 |
| अयोध्या | 400 | 166 | 284 |
| मिल्कीपुर | 414 | 229 | 185 |

### कम बूथ जीत कर भी आगे रही सपा

बूथों पर दोनों दलों के मिले वोटों के अंतर का ही परिणाम रहा कि कम बूथ जीतकर भी समाजवादी पार्टी आगे रही। आंकड़े दिखाते हैं कि दरियाबाद के 458 बूथों में सपा 223 बूथ ही जीत सकी। जबकि भाजपा ने 235 बूथ जीते लेकिन सपा ने यहां 10 हजार से लीड ली।

### भाजपा की बढ़त औसतन रही कम

अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने 70 फीसदी बूथ जीत लिया। यहां सपा ने 166 तो भाजपा ने 284 बूथ जीते लेकिन बढ़त महज सवा चार हजार वोटों की रही। यह बूथों पर दोनों दलों के मिले वोटों के अंतर का प्रभाव रहा।

### वोट के जरिए किया कार्रवाई का विरोध

अयोध्या के चार सौ बूथों में से 240 तक हल्के विरोध के बावजूद भाजपा की बढ़त ज्यादा थी। सपा पीछे थी, लेकिन आगे के कुछ बूथों को छोड़ सपा एक तरफा हो गई। यह वही ग्रामीण क्षेत्र है जहां विभिन्न परियोजनाओं के लिए प्रशासन से जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई की जा रही थी। गांव के लोग भटक रहे थे लेकिन सुनवाई नहीं हो रही थी। यहां के लोगों ने अपनी नाराजगी बैलेट के जरिए निकाली। भाजपा की शहर की लगभग 22 हजार वोटों की बढ़त को समाप्त कर सवा चार हजार पर रोक दिया।

# उद्यान विभाग परिसर में बेहोश मिले अधिवक्ता की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** कचहरी के समीप उद्यान विभाग के परिसर में युवा अधिवक्ता बेहोशी की हालत में पाया गया। सूचना परिजनों को दी गई और अधिवक्ताओं ने बेहोश अधिवक्ता को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत के कारण का पता नहीं चला है। संघ अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय ने बताया कि घटना दोपहर लगभग 12 बजे की है। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के डाभा सेमर निवासी अधिवक्ता राम उदय तिवारी उद्यान विभाग परिसर में बेहोशी की हालत में मिले। इसकी सूचना अधिवक्ताओं ने उन्हें दी। उन्होंने मौके पर पहुंच अधिवक्ता को अस्पताल पहुंचाया था।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यथोचित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोर्मैत्री न जीर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# नई सरकार की चुनौतियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी पारी की शुरुआत की है। तीसरी बार शपथ लेने के बाद नई सरकार का पहला निर्णय किसान कल्याण के बारे में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोमवार को प्रधानमंत्री ने किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी की। इससे 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और उन्हें लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। बेहतर होगा कि नई सरकार मध्यम वर्ग के लिए भी कुछ करे। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने अगले दशक के लिए सुशासन, समग्र विकास और आम आदमी की जिंदगी में सुधार के लक्ष्य तय किए हैं, लेकिन कुछ विरोधाभास ऐसे हैं कि सुशासन के लिए जरूरी आर्थिक नीतियां प्रभावित हो सकती हैं। सरकार को कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए विकास के एजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा।

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि राजग सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों में। सरकार को अब चार श्रम संहिताओं को अंतिम रूप देना चाहिए, क्योंकि इसमें अपेक्षा से अधिक देरी हो चुकी है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश देता है। साथ ही भारतीय उद्योग जगत ने उम्मीद जताई कि नई सरकार विकसित भारत के लिए, सुधारों के अगले चरण की शुरुआत कर सकती है। आने वाले दिनों में तय की गई बुनियादी प्राथमिकताओं पर काम करने के लिए नई सरकार को राज्यों के सहयोग की आवश्यकता होगी। इससे विकास संबंधी नतीजों में बेहतरी आएगी। कुल मिलाकर अगले पांच सालों में बेहतर नीतिगत नतीजे हासिल करने के लिए अहम है कि संसद को समुचित ढंग से काम करने दिया जाए। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि उन्हें 18 वीं लोकसभा में ज्यादा चर्चाओं की उम्मीद है। ऐसे में यह सरकार का दायित्व होगा कि वह विपक्ष के साथ सकारात्मक संबंध बनाए तथा बेहतर विधायी परिणाम हासिल करे।

# पर्यावरणीय संतुलन का द्योतक है भूमि पुनर्स्थापन



डॉ. शंकर सुवन सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रयागराज

भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है, जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं।

भूमि, पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण घटक है। भूमि की उपयोगिता कृषि के साथ-साथ वन्य जीवों के आवास, जल संरक्षण और जलवायु विनियमन में भी होती है। पिछले कुछ दशकों में भूमि का अत्यधिक दोहन और गलत प्रबंधन ने इसे गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है। भूमि पुनर्स्थापन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हम पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लाभों को पुनःस्थापित करने का प्रयास करते हैं।

भूमि क्षरण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या है, जो वैश्विक स्तर पर पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। यह प्रक्रिया तब होती है जब भूमि की गुणवत्ता और उत्पादकता विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित कारणों से घट जाती है। लगातार फसलों की खेती से मिट्टी की उर्वरता घटती है। जब एक ही प्रकार की फसल बार-बार उगाई जाती है तो मिट्टी के पोषक तत्वों का असंतुलन होता है जिसके कारण मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की संरचना और जैव विविधता को नुकसान पहुंचाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई भूमि क्षरण का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण है। वृक्षों की जड़ों की अनुपस्थिति में मिट्टी का अपरदन तेजी से होता है। पेड़, मिट्टी को स्थिर रखने में मदद करते हैं।

पेड़ के बिना, मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है। वायु प्रदूषण से अम्ल वर्षा होती है, जो मिट्टी के पीएच स्तर को प्रभावित करती है और उसकी उर्वरता को नष्ट करती है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण ने प्राकृतिक भूमि को कंक्रीट जंगलों में बदल दिया है। इसके कारण भूमि की प्राकृतिक संरचना और जल धारण क्षमता प्रभावित होती है। निर्माण कार्यों और औद्योगिक कचरे के निस्तारण से भूमि में प्रदूषण बढ़ता है जिससे उसकी उत्पादकता कम होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे बदलाव भूमि क्षरण का कारण बनते हैं। अत्यधिक वर्षा, बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से मिट्टी का क्षरण होता है। इसके अलावा, तापमान में वृद्धि से मिट्टी की नमी कम होती है जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है। भूमि क्षरण का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ता है। जब भूमि की उर्वरता घटती है तो फसलों की पैदावार कम होती है। इससे कृषि उत्पादन में गिरावट आती है, जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। भोजन की कमी से भुखमरी और कुपोषण की समस्या बढ़ती है। जल संसाधनों पर प्रभाव भूमि क्षरण जल संसाधनों को भी प्रभावित करता है। मिट्टी की जल धारण क्षमता कम होने से जल संचयन घटता है। इसके अलावा मिट्टी के क्षरण से जलाशयों और नदियों में गाद जमा होती है जिससे उनकी जल धारण क्षमता और गुणवत्ता में कमी आती है। इससे जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है। जैव विविधता पर प्रभाव भूमि क्षरण के कारण प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं जिससे जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वन्यजीवों के आवास नष्ट होने से कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर पहुंच जाती हैं। इससे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ता है और पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न होती हैं। सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भूमि क्षरण का समाज और अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। कृषि उत्पादन में गिरावट से किसानों की आय कम होती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के साधनों की कमी से प्रवास और शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती है। इसके अलावा भूमि क्षरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सरकारों को भारी खर्च करना पड़ता है जिससे आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है, जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं। जैसे सतत कृषि पद्धतियां अपनाकर भूमि क्षरण को कम किया जा सकता है। फसल चक्रण, जैविक खेती और कम जुताई जैसी तकनीकों का उपयोग मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा वनों का संरक्षण और नए वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन भूमि क्षरण को रोकने में सहायक होता है। इससे न केवल मिट्टी का क्षरण कम होता है, बल्कि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण भी होता है। मृदा संरक्षण तकनीकों और कंक्रीटिंग का उपयोग करके मिट्टी के क्षरण को कम किया जा सकता है। ये तकनीकें मिट्टी की संरचना को सुधारने और उसकी जल धारण क्षमता को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

> पेड़ के बिना, मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है।

मृदा संरक्षण तकनीकें उन विधियों और प्रथाओं का समूह हैं, जो मिट्टी की गुणवत्ता, उर्वरता और स्थिरता को बनाए रखने के लिए उपयोग की जाती हैं। ये तकनीकें भूमि क्षरण को रोकने और कृषि उत्पादन में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यहां कुछ प्रमुख मृदा संरक्षण तकनीकें इस प्रकार हैं। फसल चक्रण-फसल चक्रण का मतलब है विभिन्न फसलों को एक निर्धारित क्रम में उगाना। इससे मिट्टी के पोषक तत्वों का संतुलन बना रहता है और कीटों और बीमारियों का प्रकोप कम होता है। कवर क्रॉपिंग (मिट्टी को ढकने वाली फसलें) - कवर क्रॉपिंग में खेत की खाली अवधि के दौरान मिट्टी को ढकने के लिए फसलें उगाई जाती हैं, जैसे कि तिपतिया घास या जई। इससे मिट्टी का कटाव कम होता है और उसकी उर्वरता बनी रहती है। कंटूर जुताई-कंटूर जुताई में ढलान वाली भूमि पर समानांतर रेखाओं में जुताई की जाती है। इससे पानी की धाराओं को नियंत्रित किया जा सकता है और मिट्टी का कटाव कम होता है। टेरेसिंग (सीढ़ीदार)- टेरेसिंग में पहाड़ी क्षेत्रों में सीढ़ीदार ढलानों का निर्माण किया जाता है। इससे पानी की गति धीमी होती है और मिट्टी का क्षरण कम होता है। स्ट्रिप क्रॉपिंग (पट्टियों के साथ फसलें लगाना)- स्ट्रिप क्रॉपिंग में एक के बाद एक पट्टियों में विभिन्न प्रकार की फसलें उगाई जाती हैं। इससे मिट्टी की सतह को सुरक्षित रखा जा सकता है और जल संरक्षण में मदद मिलती है। जैविक खाद का उपयोग- जैविक खाद का उपयोग मिट्टी की उर्वरता और जैव विविधता को बढ़ाता है। इससे मिट्टी की संरचना सुधरती है और उसके पोषक तत्व बनाए रहते हैं। निचली जुताई-निचली जुताई में मिट्टी की सतह को कम से कम उलटा-पलटा जाता है जिससे मिट्टी की संरचना और जल धारण क्षमता बनी रहती है। मृदा संरक्षण तकनीकों का उपयोग करके हम न केवल मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रख सकते हैं, बल्कि भूमि की उत्पादकता को भी बढ़ा सकते हैं। इन तकनीकों को अपनाकर, किसानों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होते हैं और पर्यावरणीय स्थिरता को भी बढ़ावा मिलता है।

जल संसाधन प्रबंधन जल संसाधनों का उचित प्रबंधन भूमि क्षरण को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और सिंचाई तकनीकों का उपयोग करके जल संसाधनों को संरक्षित किया जा सकता है। सामुदायिक सहभागिता भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। स्थानीय समुदायों को जागरूक करना और उन्हें भूमि पुनर्स्थापन के प्रयासों में शामिल करना प्रभावी समाधान हो सकता है। भूमि पुनर्स्थापन एक सामूहिक जिम्मेदारी है जिसमें सरकार, गैर-सरकारी संगठन और नागरिक समाज की भागीदारी आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि हमारी भूमि की स्थिति हमारे पर्यावरण, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। सतत कृषि, मृदा संरक्षण, और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से हम भूमि पुनर्स्थापन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# किशोरों को बचाना होगा जहरीली हवाओं से



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

पर्यावरण प्रदूषण 21 वीं शताब्दी की सबसे बड़ी समस्या है। दिनोंदिन बढ़ती जनसंख्या औद्योगीकरण, शहरीकरण और अनियोजित विकास इस समस्या में इजाफा कर रहे हैं। प्रदूषण के कारण भूमि, आकाश, जल, वायु सब प्रदूषित हो रहा है, लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ के चलते किसी को इसकी चिंता नहीं कि आने वाली पीढ़ी और वर्तमान जनसंख्या इसके लिए कितनी भारी कीमत अदा कर रहे हैं।

प्रदूषित हवा और उसके प्रभाव को जानने के लिए वैज्ञानिक नित नए शोध में जुटे हुए हैं, लेकिन हाल में हुए एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि प्रदूषित हवा का अपराध से भी गहरा ताल्लुक है। क्योंकि वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों की चिंताएं बढ़ जाती हैं। तनाव और हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि का असर उनके मस्तिष्क को प्रभावित करने लगता है। उनमें बेचैनी और कसमसाहट होती है तथा वे अनैतिक और आपराधिक व्यवहार करने लगते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार वायु प्रदूषण न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह आपके अनैतिक व्यवहार के लिए जिम्मेदार भी है। 'एक्सपेरिमेंटल स्टडीज के अनुसार वायु प्रदूषण शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से हमारे अनैतिक व्यवहार से जुड़ा हुआ है।

न्यूयॉर्क के 'कोलंबिया बिजनेस स्कूल में हुए शोध में शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन स्थानों पर प्रदूषित हवा का स्तर ज्यादा है, वहां अपराध की दर भी अधिक है। शोध के लेखक डॉ. जैक्सन जी लू कहते हैं, वायु प्रदूषण न केवल लोगों की सेहत खराब करता है, बल्कि उनकी नैतिकता को भी दूषित कर सकता है। हमने पाया कि हवा में मौजूद जहरीले तत्व सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। वहीं 'लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स द्वारा किए एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लंदन में अपराध दर में वृद्धि हुई है। बड़े अपराध नहीं, बल्कि दुकानों में चोरी और जेबकतरी जैसे कम गंभीर अपराध ही ऐसे अपराध हैं, जिन पर वायु गुणवत्ता का अधिक प्रभाव पड़ता है। शोधकर्ताओं ने प्रदूषण के आंकड़ों का उपयोग करके अपराध पर वायु प्रदूषण के प्रभाव की गणना की और इसकी तुलना 2004-2005 के दौरान लंदन में दर्ज 1.8 मिलियन आपराधिक अपराधों से की। फिर उन्होंने उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में आने वाले लोगों में तनाव, हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि देखने के बाद वायु प्रदूषण और अपराध के बीच एक संबंध स्थापित किया। शोध इस बात की पुष्टि करता है कि किशोरों का आक्रामक व्यवहार और अपराध के बीच भी गहरा संबंध है।

प्रदूषित हवा में सांस लेने से किशोरों में बेचैनी बढ़ती है, जो उन्हें आपराधिक कृत्य के लिए उकसाती है। अब तक के साक्ष्य बताते हैं कि वायु प्रदूषण में बुरे व्यवहार को बढ़ाने की क्षमता अधिक है। बचपन में वायु प्रदूषण का सामना करने वाले बच्चों में किशोरावस्था में अवसाद, व्यग्रता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उस समय उत्पन्न हुई यह समस्याएं उनके समूचे जीवन को प्रभावित कर सकती हैं और उनके विकास की राह में बाधक बन सकती हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि वायु प्रदूषण के उच्चतम स्तर की वजह से छोटे और विषैले कण विकसित हो रहे मस्तिष्क में प्रवेश कर जाते हैं जिससे मस्तिष्क में सूजन होती है। इससे भावना और फैसले लेने के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क के हिस्से को नुकसान पहुंचता है। यह रिसर्च स्वच्छ हवा के महत्व को बताने वाली एक चेतावनी है, जो यह दिखाती है कि शहरी क्षेत्रों में हरियाली की कितनी जरूरत है।

मार्च 2019 के एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि जहरीली, प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले किशोरों में मनोवैज्ञानिक घटनाओं का जोखिम अधिक होता है। जैसे कि आवाजें सुनना या घबराहट। लेड के बारे में कहा जाता है कि यह व्यवहार बदल डालता है। इससे सीखने और समझने में दिक्कत आती है। यह बच्चों के इंटेलीजेंट क्योंशेंट को कम कर देता था। इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों द्वारा अधिक टिकाऊ परिवहन, कुशल और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और उपयोग तथा अपशिष्ट प्रबंधन विकसित करके ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि हमारे देश के भविष्य और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा की जा सके।

# देखना होगा गठबंधन का कितना दबाव काम करेगा



अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

> 2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातार बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी।

रविवार शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग ने देश की सत्ता संभाल ली। प्रधानमंत्री के साथ ही 72 मंत्रियों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हालांकि अभी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होना बाकी है, किंतु टीम में पुराने साथियों को जगह मिलना बताता है कि सब नरेंद्र मोदी की योजना के अनुसार हो रहा है। उन्हें अपनी टीम पर पूरा भरोसा और विश्वास है।

2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातर बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी। अब तक ठसक से सत्ता चलाने वाले नरेंद्र मोदी को गठबंधन के घटक दलों की सुननी और माननी होगी। चुनाव से पूर्व ही नरेंद्र मोदी अपना एजेंडा बताते रहे हैं, किंतु इस बार उनके सामने कई और भी चुनौतियां होंगी। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के समय जम्मू में आंतकियों ने श्रद्धालुओं की बस हमला कर मोदी की नई सरकार के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। सरकार पहले ही आंतकवाद से मजबूती से जूझ रही है। उसे आंतकवाद की जड़े खत्म करने के लिए इस कार्यकाल में काम करना होगा। पाक अधिकृत कश्मीर में बैठे आंतकियों के आकाओं के खात्मे के लिए भी उसे लगना होगा।

लोकसभा चुनाव के पहले ही भाजपा ने यह साफ कर दिया था कि मोदी सरकार 3.0 में यूनिफॉर्म सिविल कोड कोर एजेंडे में शामिल होगा। उत्तराखंड में भाजपा सरकार पहले ही इसे लागू कर चुकी है। ऐसे में माना जा रहा था कि केंद्र की सत्ता में लौटने के बाद भाजपा प्राथमिकता के साथ इसे आगे बढ़ाएगी, लेकिन अब सहयोगी दल भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू भाजपा पर इस निर्णय को वापस लेने पर दबाव बना सकते हैं। भाजपा के एजेंडे में वन नेशन, वन इलेक्शन भी शामिल है। इस संबंध में बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी हैं। 47 राजनीतिक दलों में से 32 दल तैयार हैं। एनडीए गठबंधन में इस बार जदयू और टीडीपी की भूमिका अहम है। ऐसे में वे भाजपा के इस एजेंडे पर भी रोड़ा बन सकते हैं।

तीसरे कार्यकाल में केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का विस्तार भी शामिल है। नरेंद्र मोदी चुनावी कार्यक्रमों में यह कहते रहे हैं कि तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसलों के लिए 'मोदी की गारंटी' पूरी की जाएगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने भविष्य के लिए अपने विजन को रेखांकित किया था। भाजपा के 2024 के घोषणा पत्र में आयुष्मान भारत के कवरेज को 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर समुदाय को शामिल करने के लिए आगे बढ़ाने का भी वादा किया गया है। इस एजेंडे को लागू करने में गठबधंन को कोई आपत्ति नहीं होगी और यह सरलता से लागू हो जाएगा। इसके अलावा पाक अधिकृत कश्मीर भी नई सरकार के एजेंडे में शामिल है जिसको लेकर भाजपा के नेता और मंत्री पीओके पर कब्जे को लेकर बयान देते रहे हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोदी सरकार पर देशभर में जातिगत जनगणना कराने को लेकर दबाव बना सकते हैं, क्योंकि बिहार में पिछड़ी जातियों के अलावा दलित और मुस्लिम मतदाताओं का अच्छा खासा प्रभाव है। नीतीश अपने राज्य बिहार में इस जनगणना को करवा चुके हैं। वे लंबे समय से देश में इसे करवाने की डिमांड कर रहे हैं। हालांकि भाजपा इसके विरूद्ध है। नीतीश कुमार वर्षों से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे है। भाजपा में शामिल होने के पहले भी नीतीश ने केंद्र सरकार से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की थी। उन्होंने इस मांग को लेकर बिहार में अभियान चलाने की बात भी कही थी। इसके अलावा चंद्रबाबू नायडू भी आंध्र के लिए स्पेशल पैकेज की मांग कर सकते हैं। ये दोनों नेता अब अपनी इन मांगों को लेकर मोदी सरकार पर दबाव रहेगा। वैसे मोदी ऐसे दबाव से निपटना बखूबी जानते हैं। महाराष्ट्र की शिवसेना को गठबंधन में लेकर ये दबाव कम किया जा सकता। चुनाव से पूर्व विपक्षी गठबंधन से जैसे नीतीश कुमार पलटी मारकर भाजपा के साथ आ गए, ऐसे ही विपक्ष में बैठे कई दल भाग सकतें हैं। बस इशारे की जरूरत है। मोदी पुराने राजनयिक हैं। कब किस हालात से कैसे जूझना है, वह जानते हैं। उम्मीद है कि वह अपनी सूझबूझ से सरकार को सरलता से पांच साल चलाते रहेंगे।

## सोशल फोरम

# क्षयकारी घटनाओं पर रखें दृष्टि



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

जो जन्म लेगा उसकी मृत्यु भी अवश्य होनी है। सृष्टि के साथ विनाश भी अवश्यंभावी है। प्रत्येक प्राणी के लिए यह धरती कुरुक्षेत्र है। उसका जीवन इस धरती की जलवायु, पर्यावरण, विप्लव और आपदाओं के साथ जुड़ा तो है ही, लेकिन आकाश और अंतरिक्ष से संबंधित अनापेक्षित घटनाओं से भी प्रभावित होता है।

इन सबको सकारात्मक मान भी लिया जाए तो भी प्राणी मात्र के विनाश के लिए हर युग में मनुष्य ने अनेकानेक उपक्रम स्वयं ही तैयार किए हैं। आज इक्कीसवीं सदी में तो एक चिंगारी ही काफी है। आठ सौ करोड़ की जनसंख्या को नष्ट-भ्रष्ट करने के लिए। पिछले कुछ सालों से हम इस बात के साक्षी होते जा रहे हैं कि कुछ मनोरोगी राष्ट्रीय प्रमुख या आतंकवादी संगठन इस धरती को विश्व युद्ध की कगार पर खड़ा करने में लगे हैं।

यह संभवतः किसी अदृश्य शक्ति या कहें कि ईश्वर की कृपा रही है कि अभी मानवता आशावादी दृष्टिकोण से आगे बढ़ रही है। कुछ बरस पहले विश्व कोरोना वायरस के प्रकोप से पीड़ित हुआ और याद ही नहीं है कि कितने अपने असमय ही छोड़कर चले गए। एक दिन पंचांग को देख रहा था तो आने वाले आषाढ़ कृष्ण के पन्ने पर नजर डाली। यह पक्ष विश्वघर्ष पड़ गया है। कुरुक्षेत्र के युद्ध के समय भी विश्वघर्ष पक्ष था और कोरोना काल में भी। बीच बीच में अनेक वर्ष इस तरह के आते रहते हैं।

यह एक खगोलीय घटना है। जब चन्द्रमा पूरे पक्ष में पृथ्वी से करीब से गतिमान हो जाता है तो पंद्रह दिन का पक्ष तेरह दिन का हो जाता है अर्थात् एक ही पक्ष में दो तिथियां क्षय हो जाती हैं। इसे विश्वघर्ष पक्ष कहा जाता है। मेरे विश्वास में यह पृथ्वीवासियों के लिए कष्टकारी ही होता है। जो मित्र खगोलीय घटनाएं और उनके ज्योतिषी प्रभाव के अध्ययन में रुचि रखते हैं, उनको आगामी एक वर्ष की विश्व की क्षयकारी घटनाओं पर दृष्टि रखने के लिए तत्पर रहना चाहिए। अनेक सकारात्मक प्रभाव भी पृथक-पृथक व्युत्पन्न होते हैं अन्य ग्रहों की स्थिति शुभ स्थिति के कारण।

-फेसबुक वॉल से

# मोदी को ताजः क्या है सितारों की आवाज



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

> मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध।

रविवार को सायंकाल 7.18 बजे से कुछ मिनटों में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण संपन्न हो गया। पृथ्वी पर नवग्रहों का पूरा नियंत्रण है और वे भविष्य को प्रभावित करते हैं। चुनाव परिणाम आने से काफी पहले 16 मई को मैंने "अमृत विचार" के पृष्ठों पर परिणामों को लेकर एक लेख लिखा था जिसमें मोदी की स्थिति में 'ह्रास' की संभावना बताई थी, जो सही निकली। अब शपथ ग्रहण काल को आधार बनाकर मैं यहां देख रहा हूं कि सरकार का भविष्य क्या है?

मीडिया का एक वर्ग मोदी की उक्त समय ली गई शपथ काल में वृश्चिक लग्न बता रहा है, जो सही नहीं है। उस दिन वृश्चिक लग्न तो सात बजकर पांच मिनट तक ही थी। शपथ धनु लग्न में हुई है जिसका पहला नवांश तत्समय चल रहा था। धनु का स्वामी वृहस्पति होता है और धनु का पहला नवांश मेष है जिसका स्वामी मंगल होता है। मोदी की जन्म लग्न वृश्चिक जरूर है, जहां मंगल के साथ चंद्रमा भी बैठा है। किसी समय का फलादेश करते समय तत्कालीन दशा और गोचर विशेष रूप से दृष्टव्य होता है। 24 अप्रैल, 2024 से मोदी की कुंडली में मंगल की महादशा में शनि की भुक्ति यानी अंतर्दशा चल रही है। अर्थात् आगामी घटनाचक्र में मंगल का रोल प्रबल होगा। शनि और गुरु भी अहम् रोल में हैं तथा राज्य संबंधी मामलों में सूर्य की स्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे दशम भाव यानी राजकाज का कारक हैं।

मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध। राजा दशरथ द्वारा राजसभा में राम के राज्याभिषेक की घोषणा ऐसे ही शनि मंगल संबंधों के समय हुई, जब प्रबल 'राजभंग योग' था, सो परिणाम सब कोई जानता है। मंगल की महादशा में शनि का अंतर हो तो आचार्य मानसागर के अनुसार-उपर्युपरि जायन्ते दुःखान्यपि सहस्रशः।/ जनक्षयं कुजस्यार्की या प्राप्तोऽन्तर्दशा यदा।। अर्थात् मंगल की महादशा में शनि की अंतर्दशा हो तो एक के बाद एक हमेशा दुःख आते ही रहते हैं तथा जन का नाश हो जाता है।)

नवांश लग्नानुसार सूर्य दूसरे भाव में तथा मोदी के जन्म चक्रानुसार सातवें भाव में गोचर कर रहे हैं। दूसरा भाव मारक होता है तथा सातवां प्रणय/विवाह का। इस संदर्भ में प्रणय का मतलब घटक दलों से संबंध से है, जिसे सूर्य भस्म करेंगे। अलबत्ता वृष पर बैठे गुरु मोदी की जन्म लग्न को देख रहे हैं। उनकी दृष्टि शुभ होती है। गुरु ज्योतिष में ब्राह्मण मान्य हैं। प्रतीत होता है कि विप्र वर्ग और प्रबुद्ध वर्ग सहायक होकर मोदी को बल प्रदान करेगा। कुल मिलाकर मोदी का राजमार्ग दुर्गम और कंटकाकीर्ण है। मंगल दो घर के स्वामी होते हैं। दिसंबर से वे छठे भाव (शत्रु, रोग, ऋण) के स्वामी होकर महादशानाथ होंगे, तब कठिनाइयों में और इजाफा होगा। कार्यकाल पूरा होना बेहद कठिन है।

# भूख से बिलखते बच्चे



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

दूसरे विश्वयुद्ध के महाविनाश के बाद बच्चों के चहुंमुखी विकास और सुरक्षा के मकसद से 11 दिसंबर 1946 को संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) की स्थापना की गई थी। इसका मुख्यालय न्यूयार्क में है। इसमें दुनियाभर के 193 देश शामिल हैं और हमारा देश भी इसका सदस्य है, किंतु इस पूंजीवादी दौर में सभी देश चाहें वो विकासशील देश हो या विकसित, चंद मुट्ठीभर लोगों के पास बेशुमार दौलत इकट्ठी हो रही है।

इस कारण अमीर-गरीब की खाई चौड़ी होती जा रही है। ज्यादातर देशों में सामाजिक सुरक्षा ध्वस्त हो रही है और इसका दुष्प्रभाव सबसे ज्यादा बच्चों में देखने को मिल रहा है। यूनिसेफ की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में पांच वर्ष से कम उम्र के 37.2, करोड़ बच्चों में विटामिन की बेहद कमी है। 14.8 करोड़ की वृद्धि भुखमरी के कारण रुकी हुई है और 4.5 करोड़ तो भयंकर भुखमरी का शिकार हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद इन बच्चों को संतुलित और पोषणयुक्त भोजन नहीं मिल पा रहा। दुनियाभर में भुखमरी के शिकार हो रहे बच्चों का अध्ययन करने और उसका निराकरण सुझाने के उद्देश्य से यूनिसेफ ने बाल भोजन दरिद्रता नाम का एक विभाग स्थापित किया है जिसमें इन 193 में से 137 अत्यंत गरीब देशों का चयन किया गया है। यहां दुनिया के करीब 90 प्रतिशत गरीब बच्चे रहते हैं। इन 137 देशों में 63 देशों में तो यूनिसेफ ने एक विशेष अध्ययन किया है, जहां बच्चे लगभग नियमित रूप से भोजन प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं।

इन 63 देशों में भारत का स्थान 40 वां है, जो एक दुखद पहलू है।

ऐसे में देश के विकास को समर्पित नए हुक्मरानों को यूनिसेफ की इस रिपोर्ट का बारीकी से अध्ययन करना चाहिए जिसके लिए इनकी समाजिक जिम्मेदारी और जबाबदेही है। सबसे दुःखद बात यह है कि भारत यूनिसेफ की जारी होने वाली रिपोर्ट्स पर कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जब भी पूछा गया तो जिम्मेदारों ने रिपोर्ट्स को झूठा करार दिया।

## एक नजर

### पुलिस ने बैंक व एटीएम सुरक्षा का लिया जायजा

अमेठी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बैंकों की सुरक्षा व अपराधियों पर निगरानी के लिए अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सोमवार को जनपद के थाना क्षेत्रों में पुलिस ने बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा कम उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई। बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी। बैंक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिये गये।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

उन्नाव, अमृत विचार। सदर कोतवाली अंतर्गत शेखपुर नहर के पास मंदिर से दर्शन कर लौट रहे युवक की बाइक में लोडर ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक चला रहा युवक उछलकर लोडर के पहिए के नीचे आकर कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहंच कर पुलिस ने जांच पड़ताल की। बिहार थानांतर्गत सिघनी सोहरामऊ गांव के मूल निवासी अरविंद किशोर (48) पुत्र राम आसरे परिवार के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के इंद्रा नगर मोहल्ले में रहते थे। वह पुरवा क्षेत्र के बाजीखेड़ा गांव में सीमेंट व सरिया की दुकान किए थे। सोमवार सुबह वह दुकान जाने से पहले मगरवारा स्थित गोकुल बाबा मंदिर दर्शन करने गए थे। वहां से लौटते समय शेखपुर नहर के पास पीछे से आए लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह उछलकर सड़क पर गिर गए और तेज गति से चल रहे लोडर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और परिजनों को इसकी जानकारी दी।

# पुलिस चौकी का हुआ उद्घाटन

संवाददाता, मुंशीगंज, अमेठी


नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन करते अपर पुलिस अधीक्षक।

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सोमवार को नवनिर्मित पुलिस चौकी परतोष का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने यहां की व्यवस्था का जायजा लिया।

बताया कि सभी के सहयोग से नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन हुआ है। चौकी बनने से आम जनमानस को काफी सहूलियत मिलेगी। अब घटनास्थल पर पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगेगा और पुलिस आपकी सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी। उन्होंने जनता से अपील भी की है कि आसपास के क्षेत्र में नशीले पदार्थ व शराब मदिरा का सेवन या लकड़ी कटान का कार्य कोई करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उद्घाटन समारोह से पहले चौकी प्रभारी संजय सिंह ने हवन-पूजन किया। इस मौके पर, एएसपी हरेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी, सीओ जगदीश कुमार, मुंशीगंज प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह, परतोष चौकी प्रभारी संजय सिंह, निरीक्षक विवेक सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# अयोध्या मंडल में सांगठनिक बदलाव नहीं

संवाददाता, मुसाफिरखाना, अमेठी

**समीक्षा**

**लोकसभा चुनाव में हार के बाद बसपा ने विधानसभा चुनावों के लिए शुरू की तैयारी**

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी को लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस बार के संसदीय चुनाव में बसपा जीरो पर ही सिमट गई, जिसके बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी के संगठन में बड़े स्तर पर बदलाव शुरू कर दिए हैं। विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाते हुए बसपा ने पूरे प्रदेश का चार सेक्टरों में बांट दिया है। अयोध्या मंडल की सभी सीटों पर पार्टी के प्रत्याशियों की हार के बावजूद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सांगठनिक समीक्षा में कुछ खास नहीं हुआ है। पार्टी संगठन में जोन की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अयोध्या मंडल को सेक्टर नंबर पांच में शामिल करते हुए चार मुख्य सेक्टर प्रभारी बनाए गए हैं।

बसपा ने अयोध्या मंडल के साथ सेक्टर नंबर पांच में बस्ती मंडल, देवीपाटन मंडल और गोरखपुर मंडल को रखा है। इस सेक्टर का मुख्य सेक्टर प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल, पूर्व सांसद घनश्याम चन्द्र खरवार, सुधीर कुमार भारती और सुरेश कुमार गौतम को बनाया गया है। अयोध्या मंडल में दिलीप कुमार विमल, महेंद्र प्रताप आनंद और रवि प्रकाश कुशवाहा को सेक्टर प्रभारी बनाया गया है। इन्हें अयोध्या और बाराबंकी जनपदों की जिम्मेदारी दी गई है। दूसरी टीम में राजकुमार गौतम, जिया लाल त्यागी और छोटे लाल मौर्य को सेक्टर प्रभारी बनाया गया है, इन्हें अमेठी और सुल्तानपुर जिले में संगठन के काम की जिम्मेदारी दी गई है। अम्बेडकर नगर का संगठन का काम भी दिलीप कुमार विमल, महेंद्र प्रताप आनंद और रवि प्रकाश कुशवाहा देखेंगे। प्रदीप भारती और गया शंकर कश्यप को अयोध्या, विजय कुमार गौतम और राजेंद्र गौतम को बाराबंकी, अरविंद गौतम और दयाराम राजभर को अम्बेडकर नगर, रमेश गौतम और सिद्ध नाथ गौतम को सुल्तानपुर, दिनेश गौतम और राम अभिलाष बौद्ध को अमेठी जिले का जिला प्रभारी बनाया गया है। कृष्ण कुमार पासी को अयोध्या, सुनील सावंत गौतम को अम्बेडकर नगर, सुरेश कुमार गौतम को सुल्तानपुर, दिलीप कुमार कोरी को अमेठी और कृष्ण कुमार रावत को बाराबंकी के जिला अध्यक्ष पद पर बरकरार रखा गया है।

# 45 डिग्री तापमान में लोग हुए बेहाल

## तीखी धूप से सड़कों पर रहा सन्नाटा, गर्मी से जानवर भी व्याकुल

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी


सोमवार को तेज धूप से बचने के लिए सिर ढककर जातीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चार दिन पहले हुई बारिश ने एक-दो दिन तो गर्मी से राहत दिलाई लेकिन अब फिर से गर्मी और तीखी धूप ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार को अमेठी का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हा भीषण गर्मी के दोपहर के समय सड़कों पर पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा। लू चलने के कारण दोपहर के समय लोगों ने घरों में ही रहना मुनासिब समझा। दिन चढ़ने के साथ ही आसमान से आग बरसने लगी थी, दोपहर के समय बहुत जरूरी कार्यों से ही लोग घरों से बाहर निकले। भीषण गर्मी के कारण सरकारी व निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या काफी हद तक बढ़ गई है। ग्रामीण इलाकों में डायरिया, बुखार, पेट दर्द एवं विभिन्न संक्रामक रोगों का प्रकोप बढ़ा हुआ है।

चिलचिलाती धूप के कारण खेतों में काम करने वाले किसानों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। प्रचंड गर्मी के चलते तालाब-पोखर भी सूख गए हैं। तेज धूप के कारण जो पानी पोखरों में बचा है, वह इतना गर्म हो जाता है कि उसे मवेशी नहीं पी रहे हैं। पानी की तलाश में पशु-पक्षी भटक रहे हैं। वहीं तेज हवा के साथ धूल भी उड़ रही है जिससे लोग बेचैन हैं।

### खेतों में सूख रही धान की नर्सरी, किसान चिंतित

सबसे बड़ी समस्या किसानों के लिए बढ़ गई है जो अधिक गर्मी होने के कारण रोपाई के लिए डाले गए धान की नर्सरी अधिक गर्मी होने के कारण सूख जा रही है। सिंचाई भी की जा रही है तो पानी इतना गर्म हो रहा है कि नर्सरी मुरझा कर जमीन में ही सूख जा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों गर्मी अभी और परेशान करेगी। जून में इस भीषण और प्रचंड गर्मी के चलते पूरा आम जनमानस बेहाल हो गया है।

# भाजपाइयों ने मिठाई बांटी, दागे पटाखे

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी।


शुकुल बाजार में मिठाई का वितरण करते विधायक सुरेश पासी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने पर रविवार की देर शाम भाजपा नेताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और पटाख फोड़े।

शुकुल बाजार के अंबेडकर तिराहा पर एकत्रित होकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। भाजपा विधायक सुरेश पासी के अगुवाई में सभी ने पटाखे दागे, मिठाई बांटी, ढोल बजाकर खुशी का इजहार किया। विधायक सुरेश पासी ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं। इस दौरान ठेकेदार समर बहादुर सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा, वीर सिंह, राजीव, संतोष पांडे, महेश दुबे, राजेश मिश्रा, रविंद्र सिंह, जगदीश पाल, रमई, महेंद्र शुक्ला, सोनू त्रिवेदी, संजय मौर्य, रामजीत पाल, शुभम कसौधन, राम सुंदर यादव, नागेंद्र यादव, बद्री यादव, राजेंद्र पासी आदि रहे। वहीं अमेठी शहर में भाजपाइयों ने खुशी जताई है। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद भाजपा से जुड़े व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोले दागे। उत्तराखंड से सांसद अजय टम्टा को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री बनाए जाने पर विश्वकर्मा समाज ने खुशी जताई है। भाजपा के जिला मंत्री अजय विश्वकर्मा ने प्रधानमंत्री की ओर से विश्व कर्मा समाज को सम्मान देने पर हर्ष व्यक्त किया है।

**कार्यक्रम**

**विधायक सुरेश पासी की अगुवाई में कार्यकताओं व समर्थकों ने जताई खुशी**

# अमेठी में नहीं, रायबरेली में आज जनसभा को संबोधित करेंगे राहुल

संवाददाता, अमेठी

**प्रियंका गांधी व अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा भी रहेंगे मौजूद**

**अमृत विचार।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी मंगलवार को रायबरेली भुएमऊ गेस्ट हाउस में धन्यवाद जनसभा को संबोधित करेंगे।

पहले यह जनसभा अमेठी संसदीय क्षेत्र के तिलोई विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक बहादुरपुर के ग्राम सभा रामपुर जमालपुर के हिमाचल का पुरवा में आयोजित होनी थी। लेकिन सोमवार को कार्यक्रम स्थल के परिवर्तन के सम्बंध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने जानकारी दी है।

कांग्रेस के ज़िलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बताया कि अमेठी एवं रायबरेली में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर भुएमऊ गेस्ट हाउस रायबरेली में 11 जून को दोपहर 3 बजे राहुल गांधी रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं की धन्यवाद जनसभा को संबोधित करेंगे। सिंघल ने बताया कि राहुल गांधी के साथ कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा व अमेठी के नवनिर्वाचित सांसद किशोरी लाल शर्मा भी धन्यवाद जनसभा को संबोधित करेंगे।

बता दें अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व रायबरेली में राहुल गांधी ने भाजपा प्रत्याशी राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। जिसके उपलक्ष्य में कांग्रेस द्वारा अमेठी व रायबरेली के लोगों को धन्यवाद देने के लिए धन्यवाद सभा का आयोजन किया जा रहा है।

# ग्रामीणों ने भाजपा बूथ अध्यक्ष और उनके पिता को पीटा

संवाददाता, पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत नाली का गंदा पानी बहाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद पड़ोसी गांव के लोगों ने भाजपा के बूथ अध्यक्ष व उसके की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। उन्हें बचाने के लिए ग्रामीणों को आता देख हमलावर मौके से भाग निकले।

कोतवाली क्षेत्र के बनिगांव निवासी रामप्रकाश पांडेय, उनका बेटा सौरभ अलग-अलग क्षेत्र के भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। सौरभ अपने पिता और भाई निधीश के साथ गांव के मजरा पुरैनीखेड़ा में अपने खेत गया था। जहां गांव के सुंदरलाल के घर की नाली का गंदा पानी उनके खेत में बह रहा था। इसका विरोध करने पर राम प्रकाश व सुंदरलाल में कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान सुंदरलाल का बेटा मनीष अपने पांच साथियों के साथ आया और मारपीट शुरू की दी। शोर सुन खेतों में काम कर रहे ग्रामीण उन्हें बचाने दौड़े तो हमलावर वहां से भाग निकले। परिजनों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से राम प्रकाश को जिला अस्पताल भेजा गया। एसएचओ ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है। जांच की जा रही है।

### प्रधान पति ने मारपीट का लगाया आरोप

**औरास, उन्नाव, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के अलीपुर मिचलौला गांव निवासी प्रधान पति मंशाराम ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव में लगने वाली बाजार में वह सब्जी लेने गया था। तभी गांव के हरदयाल, ॠषि व आर्यन निवासी रामपुर राई, लाली पुत्र रामबाबू के साथ गालियां देते हुए मारपीट कर रहे थे। बीच-बचाव करने गए प्रधान पति मंशाराम आदि ने अभद्र भाषा प्रयोग करते हुए मारपीट की। मारपीट की खबर सुन पहुंची उसकी पत्नी कौशल्या को भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित प्रधान पति ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### संगम एकीकृत पोर्टल दिलाएगा रोजगार

**अमेठी अमृत विचार।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने शिक्षित बेरोजगार युवाओं का भविष्य को संवारने तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध करने के उद्देश्य से रोजगार संगम एकीकृत पोर्टल शुरूआत की है। जिससे अब युवाओं को योग्यतानुसार रोजगार मिलना और भी आसान हो गया है। साथ ही नियोजकों को भी आवश्यकतानुसार कर्मचारी मिलने के विकल्पों में वृद्धि होगी। बताया कि रोजगार संगम पोर्टल पर जनपद के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों सरकारी प्राइवेट आईटीआई तथा अन्य महाविद्यालयों को भी जोड़ा जा रहा है, जिससे उन संस्थानों में अध्ययनरत अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं तथा पास आउट अभ्यर्थी भी कॅरियर काउन्सिलिंग की सुविधा तथा रोजगार मेलों का लाभ ले सकेंगे। इसके लिए नवनिर्मित रोजगार संगम पोर्टल पर सभी नियोजकों, इन्सटीट्यूशनों, रोजगार चाहने वालों को पंजीकरण करना होगा। जिला सेवायोजन कार्यालय के साथ नियोजक व शिक्षण संस्थान समन्वय बनाते हुये प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर सकेंगे तथा जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से कॅरियर काउंसिलिंग की सेवा भी अभ्यर्थियों को नि :शुल्क प्रदान की जायेगी व साथ ही अभ्यर्थी पोर्टल से देश, विदेशों में भी जॉब ऑफर प्राप्त कर सकेंगे।


बैठक में मौजूद बौद्ध धर्म के लोग। अमृत विचार

### आम सभा की बैठक संपन्न, कार्यकारिणी का विस्तार

**अमेठी, अमृत विचार।** सोमवार को सिरमौर बौद्ध विहार सेवा संस्थान की आमसभा की बैठक हुई। बैठक में संस्थान की नियमावली में संशोधन के लिए प्रस्ताव पारित करने के साथ सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। आमसभा की बैठक बौद्ध भिक्षु भंते धम्मदीप और भंते प्रज्ञा मित्र की ओर से सामूहिक त्रिसरण पंचशील के बाद प्रारंभ हुई। खुले सत्र में सचिव राम फल फौजी और कोषाध्यक्ष राम टहल ने आय व्यय के विवरण के साथ बौद्ध विहार के विकास के सम्बन्ध में हुए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। प्रतिनिधि सत्र में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नवीन गठन किया गया। नवीन कार्यकारिणी में प्रबन्धक के के रूप में भंते प्रज्ञा मित्र, भंते धम्म दीप को अध्यक्ष, संजीव भारती को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष - संतोष कुमार गौतम, केपी सविता को उप प्रबंधक, राम फल फौजी को सचिव, राम टहल बौद्ध को कोषाध्यक्ष, संजय कुमार को संगठन सचिव, डा नन्हे लाल को प्रचार सचिव, राम चन्द्र बौद्ध को लेखा परीक्षक चुना गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य में बाबू लाल, बेंचूलाल, नजरू, हीरालाल, रामकिशोर, राम चंद्र सरस, नागेश्वर बौद्ध, राजेश अकेला, ललित कुमार, मोती लाल, श्याम लाल, श्याम कुमार, किसुन पाल, राम प्रताप बौद्ध, त्रिभुवन दत्त, बृजेश कुमार, निशा, सूरज भारती, सुनील कुमार, बड़े लाल, हरिकेश कुमार, पंकज, नरेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, कुल रोशन, उमाशंकर वर्मा, रामदीन मौर्य आदि मौजूद रहे।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान, हत्या का आरोप


सलोनी देवी।

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत बसैना ललऊखेड़ा गांव में एक साल की विवाहिता को फंदे से लटका देख परिजन उसे उतारकर लोहचा सीएचसी लाए। जहां डाक्टर के उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मायका पक्ष पहुंचा और बेटी को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया। अचलगंज थानाक्षेत्र के गौरी त्रिभनापुर गांव निवासी दिव्यांग नरेंद्र कुमार ने बताया कि उसने अपनी बेटी सलोनी देवी (20) की शादी इसी थानाक्षेत्र के बसैना ललऊखेड़ा गांव निवासी जीतू से आठ मई-2023 में की थी। बताया कि बेटी के ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वे दो लाख रुपये और फ्रिज की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित करते थे। रविवार शाम बेटी से मारपीट कर ससुरालियों ने उसे फंदे से लटका दिया और मौत होने पर उसे सीएचसी लाए। सूचना पर वे लोग पहुंचे और बेटी की हत्या किए जाने की सूचना पुलिस को दी। जांच के बाद पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने होने की बात सामने आई है। पिता ने दामाद जीतू सहित ससुर, सास पुन्नी व ननद प्रियंका सहित अन्य ससुरालियों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

### डीसीए की टीम ने बाराबंकी को 103 रनों से हराया

**उन्नाव, अमृत विचार।** यूपीसीए द्वारा खेल सत्र 2024-25 के लिए लखनऊ में आयोजित मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में डीसीए न बीसीए टीम को पहले मैच में 103 रन के अंतर से शिकस्त दी। बाराबंकी के कप्तान ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। इसलिए बल्लेबाजी करने उतारी जिले की टीम ने निर्धारित 45 ओवर बैटिंग करते हुए चार विकेट के नुकसान पर 242 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाराबंकी की टीम मात्र 109 रन बनाकर ढेर हो गई। टीम का कोई भी बल्लेबाज बहुत देर तक क्रीज पर नहीं टिक सका।

# उन्नाव जंक्शन बनेगा अमृत स्टेशन, कार्य शुरू

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** उन्नाव जंक्शन को अमृत स्टेशन बनाने का काम शुरू होने से अब इसके आधुनिकीकरण की उम्मीदें बढ़ गई हैं। विभाग द्वारा इसके लिये ध्वस्तीकरण का काम भी शुरू करवा दिया गया है। हालांकि, इस योजना का लखनऊ में बैठकर ही अधिकारी क्रियान्वयन करा रहे हैं। जिससे काम तेजी नहीं पकड़ पा रहा है। निर्माण से पहले ध्वस्तीकरण तो शुरू हुआ है लेकिन, किस्तों में स्टाफ क्वार्टर गिराए जा रहे हैं। इसके बाद प्लेटफार्म-एक पर संचालित आरपीएफ बैरक व इलेक्ट्रीशियन कक्ष ध्वस्त होंगे। अंत में मुख्य भवन को नया लुक देने के लिहाज से आवश्यकतानुसार तोड़फोड़ की जाएगी।

पिछले साल अमृत योजना की आधारशिला रखी गई थी। रेल मंत्रालय की वरीयता में अयोध्या सहित उसी रूट के अन्य स्टेशनों को विकसित बनाना शामिल था, जिससे इधर कोई तवज्जो नहीं दी गई। पिछले माह मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति द्वारा अपनी टीम के साथ यहां निरीक्षण किया था। इसके बाद अब स्टेशन परिसर के पास बने आवासीय भवनों का ध्वस्तीकरण किया जा चुका है। साथ ही आरपीएफ बैरक से लेकर पूछतांछ कार्यालय के पीछे तक बिछाई गई इंटरलाकिंग को भी उखाड़ दिया गया है। कुछ आवासीय भवन सहित स्वच्छता स्टोर व आरक्षण केंद्र (टिकट घर) को ध्वस्त किया जाना बाकी है। माना जा रहा है कि टिकट बिक्री जारी रखते हुए अमृत स्टेशन का नवनिर्माण करने के लिए पहले नया आरक्षण केंद्र बनाकर तैयार करने के बाद भी ध्वस्तीकरण किया जा सकता है। इसी तरह आरपीएफ बैरक व इलेक्ट्रिशियन कक्ष की छतों को भी गिराया जा सकता है। इसके अलावा प्लेटफार्म नंबर एक पर बने प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय सहित कुछ अन्य पुराने बने कक्षों की छतें भी बारिश में टपकती है। इसलिए इन्हें भी ध्वस्तीकरण की जद में लिया जाएगा। स्टाफ सहित अन्य लोग खुलकर बोलने के बजाए दबी जबान स्थानीय स्तर पर कैंप किए बिना निर्माण कार्य की सही मानीटरिंग न होने की बात स्वीकार करते हैं।

**धर्म-कर्म** गायत्री परिवार अमेठी की सुपर 100 टीम शान्तिकुंज में प्राप्त करेगी विशेष प्रशिक्षण

# हरिद्वार से शक्ति कलश लाने के लिए गायत्री परिवार रवाना

संवाददाता, अमेठी


शांति कुंज हरिद्वार को रवाना होती गायत्री परिवार अमेठी की सुपर 100 टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गायत्री परिवार अमेठी की सुपर 100 टीम सोमवार को जनता एक्सप्रेस से शान्तिकुंज के लिए रवाना हुई। 11 से 13 जून तक युगतीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार में अमेठी के परिजनों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में व्यक्तित्व विकास के साथ- साथ जीवन जीने की कला पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा।

जिला समन्वयक डॉ. त्रिवेणी सिंह ने बताया कि 18 से 22 मार्च 2025 की तिथियों में अमेठी में 251 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन होना है। कार्यक्रम की सफलता के लिए शान्तिकुंज हरिद्वार से शक्ति कलश लाने के लिए अमेठी गायत्री परिवार के सैकड़ों कार्यकर्ता शान्तिकुंज जा रहे हैं। गायत्री तीर्थ शान्तिकुंज में तीन दिवसीय प्रशिक्षण के बाद 13 जून को डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं श्रद्धेया दीदी शैलबाला पण्ड्या द्वारा शक्ति कलश प्राप्त कर वापसी होगी। इस शक्ति कलश को अमेठी जनपद के प्रत्येक गांव तक पहुंचाने की योजना बनाई जा रही है। युवा समन्वयक डॉ. दीपक सिंह ने बताया कि जनपद के सभी ब्लॉकों से कार्यकर्ताओं की भागीदारी उत्साहजनक है। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवा शान्तिकुंज चल रहे हैं। शान्तिकुंज से लौटने के बाद गांव-गांव में जन जागरण अभियान चलाया जायेगा। अमेठी में रक्तदान, वृक्षारोपण, नशामुक्ति अभियान, गृहे गृहे महायज्ञ, मंत्र लेखन, व्यक्तित्व परिष्कार की योजनाओं को विस्तार दिया जायेग। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन सुभाष चंद्र द्विवेदी, गायत्री सिंह, लाल अशोक सिंह आदि ने अमेठी रेलवे स्टेशन पहुँचकर गायत्री मंत्रोच्चार के साथ सभी परिजनों को शुभकामनाएँ देते हुए शान्तिकुंज के लिये विधाई दी। शान्तिकुंज जाने वालों में डॉ. त्रिवेणी सिंह, डॉ. दीपक सिंह, इंद्रदेव शर्मा, रजवंत सिंह, कैलाश सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, राजकुमार सिंह, डॉ. धर्मेंद्र तिवारी, रमेश कुमार सिंह, अरुण सिंह, आचार्य सुभाष शांडिल्य, अनुभव त्रिपाठी, सत्य नारायण सिंह, सरयू प्रसाद, आचार्य सुरेंद्र सिंह, सरिता सिंह, संजय अग्रहरि, कोमल मिश्र, रोली सिंह, दिवाकर सिंह, प्रशांत सिंह, प्रज्ञान्स शर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### मांस की दुकानें हटाने को लेकर दी चेतावनी

**पुरवा उन्नाव, अमृत विचार।** पुरवा नगर पंचायत के बेगमगंज में शिव मंदिर के पास खुले में मांस बिक्री को लेकर पश्चिम टोला के समाजिक कार्यकर्ता तमाम लोगों के साथ धरने पर बैठने पर ईओ ने मांस विक्रेताओं को अपनी दुकानें हटाने का अल्टीमेटम दिया है। बता दें कि मंदिर मोहल्ला बेगमगंज में शिव मंदिर के पास मुर्गा मंडी लगती है। जहां खुलेआम मांस काटकर बेचा जाता है। इसकी शिकायत कई बार नगर पंचायत प्रशासन और एसडीएम से स्थानीय लोगों द्वारा की गई। नगर पंचायत ने इनको नोटिस भी दी थी। लेकिन खुले में मांस बिक्री पर रोक नहीं लगी। क्षेत्र के समाजिक कार्यकर्ता मनीष कुमार इसे लेकर धरने पर बैठ गए। इसकी जानकारी मिलने पर ईओ संदीप कुमार पुलिस के साथ पहुंचे और दुकानें हटाने के निर्देश दिए।

# अशरफ के साले की 5 संपत्ति चिह्नित

▸▸ उमेशपाल हत्याकांड में है आरोपित

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचार:** माफिया अशरफ के साले सद्दाम की पूरा मुफ्ती इलाके में चार अचल और एक चल संपत्ति पाई गई है। पुलिस के मुताबिक इस जमीन को उसमे अपनी दबंगई और अवैध रूप से कमाई गयी दौलत से बनाया है। इसकी जांच पुलिस ने शुरु कर दी है। जांच रिपोर्ट राजस्व विभाग को भेजी जाएगी। जिसके बाद राजस्व विभाग रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करेगा।

मालूम हो कि माफिया अशरफ के साले ने अवैध तरिके से अकूत दौलत कमाई है। जिसके बाद कई सम्पत्ति बनाई है। जिस सम्पत्ति पर पुलिस ने जांच शुरु की है वह गौसपुर कटहुआ और हटवा गांव में है। अशरफ का साला सद्दाम उमेश पाल हत्याकांड के मामले में जेल भेजा गया था। वह इन दिनों बदायूं की जेल में बंद है। इस प्रापर्टी को पुलिस गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क करेगी। इसकी रिपोर्ट बरेली पुलिस को भेजी जाएगी। सद्दाम पर उमेशपाल हत्याक़ांड का आरोप लगा है। वह बरेली जेल में अपने जीजा अशरफ की पूरी मदद करता था। इस हत्याकांड से पहले शूटरों को भी जेल में मिलवाने का काम किया था। अब इस जमीन के मामले की जांच पुलिस ने शुरु कर दी है। जांच रिपोर्ट राजस्व विभाग को भेजी जाएगी। जिसके बाद राजस्व विभाग रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करेगा।

### अतीक की जमीन पर बिल्डर ने किया कब्जा, बेचने की कोशिश

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** दूसरों की जमीन पर कब्जा करने वाले माफिया अतीक अहमद की मौत के बाद अब उसकी ही जमीन पर बिल्डर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। इस जमीन पर बिल्डरों ने कब्जा जमाते हुए चोरी से बेचने की कोशिश की है। जानकारी होने पर पुलिस ने सत्यापन के बाद पुन : जमीन पर कुर्क होने का नोटिस बोर्ड लगा दिया। आईएस-227 गैंग के सरगना माफिया अतीक-अशरफ की न जाने बेनाम अरबों की बेनाम सम्पत्तियां है। अतीक और उसके भाई अशरफ की मौत के बाद पुलिस ने करीब 1800 करोड़ की सम्पत्ति को कुर्क भी किया है। इसके अलावा अतीक के रिश्तेदारों की सम्पत्तियों को भी कुर्क किया है। अतीक की सम्पत्ति सागर की तरह है। जो खत्म होनें का नाम नही ले रही है। वहीं अतीक की मौत के बाद अब अन्य दूसरे गैंग के सदस्य और बिल्डर अतीक की जमीनों पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे है। एक नया मामला जीटीबी नगर करेली का है। इससे अतीक की 594 वर्ग मीटर जमीन को पुलिस ने कुर्क किया था। जहां उसी कुर्क जमीन हो कब्जा करने की कोशिश की गयी है। इतना ही नही जमीन हो कब्जा करने के साथ उसे बेचने की तैयारी कर रहे थे। इसकी भनक पुलिस को लगी तो वह दंग रह गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसका सत्यापन किया और उसके बाद उस जमीन पर कुर्क करने के आदेश के साथ बोर्ड लगा दिया। मालूम हो की इस जमीन को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया था। इस भूमि की कीमत लगभग सात करोड़ रुपये है।

# करोड़ों की ठगी करने वाले पति और पत्नी की अयोध्या में मिली लोकेशन

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचार:** 400 करोड़ की ठगी और लोगों के साथ फर्जीवाड़ा करने वाले पति पत्नी के मामले में कई नए खुलासे हुए है। जांच में पता लगा है कि इनके पास करोड़ों की नामी बेनामी सम्पत्ति है। फिलहाल अभी दोनों पति-पत्नी फरार है। इनकी लोकेशन अयोध्या में मिलने के बाद पुलिस की एक टीम अयोध्या में इनकी तलाश कर रही है।

मालूम हो कि रियल एस्टेट और शेयर बाजार में लाखों रुपए लगाने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने का यह मामला 6 जून 2024 क है। इसकी जानकारी 6 जून को पुलिस को मिली थी। बतादें कि गोविंदपुर के रहने वाले डॉ. ओम प्रकाश द्विवेदी के बेटे अभिषेक द्विवेदी ने 2020 में पत्नी निहारिका के नाम से एक कंपनी बनाई थी। इसका आफिस सिविल लाइंस के साईंधाम लैंडमार्क टावर में बनाया गया था। जिसमें काफी लोगों ने रुपए लगाए थे। अभिषेक द्विवेदी ने लोगों को रुपए भी दिया, करीब छह महीने एक लोगों को रुपये देना बंद कर दिया। जानकारी हुई कि डा. ओम प्रकाश ने पुत्र अभिषेक को अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया है। वही लोग अधिवक्ता कौशल सिंह के साथ शिवकुटी थाने पहुंच गये। जिसके बाद कंपनी नए मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक द्विवेदी, निहारिका व डा. ओम प्रकाश द्विवेदी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया गया। वही पुलिस दोनों पति पत्नी की तलाश कर रही है।

## सार-संक्षेप

### कौशाम्बी में 13 को लगेगा रोजगार मेला

**संवाददाता, कौशाम्बी, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन, राजकीय आई . टी . आई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में13 जून को राजकीय आई .टी . आई .मंझनपुर के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां के माध्यम से आई .टी .आई ., नॉन आई .टी . आई . एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेगी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की वेबसाइट rojgaarsangam .up .gov .in पर अपना पंजीयन करते हुए अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति/रिज्यूम के साथ सुबह 10 .30 बजे प्रतिभाग कर सकते हैं।

### तैराकी प्रतियोगिता के प्रतिभागी करें आवेदन

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** सिद्धार्थनगर में 20 से 23 जून तक प्रदेश स्तरीय सब जूनियर 10 से 11 वर्ष बालक/बालिका एवं जूनियर प्रथम 15 से 17 वर्ष एवं जूनियर वर्ग 12 से 14 वर्ष तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रीड़ाधिकारी पूनमलता राज ने बताया कि जिला स्तरीय जो भी खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते है क्रीड़ाधिकारी कार्यालय दिवस में सम्पर्क कर सकते है। मण्डल में 11 जून को ट्रायल है।

### जिला सेवायोजन कार्यालय में 15 को लगेगा रोजगार मेला

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में 15 जून को सुबह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनी बी .एल .एस . इण्टरनेशनल सर्विस लिमिटेड ( मिरैक्युलस) के द्वारा पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के बिलिंग आपरेटर पद हेतु ऐसे अभ्यर्थी जिनकी शैक्षिक योग्यता इण्टर व आयु सीमा 21 वर्ष से 47 वर्ष तथा सुपरवाइजर पद हेतु ऐसे अभ्यर्थी जिनकी शैक्षिक योग्यता स्नातक उत्तीर्ण व आयु सीमा 21 वर्ष से 47 वर्ष चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपनी समस्त मूल शैक्षिक योग्यताओं एव पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होकर प्रतिभाग करना है।

### डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एंटी रैगिंग समिति का गठन

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन शासन के निर्देश के क्रम में जिला स्तरीय एण्टी रैगिंग समिति का गठन किया है। जिला स्तरीय एण्टी रैगिंग समिति में अध्यक्ष डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल सदस्य, एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा सदस्य सचिव, जबकि प्राचार्य पीबीपीजी कालेज प्रो .अमित कुमार श्रीवास्तव, प्राचार्य एमडीपीजी कालेज प्रो .मनोज मिश्र, प्राचार्य सांगीपुर राजकीय डिग्री कालेज चन्द्र प्रकाश, प्राचार्य राजकीय पालीटेक्निक चिलबिला, प्राचार्य आईटीआई प्रतापगढ़ सदस्य, चिन्तामणि पाण्डेय मीडिया प्रतिनिधि, स्वैच्छिक संगठन के प्रतिनिधि के रूप में रोशन लाल उमरवैश्य एवं छात्र संघ के प्रतिनिधि को सदस्य नामित किया गया है। डीआईओएस सरदार सिंह एण्टी रैगिंग समिति के नोडल अधिकारी नामित किये गये है, जो समस्त सम्बन्धित से समन्वय कर समिति की प्रारम्भिक बैठक गर्मी की छुट्टी में कराना सुनिश्चित करेगें। बैठक में रैगिंग के संकट को रोकने व समाप्त करने हेतु उच्च शैक्षणिक संस्थानों में एण्टी रैगिंग रेग्युलेशन-2009 में दी गई व्यवस्थानुसार एजेण्डा बिन्दु तैयार कर बैठक कराना सुनिश्चित करेंगे।

### पालकी शोभायात्रा के साथ शुरू होगा साईंनाथ महोत्सव

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** तीन दिवसीय परंपरागत साईंनाथ महोत्सव का आयोजन नगर में इस बार भी धूमधाम से किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। साई दर्शन मंदिर बलीपुर में होने वाले आस्था के इस आयोजन का शुभारंभ 20 जुलाई शनिवार को बाबा के नगर भ्रमण पालकी शोभायात्रा से होगा। गुरु पूर्णिमा पर होने वाले इस आयोजन की तैयारी को लेकर साईं नारायण संस्थान भक्त मंडल की बैठक होने लगी है। अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ ने बताया कि यह महोत्सव 20, 21, 22 जुलाई को क्रमवार होगा। पहले दिन दोपहर तीन बजे बलीपुर मंदिर से बाबा की पालकी शोभायात्रा निकलेगी। दूसरे दिन 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व मंदिर में मनाया जाएगा। अंतिम दिन बाबा का दिव्य प्रसाद भक्त पा सकेंगे। मंदिर को दिव्यता से सजाया जाएगा। महिला भक्त मंडल, युवा मंडल को भी जिम्मेदारी दी जाएगी।

### ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, घंटों ठप रही विद्युत आपूर्ति

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** कटरा रोड पर हनुमान मंदिर के पास सोमवार को दोपहर करीब तीन बजे 250 केवीए का ट्रांसफार्मर धू- धू कर जलने लगा। शार्ट सर्किट से लगी आग ने थोड़ी ही देर में विकराल रूप ले लिया। भीषण आग देख सड़क से गुजर रहे राहगीर सहम गए। उन्हें अपने वाहन रोकने पड़े। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना विद्युत उपकेंद्र दहिलामऊ को दी। सूचना मिलते ही आनन- फानन में बिजली की सप्लाई ठप की गई। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। करीब साढ़े सात बजे विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाई।

### ई केवाईसी के लिए राशन की दुकानों पर लगी भीड़

**संवाददाता, हलिया ( मिर्जापुर ) । अमृत विचार :** क्षेत्र में संचालित सरकारी सस्ते गल्ला वितरण की दुकानों पर ई केवाईसी कराने के लिए सुबह से ही राशन कार्डधारकों की भीड़ दुकानों पर जुट जा रही है। दुकानदारों द्वारा राशन कार्डधारकों के सभी यूनिट के सदस्यों का ई पास मशीन से ई केवाईसी किया जा रहा है। ई केवाईसी नहीं कराने वाले राशन कार्डधारकों के यूनिट कम कर दिया जायेगा। ऐसे में सभी राशन कार्डधारकों द्वारा अपने राशन कार्ड में शामिल सभी यूनिट का ई केवाईसी कराने के लिए अपने अपने दुकानों पर पहुंचकर ई केवाईसी कराया जा रहा है। मिर्जापुर जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत जारी कुल राशन कार्डधारकों की संख्या 454386 में प्रचलित यूनिट 1920406 का ई केवाईसी कराया जाना है। जिसमें राशन कार्डधारक के मुखिया से सदस्य का संबंध व मोबाइल नंबर अपडेट करना अनिवार्य है। इस संबंध में आपूर्ति निरीक्षक हलिया विनोद तिवारी ने बताया कि राशनकार्ड कार्डधारकों का दुकानों पर उनके कार्ड में शामिल यूनिट का ई केवाईसी कराया जा रहा है जिससे राशनकार्ड से यूनिट कम ना हो ई केवाईसी नही कराने वाले कार्डधारकों के यूनिट काट दिया जायेगा।

### बच्चों की इम्युनिटी बढ़ाने को पिलाई गई दवा

**संवाददाता, झूंसी, अमृत विचार :** सुदर्शन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर त्रिवेणीपुरम, झूंसी एवं विश्व आयुर्वेद मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयुर्वेदीय स्वर्ण प्राशन संस्कार का नि :शुल्क आयोजन सोमवार को किया गया। इस दौरान नवजात शिशु से लेकर 16 वर्ष की आयु तक के 108 बच्चों को स्वर्ण विन्दु के रूप में स्वर्ण प्राशन की दूसरी खुराक पिलाई गई। विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष, प्रो .( डॉ) जीएस तोमर ने बताया कि इससे बच्चों को दीर्घायु, ऊर्जा, मेधा शक्ति व रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान होगी। स्वर्ण प्राशन से बच्चों की बुद्धि, पाचन शक्ति, शारीरिक शक्ति एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होने के साथ-साथ उनका वर्ण भी निखरता है। सुदर्शन आयुर्वेद केंद्र के निदेशक राजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्वर्ण प्राशन की यह खुराक वर्ष भर प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र के दिन बच्चों को नि :शुल्क पिलाने की योजना है। अगली खुराक सात जुलाई को पिलाई जाएगी।

### साहित्यकार विजयानंद तेलंगाना में हुए सम्मानित

**संवाददाता, झूंसी। अमृत विचार :** साहित्यकार एवं अखिल भारतीय हिंदी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ . विजयानंद को उनकी दीर्घ कालीन साहित्य सेवा के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हैदराबाद, तेलंगाना की ओर से राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान के सभागार में सम्मानित किया गया। अध्यक्षता जयपुर के ओम प्रकाश और मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ .विजयानंद रहे। संयोजन वरिष्ठ अधिकारी एवं साहित्यकार डॉ .अर्चना पांडेय तथा संचालन सुब्बाराव ने किया।

### सीएमओ दफ्तर में लगी आग से मचा हड़कंप, फाईलें जलकर हुई राख

**प्रयागराज। अमृत विचार :** सीएमओ दफ्तर के रिकॉर्ड रूम में सोमवार की दोपहर बाद अचानक आग लग गई। रिकॉर्ड रूम में लगी आग देखकर हड़कंप मच गया। आग की लपटों में रिकॉर्ड रूम के अंदर रखी सैकड़ों फाइल जलकर राख हो गई। काम कर रहे कर्मचारी व अन्य सभी स्टॉफ आग लगता ही बाहर भागने लगे। तत्काल सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक रिकॉर्ड रूम में रखें जरूरी कागजात और फाइलें जलकर राख हो गई थी। रिकॉर्ड रूम में काम कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि इस दफ्तर के ऊपर से बिजली का तार गया हुआ है। जिसमें अचानक से चिंगारी निकलने के बाद आग लग गई। कर्मचारियों ने बताया कि रिकॉर्ड रूम में काफी पुराने कागज़ात और फाइल रखी थी। आग की लपटों ने पूरी फाइलों और कागजात को अपने आगोश में ले लिया था। सीएमओ डॉक्टर आशु पांडे ने बताया कि अचानक से लगी इस आग में काफी नुकसान हुआ है। इस आगजनी की घटना से एक बड़ा हादसा होने से टल गया है।

# सोनपुर में मौलाना की हत्या के तीसरे दिन भी रहा सन्नाटा

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** जेठवारा थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव में मौलाना की हत्या के तीसरे दिन भी सन्नाटा पसरा रहा। गांव में तनाव को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस और पीएसी को तैनात किया गया है। आरोपी फरार चल रहे हैं। परिवार के लोग घर छोड़कर चले गए हैं। गांव में सिर्फ खाकी की मौजूदगी ही दिखाई दे रही है। मौलाना के घर पर संवेदना व्यक्त करने वालों की भारी भीड़ जमा हो रही है।

शनिवार को सुबह भूमि विवाद में पैसे के लेनदेन को लेकर मौलाना फारूक की हत्या कर दी गई थी। वह आरोपी चंद्रमणि तिवारी के दरवाजे पर पहुंचे थे। किसी बात को लेकर चंद्रमणि तिवारी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मौलाना फारुक के सिर पर कुल्हाड़ी और रॉड से वार कर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों की भीड़ ने जमकर बवाल किया था। लोगों को शांत कराने में डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल के भी पसीने छूट गए थे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रयागराज जोन के कई जनपदों की पुलिस को बुलानी पड़ गई। घटना के दूसरे दिन परिजनों के साथ कुछ समाज के बुजुर्गों की सूझबूझ के चलते रविवार की सुबह उनके परिजनों ने मौलाना के शव को पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। घटना के बाद तनाव को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से गांव में भारी संख्या में रात दिन पुलिस व पीएसी की तैनात कर दी गई है। घटना से भयभीत आरोपियों के परिवार के लोग घर छोड़ कर फरार हैं। उनके पड़ोसियों के घरों में भी ताला लटका हुआ है। एसओ जेठवारा धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि हत्या के दो आरोपियों को जेल भेजने के बाद अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।



मौलाना फारूक के परिजनों से बात करते सांसद डॉ . एसपी सिंह पटेल, मौजूद विधायक राम सिंह पटेल और मौजूद लोग। अमृत विचार



हत्यारोपियों के घर पर सन्नाटा और तैनात पुलिस फोर्स। अमृत विचार

### सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने जताई संवेदना

प्रतापगढ़ के नवनिर्वाचित सांसद डॉ .एसपी सिंह पटेल सोमवार को सोनपुर गांव पहुंचे। मौलाना फारूक की हत्या पर अफसोस और दु :ख जताते हुए उनके परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा। इस दौरान पट्टी विधायक राम सिंह पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### सांसद व विधायकों समेत 10 नेताओं की टीम 15 को पहुंचेगी सोनपुर

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सोनपुर गांव में मौलाना फारूक की हत्या की जांच और जानकारी के लिए नवनिर्वाचित सांसद डॉ . एसपी पटेल के साथ पूर्व मंत्री और विधायक कमाल अहमद, नफीस अहमद, डॉ .आरके वर्मा, राम सिंह पटेल, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव, मो .शकील नदवी, उदय वीर सिंह, गुलशन यादव, अब्दुल कादिर जिलानी का एक प्रतिनिधि मंडल 15 जून को सोनपुर जाएगा। सपा के नेता मौलाना फारूख की हत्या की जानकारी लेने के बाद पुलिस द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तैयार कर सपा मुखिया अखिलेश यादव को सौंपेंगे। उक्त जानकारी समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने दी है।

# 166 केंद्रों पर 80 हजार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

संवाददाता, प्रयागराज

### उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र जून 2024 की परीक्षाएं प्रदेश के 166 केंद्रों मंगलवार 11 जून 2024 से प्रारंभ हो रही हैं। इन परीक्षा केंद्रों में चार केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं। परीक्षा में लगभग 80 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि परीक्षाएं 16 जुलाई तक संचालित की जाएंगी। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए वेबसाइट पर समय सारणी अपलोड की गई है। उन्होंने बताया कि प्रमाण पत्र, डिप्लोमा तथा पीजी डिप्लोम आदि की परीक्षाएं 11 जून से 15 जून तक तथा स्नातक, परास्नातक तथा शेष परीक्षाएं 18 जून से 16 जुलाई तक दो पालियों में प्रातः 10 से एक तथा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सभी विषयों के परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन कर दिए गए हैं। जिन्हें डाउनलोड कर परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। प्रो . सत्यकाम ने बताया कि गोरखपुर रीजन में सबसे अधिक 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त प्रयागराज रीजन में 25, वाराणसी रीजन में 22, आजमगढ़ रीजन में 15, अयोध्या रीजन में 17, लखनऊ रीजन में 14, कानपुर रीजन एवं आगरा रीजन में 11, झांसी रीजन में सात, मेरठ रीजन में पांच, गाजियाबाद रीजन में चार तथा बरेली रीजन में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने सोमवार को परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया। मीडिया प्रभारी डॉ . प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए उड़ाका दल एवं पर्यवेक्षक दल का गठन किया गया है। प्रदेश में किसी भी केंद्र पर किसी भी परीक्षार्थी को कोई परेशानी न हो, परीक्षार्थियों की समस्या के त्वरित समाधान के लिए परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में परीक्षा नियंत्रक डी पी सिंह के निर्देशन में सहायता पटल स्थापित किया गया है।

# पुलिस ने कच्ची शराब व बीयर किया बरामद

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)।

**अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों से रविवार की देर शाम आबकारी विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी करते हुए दस लीटर कच्ची शराब व 40 अदद अंग्रेजी शराब व 24 अदद बीयर बरामद किया। पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

आबकारी निरीक्षक सौरभ वर्मा व एसआई परमात्मा यादव ने संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए पंवारी खुर्द गांव से दस लीटर कच्ची शराब के साथ पंवारी खुर्द गांव निवासी मेवालाल को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। आबकारी निरीक्षक सौरभ वर्मा व चौकी प्रभारी देवरी अजय कुमार मिश्र ने छापेमारी करते हुए यूपी एमपी बार्डर मनिगढा गांव निवासी सुंदरलाल को 40 अदद अंग्रेजी शराब मध्यप्रदेश निर्मित ब्रांड जीनियस व 24 अदद बीयर मध्यप्रदेश निर्मित किंगफिशर के साथ गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। आबकारी विभाग की टीम व पुलिस टीम ने रविवार को कई स्थानों पर अवैध रुप से शराब बिक्री होने की सूचना पर छापेमारी किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि दो गांवों से दस लीटर कच्ची शराब व 40 अदद अंग्रेजी शराब व 24 अदद बीयर मध्यप्रदेश निर्मित बरामद किया गया है।

# विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं शोध कार्यों की उन्नति के लिए एमओयू

▸▸ पीयू और एनबीएआईएम के बीच हुआ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर

संवाददाता, जौनपुर।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कुलपति प्रो. वंदना सिंह की प्रेरणा एवं विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा के पहल पर 10 जून सोमवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की कुशमौर, मऊ जिला स्थित राष्ट्रीय कृषि महत्वपूर्ण सूक्ष्मजीव ब्यूरो (एनबीएआईएम) के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों संस्थाओं के मध्य विभिन्न शैक्षणिक, शोध, पेटेंट तथा जीव व कृषि विज्ञान के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं शोध कार्यों में परस्पर सहयोग प्रदान करना है, जिससे वे इस क्षेत्र में हो रहे नवाचार एवं शोध के माध्यम से अपने ज्ञान पर उत्तरोत्तर उन्नति कर सके ज्ञात हो कि देश में एकमात्र संस्था है, जिसे खाद्य और कृषि के लिए सूक्ष्मजीव आनुवंशिक संसाधनों को संरक्षित, परीरक्षित और उपयोग करने का अधिकार है। विश्वविद्यालय की तरफ से प्रो. राजेश शर्मा, सहयुक्त आचार्य, डॉ. प्रकाश तिवारी एवं समझौता ज्ञापन के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हेतु विश्वविद्यालय की तरफ से प्रतिनिधित्व किया।

# नीट में गड़बड़ी पर बिफरा एबीवीपी

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने देश भर में राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी परीक्षा परिणाम 2024 को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इसके मद्देनजर एबीवीपी में प्रतापगढ़ में भी विरोध जताया। कम्पनी गार्डेन में प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने नीट यूजी प्रवेश प्रक्रिया और परीक्षा परिणाम पर कई तरह के सवाल उठाए। सीबीआई जांच की मांग भी की।

एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से कहा कि इस परीक्षा के आयोजन के दिन ही देश के अलग-अलग हिस्सों में गड़बड़ियां सामने आईं थी। सॉल्वर पकड़े गए, कुछ स्थानों पर प्रश्न पत्र बांटने आदि में भी गड़बड़ी मिली। मामले की सीबीआई द्वारा जांच कराकर, दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिए। नीट परीक्षा के आयोजन में जो गड़बड़ियां हुईं हैं, उसके लिए इस पूरे विषय से सम्बद्ध ब्यूरोक्रेसी जिम्मेदार है। प्रांत इंटर कॉलेज संयोजक रमेश पटेल ने कहा कि छात्र हित की लड़ाई लड़ने के लिए विद्यार्थी परिषद सदेव तत्पर रहता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ी को लेकर विद्यार्थी परिषद आने वाले दिनो में बड़ा अंदोलन करेगा। इस मौके पर जिला सह संयोजक बालाजी ओझा, नगर मंत्री शिवांग श्रीवास्तव, रोहित उपाध्यय, सिद्धार्थ पांडेय, शुभम तिवारी आदि लोग मौजूद रहे ।



नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर कम्पनी गार्डेन में प्रदर्शन करते एबीवीपी कार्यकर्ता।

### अभाविप इलाहाबाद विवि इकाई ने नीट को लेकर किया गया विरोध प्रदर्शन

**प्रयागराज, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा नीट परीक्षा परिणामों में हुई गड़बड़ी एवं प्रकरण की सीबीआई जांच करवाने के लिए सोमवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस परीक्षा के आयोजन के दिन ही देश के अलग-अलग हिस्सों में गड़बड़ियां सामने आईं थी। जिसको लेकर अभाविप, नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों की उचित मांगों के साथ सोमवार को अभाविप कार्यकर्ताओं द्वारा आंदोलन किया गया। इस मामले की सीबीआई द्वारा जांच कराकर, दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिए। नीट परीक्षा के आयोजन में जो गड़बड़ियां हुईं हैं, उसके लिए इस पूरे विषय से सम्बद्ध ब्यूरोक्रेसी जिम्मेदार है। इस दौरान काशी प्रांत सह-मंत्री आंचल सिंह, इविवि इकाई उपाध्यक्ष अखिलेश कुशवाहा, कला संकाय अध्यक्ष आज़ाद वत्स, प्रकाश सिंह, पवन, हिमांशु आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टीम ने कुंभ की तैयारियों की ली जानकारी

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** उज्जैन सिंहस्थ महाकुम्भ-2028 की तैयारियों के सम्बंध में उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल के नेतृत्व में तीन दिवसीय भ्रमण पर आई मध्य प्रदेश शासन की कार्यदायी संस्थाओं से सम्बंधित अधिकारियों की टीम के साथ कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनंद एवं अपर मेलाधिकारियों के साथ सोमवार को सर्किट हाउस के सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कुम्भ-2019 के सफल आयोजन एवं 2025 में आयोजित होने वाले महाकुम्भ से सम्बंधित कराये जा रहे कार्यों के बारे में अनुभव साझा किए गए।

बैठक में पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से वर्ष 2019 में आयोजित हुए दिव्य एवं भव्य तथा सफल कुम्भ के आयोजन एवं 2025 में आयोजित होने वाले महाकुम्भ की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। बैठक में कुम्भ मेलाधिकारी ने 2025 में आयोजित होने वाले महाकुम्भ में यातायात व्यवस्था, सेतु निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों, सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण व अन्य कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। बैठक में उज्जैन के महापौर ने मध्य प्रदेश से आये हुए कार्यदायी संस्थाओं के अफसरों को सूक्ष्मता से जानकारी प्राप्त की। उज्जैन में 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ कुम्भ के सफल आयोजन को योजना के अनुसार तैयारी करने के लिए कहा। अपर मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद, अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी, उपजिलाधिकारी विवेक शुक्ला सहित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारीगणों के अलावा मध्य प्रदेश से आये हुए अधिकारी उपस्थित रहे।



उज्जैन के महापौर ने कुम्भ मेलाधिकारी के साथ बैठक कर ली मेले की तैयारी की जानकारी।

# चुनाव परिणाम से गदगद कांग्रेस निकालेगी धन्यवाद यात्रा, रुट तय

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में प्रदेश में आईएनडीआईए गठबंधन को मिले जन समर्थन से कांग्रेस पार्टी खुश है। प्रदेश कांग्रेस की पोलिटिकल अफेयर कमेटी के अनुसार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के निर्देश पर 11 से 15 जून 2024 तक विधानसभा वार धन्यवाद यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। इसका रुट तय हो चुका है। उक्त बातें सोमवार को कांग्रेस कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कही।

बताया कि धन्यवाद यात्राओं' को सम्पन्न कराने के लिए विधान सभाओं में प्रभारी की नियुक्ति कर दी गयी है। सभी ब्लॉक अध्यक्षों को उनकी विधान सभा में सह प्रभारी बनाया गया है। पट्टी में महेंद्र शुक्ल, रानीगंज में राम लवट यादव, सदर में डॉ. प्रशांत देव शुक्ल, विश्वनाथगंज में डॉ.अजय सिंह, रामपुर खास में डा.वी.के.सिंह, बाबागंज योगेश यादव और कुंडा में करुण पांडेय को विधान सभा प्रभारी बनाया गया है। धन्यवाद यात्रा 11 जून को सदर, 12 विश्वनाथगंज, 13 पट्टी, 14 रामपुर खास, 15 रानीगंज व 16 जून को बाबागंज और कुंडा में निकाली जायेंगी। इस दौरान डा.वी.के.सिंह, पीसीसी सदस्य डॉ. प्रशांत देव शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, सचिव सुरेश मिश्र, विश्वास सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बैजनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# जम्मू में श्रद्धालुओं पर आतंकी हमला कायरतापूर्ण : स्वामी निश्चलानंद

संवाददाता, झूंसी।

**अमृत विचार:** गोवर्धनमठ पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने जम्मू-कश्मीर में रविवार को श्रद्धालुओं पर हुए आतंकी हमले की घोर निंदा की है। उन्होंने कहा है कि आतंकवादियों का यह कृत्य कायरतापूर्ण है। सरकार को ऐसे आतंकियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद ने यह बातें सोमवार को अपने झूंसी स्थित शिवगंगा आश्रम में कहीं।

रविवार को आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर में श्रद्धालुओं से भरी बस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। इसमें बस चालक समेत कई श्रद्धालु मारे गए थे। इस मौके पर शकराचार्य के निजी सचिव निर्विकल्पानंद ब्रम्हचारी, हृषिकेश ब्रम्हचारी, प्रफुल्ल ब्रम्हचारी, रामकैलाश पांडेय, विमल, संतोष त्रिपाठी, आस्तिक शुक्ला, आशुतोष सिंह, प्रतीक त्यागी, अजय पांडेय, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्र, दीपक शुक्ल, राजीव मिश्र राणा, मनोज त्रिपाठी, सुरेंद्र पांडेय, बीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

### गुमशुदा



**सूर्य नारायण द्विवेदी** पुत्र विश्वनाथ द्विवेदी उम्र- 56 वर्ष, लम्बाई- 5 फुट 6 इंच, रंग- सांवला, जो कि अविवाहित हैं। दिनांक 09/03/2024 दिन मंगलवार समय 12 बजे घर से गांव में निमंत्रण खाने के नाम पर निकले हैं जो कि उस दिन निमंत्रण नहीं था। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी जो कि फिर घर वापिस लौटकर नहीं आये। **शिवम कुमार द्विवेदी (पिता) रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, ग्राम- परगना कोरांव, प्रयागराज, मो0- 7880413206**

## एक नजर



दीवान के शव को कंधा देते एसपी।

### दीवान के शव को एसपी ने दिया कंधा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोरखपुर जिले के योगेंद्र सिंह चौहान सुलतानपुर जिले के पुलिस लाइन में बतौर हेड कांस्टेबल तैनात थे। रविवार को योगेंद्र की अचानक तबियत बिगड़ी तो सहयोगी उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान हेड कांस्टेबल योगेंद्र ने दम तोड़ दिया। खबर से विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को एसपी सोमेन बर्मा, एएसपी अरुण चंद ने हेड कांस्टेबल को सलामी दे अर्थी को कंधा दिया।

### प्रसाद वितरण आज

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के देहली बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर ज्येष्ठ के बड़े मंगलवार पर भव्य प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हो रहा है।

### नीट में धांधली के खिलाफ प्रदर्शन

**सुलतानपुर,अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट परीक्षा के रिज़ल्ट में हुई धांधली में विरोध प्रदर्शन किया गया। एबीवीपी काशी प्रान्त सह मंत्री सुभेंद्र वीर सिंह ने कहा की नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नीट परीक्षा परिणाम में जो धांधली हुई है उसकी जांच सीबीआई करे और ये कैसे हो सकता एक ही सेंटर पर ही क्रमशः रोल नंबर वाले 8 विधार्थी टॉप कर जा रहे है और 67 विद्यार्थी टॉप कर रहे है। एबीवीपी के प्रांत कार्यसमिति सदस्य शिवम दूबे ने कहा कि एनटीए प्रशासन के दुर्भाग्यपूर्ण रवैए से आम छात्र छात्रों का डॉक्टर बनने का सपना सपना ही रह जा रहा है। इस अवसर पर विभाग प्रमुख डॉ संतोष अंश, सत्यम त्रिपाठी,तेजश्व पाण्डेय, रूद्र प्रताप, सौरभ पाठक, देवेंद्र तिवारी, देवेश, नीरज, शुभम, सत्यम त्रिपाठी, शिवांश, विशाल, अमन राठौर, आदि उपस्थित रहे।

# भतीजे की हत्या के दोषी को उम्रकैद

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अदालत से**

**अमेठी के खानापुर में 10 साल पूर्व भतीजे की कुएं में फेंककर हत्या करने का आरोप**



**अमृत विचारः** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र खानापुर में 10 साल पूर्व चार वर्षीय मासूम भतीजे की हत्या करने के दोषी मातादीन को न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर पांच हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है।

एडीजीसी संजय सिंह के मुताबिक खानापुर निवासी पूर्णमासी ने अपनी पुत्री संतोषा की शादी सेधुंआ संसारीपुर निवासी कल्लू पुत्र रामलाल के साथ किए थे। उसकी पुत्री के दो लड़के युवराज उम्र पांच साल व ऋषि राज उम्र लगभग चार साल थी। जेठ मातादीन उसी लड़की संतोषा को काफी प्रताड़ित करता था, जिसके कारण उसकी लड़की मायके आ गयी थी। जेठ लगातार ससुराल चलने का दबाव बनाता था, परंतु प्रताड़ना की डर से वह ससुराल नहीं जा रही थी। आरोपी जेठ मातादीन पुत्र रामलाल 16 सितंबर 2014 को रात्रि साढ़े 11 बजे आकर मां के साथ सो रहे चार वर्षीय मासूम ऋषिराज को जबरन उठाकर बगल बने कुएं में फेंककर हत्या कर दी तथा पुत्री के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर भाग गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया तथा आरोपी के खिलाफ चार्जशीट अदालत भेजा। दौरान विचारण अभियोजन की तरफ से पेश 10 गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने मासूम के हत्यारे मातादीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

# सोनू सिंह समेत दो ने किया आत्मसमर्पण

## मायंग में तीन साल पहले दीवार गिराने व घर में घुसकर पिटाई करने का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**प्रभारी एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट अविनाश चंद्र गौतम ने दोनों दोषियों को जेल भेजा**



अभिरक्षा में जेल भेजे गए पूर्व विधायक।

**अमृत विचारः** मायंग में तीन साल पूर्व बनारसी लाल की दीवार गिराने और घर में घुसकर पिटाई के मामले में लोअर कोर्ट से सजा के खिलाफ सेशन कोर्ट में दाखिल अपील खारिज होने के बाद सोमवार को पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व अंशु सिंह उर्फ सूर्य प्रकाश सिंह ने एमपी-एमएलए की विशेष मजिस्ट्रेट की अदालत सरेंडर कर दिया। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के न होने के कारण प्रभारी एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट अविनाश चंद्र गौतम ने दोनों दोषियों को जेल भेज दिया।

बताते चले न्यायाधीश एकता वर्मा ने एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट की कोर्ट से सजा के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया था तथा एमपी-एमएलए की कोर्ट से हुई सजा की पुष्टि कर उसे बहाल कर दिया था। पूर्व विधायक समेत तीनों दोषियों को कोर्ट ने एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट की अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया था। जिसमे बीती तारीख पर दोषसिद्ध आरोपी रुक्सार ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था जिसे जेल भेजा जा चुका है। वहीं, गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद सोमवार को पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व अंशू सिंह ने सरेंडर किया जिन्हें जेल भेज दिया गया है। 25 फरवरी 2021 को बनारसी लाल की दीवार जेसीबी से गिराने और घर में घुसकर पिटाई समेत अन्य आरोपों में निचली अदालत ने पूर्व विधायक समेत तीन को बीती छह जुलाई को डेढ़ साल की सजा व 7,700 रुपए की सजा सुनाई थी। इस आदेश को पूर्व विधायक ने अपीलीय कोर्ट में चुनौती दी थी।

# सिर काटकर युवक को मौत के घाट उतारा

## सिर और धड़ दोनों अलग मिले, पुलिस अधीक्षक व सीओ सिटी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

धम्मौर, सुलतानपुर



घटना स्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** सोमवार की सुबह खेतों की तरफ बकरी चराने गए ग्रामीणों को एक सिर कटा शव दिखाई दिया तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खोजबीन करते हुए करीब दो सौ मीटर दूर शव का सिर बरामद किया। शव पर सिर लगाने के बाद युवक के शव की शिनाख्त हो पाई। सूचना पर पहुंचे सीओ सिटी व पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

धम्मौर थाना क्षेत्र के सरैया बिकना गांव के पास खेत में सोमवार की सुबह एक युवक का सिर कटा हुआ शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए शव का सिर खोजने लगी। कड़ी मशक्कत करते हुए पुलिस ने शव के सिर को क़रीब दो सौ मीटर दूर से बरामद कर लिया। सिर मिलने से युवक की शिनाख्त नगर कोतवाली क्षेत्र के अफलेपुर गांव निवासी आलोक कुमार (18) पुत्र अनिल कुमार के रूप में हुई। सूचना पर पहुंचे सीओ सिटी शिवम मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर विधिक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। डाग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नमूने एकत्र किया है।

### युवक की हत्या में आ रही गहरी साजिश की बू

युवक शव उसके घर से क़रीब 15 किलोमीटर दूर धम्मौर थाना क्षेत्र के एक खेत में मिला। शव से सिर गायब था। इतनी निर्मम हत्या को लेकर लोग तरह तरह के कयास लगा रहें हैं। कोई प्रेम प्रसंग से जोड़ रहा है तो कोई अन्य बात कह रहा है। फिलहाल मामला गहरी साजिश की तरफ इशारा कर रहा है।

### ई-रिक्शा एजेंसी में काम करता था आलोक

मृतक के परिजनों ने बताया कि आलोक कुमार नगर के अमहट चौराहे पर एक ई रिक्शा एजेंसी पर काम करता था। रविवार की देर रात जब वह घर नहीं पहुंचा तो पता करने एजेंसी पर गए थे। जहां उसकी मोटर साईकिल खड़ी थी। मालिक ने बताया कि वह दो दोस्तों के साथ कहीं गया है।

> युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। जांच-पड़ताल चल रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। **-तरुण कुमार पटेल,** थानाध्यक्ष धम्मौर

# संजय सिंह मामले में सुनवाई 20 को



संजय सिंह।

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** आपके सांसद संजय के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने 20 जून की तारीख नियत की है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके हैं, जबकि आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है। वहीं, विशेष मजिस्ट्रेट के न होने के कारण पूर्व विधायक संतोष पांडेय के केस में 26 जून, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह के मामले में सुनवाई के लिए 24 जून की तारीख नियत की गई है।

# रोडवेज बस में पीछे से भिड़ी डीसीएम, चालक की मौत

कूरेभार, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सवारी उतार रोडवेज बस जैसे आगे बढ़ी तभी डीसीएम ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज़ थी कि डीसीएम रोडवेज में फंस गई। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने जब तक डीसीएम को बस से अलग कर डीसीएम चालक को निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक चालक के शव को कब्जे में लेते हुए परिजनों को सूचित किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक मऊ जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के मादीसिपाह गांव निवासी रोडवेज चालक राजबहादुर सिंह सावरियो के साथ आजमगढ जा रहे थे। सोमवार की सुबह करीब साढ़े तीन बजे जैसे ही वह कूरेभार थाना क्षेत्र के 121 किमी पर सवारी उतार आगे बढ़े थे। तभी बाराबंकी जिले के दरियाबाद थाना क्षेत्र के शोभापुर गांव निवासी डीसीएम चालक निज़ाम आम लाद जो आजमगढ़ जा रहा था, रोडवेज बस में पीछे से ठोकर मार दी। सूचना पर पहुंचे यूपीडा कर्मियों ने डीसीएम को रोडवेज बस से अलग कर डीसीएम चालक को बाहर निकाला तब तक डीसीएम चालक निजाम की मौत हो चुकी थी।

### शौच को गया बुजुर्ग नदी में गिरा, मौत

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : शौच के लिए नदी के किनारे गया बुर्जुग नदी में गिर गया। घर न पहुंचने जब परिजन तलाश में नदी के किनारे पहुंचे तो वह पानी में मृत पाए गए। स्थानीय थाना क्षेत्र के महमूदपुर जंगल गांव निवासी बाबूलाल निषाद (85) पुत्र अयोध्या प्रसाद सोमवार को दिन में करीब 3 बजे घर के बगल से गुजरी गोमती नदी में शौच के लिए गए थे। देर तक जब बुजुर्ग घर नहीं पहुंचे तो नातिन गायत्री ढूंढते हुए नदी के किनारे पहुंची तो देखा कि बाबा पानी में गिरे थे। उठाने का प्रयास किया तो उठा नहीं पाई घर आकर सूचना दी।

## धर्म दर्शन

# पौराणिक साहित्य में अयोध्या



विष्णु पुराण के अनुसार राजा कल्माषपाद या सौदास मित्रसह के बाद की दसवीं अर्थात् इक्ष्वाकु की 60 वीं पीढ़ी में दशरथ द्वितीय के पुत्र श्रीराम का अवतरण हुआ था। जहां तक दशरथ प्रथम का प्रश्न है, राजा कल्माषपाद के बाद 51 वीं पीढ़ी में अश्मक, 52 वीं मे मूलक या नारी कवच के बाद 52 वीं पीढ़ी में राजा दशरथ प्रथम हुए थे। महाभारत के सभापर्व के अनुसार अयोध्या के समकालीन नरेश धर्मपरायण नरेश महाबली दीर्घ यज्ञ को भीमसेन ने अपनी व्यवहार कुशलता से बिना युद्ध के ही वशवर्ती बना लिया था। वनपर्व के विभिन्न अध्यायों में रामकथा के प्रसंग में कई बार अयोध्या का उल्लेख हुआ है। उद्योगपर्व (115/18) में भी अयोध्या का नाम आया है।



**डॉ. अजित कुमार सिंह**
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

पौराणिक साहित्य एवं लोक अनुश्रुतियों में अयोध्याः सूर्यवंशी मानवेन्द्र मनु द्वारा बसाई, इक्ष्वाकुओं की गौरवशाली राजधानी रही अयोध्या के गौरवशाली अतीत से सभी परिचित हैं। यशस्वी चक्रवर्ती सम्राट सगर भी यहीं के थे। पुराणों में अयोध्या श्रीराम और सगर के नगर के रूप में प्रतिश्रुत है। यही नहीं यही पुराण अन्यत्र भारत की सात पवित्र पुरियों - "अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांची, अवंतिका। पुरी द्वारावती, ह्येता सप्तैते मोक्षदायिका।" (अर्थात् अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, काशी, कांची, उज्जयिनी तथा द्वारका) में प्रथम स्थान देता है। ब्रह्मांड पुराण अयोध्या के दूसरे नाम साकेत का भी उल्लेख करता है। राम नवमी के अवसर पर यहां आयोजित आनंदोत्सव या मेले में भक्तजन की भारी संख्या जुटती है। धर्मप्राण हिन्दुओं के लिए सात ऊपर लिखित मोक्षदायिका पुरियों की भांति, सभी मांगलिक कार्यों में प्रयुक्त पूजन जल में गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु एवं कावेरी नामक सात अति पवित्र नदियों के पावन जल की उपस्थिति की कल्पना की जाती है- "गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन सन्निधिं कुरु ।।" संस्कृत भाषा से परिचित हर श्रोता का मन इस पावन मंत्र का मंगलोच्चार सुनते ही रोमांचित हो उठता है।

पुराणों के अनुसार सरयू नदी की उत्पत्ति श्रीहरि विष्णु के आनन्दाश्रुओं से हुई। शंखासुर ने हमारे चारों वेदों को चुराकर समुद्र में छिपा दिया था और स्वयं भी छिप गया। संपूर्ण संसार में अज्ञान का अंधकार व्याप्त हो गया। श्रीहरि विष्णु ने मत्स्यावतार लेकर शंखासुर का वध कर चारों वेदों को ब्रह्मा जी को सुरक्षित सौंपकर पुनः अपना वास्तविक स्वरूप धारण किया। वेदों की सुरक्षित वापसी से प्रसन्न भगवान विष्णु के नेत्रों से टपके आनंद के आंसुओं को ब्रह्माजी ने सुरक्षित रख लिया था। बाद में उनको सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विधाता ने कैलास के निकट स्थित मानसरोवर मे उड़ेल दिया। अश्वबिंदुओं के पड़ते ही मानसरोवर में आए उछाल से सरोवर का तटबंध टूट गया। उसी निकली जलधारा से टूट गया जिससे सरयू नदी की उत्पत्ति हुई।

# वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान

हमारे ऋषियों ने 'वेद' शब्द का संबोधन किसी पुस्तक विशेष के लिए नहीं किया है। वेद का अर्थ है दिव्य साक्षात्कार से उद्धत ज्ञान। इस आधार पर वेद कोई पुस्तक न होकर ज्ञान की एक विशिष्ट परिष्कृत धारा है।

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए "वेदानां सामवेदोऽस्मि", 'वेदों में मैं सामवेद हूं 'कहकर सामवेद की गरिमा को प्रकट किया है। गीता के इस कथन से यह भाव निकलता है कि वेद की सामधारा या विधा को समझ लेने से मुझे अर्थात् परमात्म चेतना को भी समझा जा सकता है। प्रत्यक्ष रूप से यहां ज्ञान के साथ भावना के सहयोग का महत्व समझाया गया है। यह सत्य है कि ज्ञान दृष्टि से ईश्वर का साक्षात्कार किया जा सकता है,किंतु भावना के बिना ज्ञानदृष्टि भी अपूर्ण ही रहती है। भावना में उफान होता है। उसे भटकन से बचाकर दिशाबद्ध ज्ञान विवेक ही करता है। इसीलिए ज्ञान एवं भावना का युग्म ही ईश्वर साक्षात्कार का सुनिश्चित आधार बनता है। तुलसीदास जी ने भी श्रद्धा और विश्वास के बिना अपने ही अंतःकरण में स्थित ईश्वर को न देख पाने की बात कही है। ज्ञान की परिपक्वता से विश्वास उपजता है तथा भावना की परिपक्वता श्रद्धा है। यदि वेद ज्ञान है तो साम है गान। गान का सीधा-सीधा संबंध भाव संवेदना से है। अनुभूति की अभिव्यक्ति में शब्दों की सामर्थ्य बहुधा छोटी पड़ जाती है।



**ओमप्रकाश त्रिपाठी**
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान हैं। उन्हें व्यक्त करने में शब्दशक्ति अपर्याप्त हैं। ऋषियों ने अपने अनुभूति जन्य ज्ञान को शब्दों में व्यक्त करने का प्रयास किया,किंतु जब वे इससे संतुष्ट नहीं हुए तो उन्होंने ईमानदारी से 'नेति नेति' कहकर अपनी बात पूरी की। शब्दों द्वारा अभिव्यक्ति की तीन धाराएं कही गई हैं गद्य,पद्य एवं गान। ज्ञान की किसी भी धारा को इन्हीं माध्यमों से व्यक्त किया जाता रहा है। ज्ञान की सार्थकता, पूर्णता तभी है, जब वह पुनः अपने उद्गम तक जा पहुंचे। ईश्वर तक पहुंचाने के लिए उसे भावना का योग चाहिए। भाषा को भावपूर्ण बनाने के प्रयास में ही मंत्र बने। गद्य की अपेक्षा पद्य में भाव-संयोग एवं उभार की क्षमता अधिक पाई गई।

## वर्ग पहेली-97

**बाएं से दाएं**

1. 1. जर्मनी का एक प्रसिद्ध राजनीतिक दल जिसका पराभव द्वितीय विश्वयुद्ध में हुआ 2. उक्त दल का सदस्य।
2. 1. हंसने का उपक्रम 2. हंसने का तरीका।
7. जो जनता के लिए उपयोगी या हितकर हो (बात या काम)।
10. 1. जो सुलझी न हो, जो सुलझाई न जा सकी हो, उलझी हुई 2. जिस समस्या का समाधान न किया गया हो उसका विशेषण।

**ऊपर से नीचे**

3. सहयोग या सहायता करने वाला व्यक्ति।
4. 1. खोटे या दुष्ट होने की अवस्था
5. रोला छंद का एक नाम।
6. पाश्चात्य चिकित्सा प्रणाली या पद्धति अर्थात एलोपैथी द्वारा उपचार करने वाला डॉक्टर।
8. 1. बहुत अधिक थका हुआ, शिथिल, थका-मांदा, अशक्त 2. जो असफल होने पर उत्साह रहित हो गया हो, पस्त।
9. 1. उतनी मात्रा जितना एक बार में पेरने या पीसने के लिए चक्की में डाला जाए 2. उतना अंश जितना एक बार में बनाया या पकाया जाए 3. कठोर प्रहार, चोट।



### वर्ग पहेली -96 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 च | 2 ना | ■ | 3 उ | ■ | ■ | 4 अ |
| ■ | 5 सा | गू | दा | ना | ■ | फ़ |
| ■ | ज़ | ■ | री | ■ | ■ | सो |
| ■ | ■ | 6 चो | क | ■ | ■ | स |
| ■ | 7 खँ | खा | र | ■ | ■ | ज |
| ■ | ■ | ■ | ण | ■ | ■ | न |
| 8 झाँ | झ | न | ■ | 9 पो | त | क |

## सुडोकू -10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 3 | | 5 | | | 7 | |
| | | 2 | | 1 | | | 9 | 8 |
| 4 | | 6 | | | 8 | | | 3 |
| | | | 5 | | | 4 | | 2 |
| | 8 | | | | | | 1 | |
| 9 | | 1 | | | 7 | | | |
| 2 | | | 1 | | | 3 | | 5 |
| 1 | 7 | | | 6 | | 8 | | |
| | 3 | | | 4 | | 7 | 2 | |

### सुडोकू - 9 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 |
| 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 |
| 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 7 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 17 .27 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 23 .39 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** - आज इस समय आपको किसी से ज्यादा अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। सबके प्रति अच्छा व्यवहार रखें, वरना आपके अपने ही लोग आपके प्रति बैरभाव रख सकते हैं। व्यावसायिक गतिविधियों के लिए समय उत्तम नहीं है। धन उधार देने से आपको नुकसान हो सकता है।

**वृष** - आज व्यवसाय को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। थोक व्यापारियों के लिए दिन बहुत लाभकारी रहेगा। आपकी योजना पूरी तरह से सफल होगी। प्रेमीजन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**मिथुन** - आज कुछ स्वजनों की बातें आपको निराश कर सकती हैं। दूरस्थ मित्रों के साथ बातें करके आपका मन शांत होगा। आप अपने लक्ष्य से कुछ विचलित हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाना फिलहाल उचित नहीं है।

**कर्क** - आज यदि आप व्यापारी हैं तो आप अपने उत्पादों की उत्तम ब्रांडिंग कर सकते हैं। प्रभावशाली व्यक्तियों के बीच आपका संपर्क मजबूत होगा। आप कर्मक्षेत्र में बेहतरीन सफलता प्राप्त करेंगे जिसके कारण आप लोगों की दृष्टि में काफी सम्मानित रहेंगे।

**सिंह** - आज व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपको ऐसा प्रतीत होगा की लोग आपकी अनदेखी कर रहे हैं। जॉब में सहकर्मियों का साथ मिलेगा,लेकिन किसी से अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।

**कन्या** - आज उच्चाधिकारी आपका वेतन बढ़ा सकते हैं। विदेश में कारोबार के इच्छुक हैं तो उसके योग बन रहे हैं। समय आपके अनुकूल रहेगा। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। आप लोगों की काफी मदद करेंगे। धार्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ने वाला है।

**तुला** - आज कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी पारिवारिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आय के नए स्रोत बना सकते हैं। किसी नए कार्य की शुरुआत होने के योग बन रहे हैं। आपके द्वारा कही हुई बात सही सिद्ध होगी।

**वृश्चिक** - आज घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। सहयोगियों के साथ मतभिन्नता देखने को मिलेगी। अधिकारियों से आप बहुत कुछ सीख सकते हैं। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। वैवाहिक संबंधों में संवादहीनता हो सकती है।

**धनु** - आज व्यवसाय में आय सामान्य रहेगी, लेकिन आपके खर्चे अचानक से बढ़ सकते हैं। मन में अनावश्यक विचार आपको एकाग्र नहीं होने देंगे। शत्रुओं को लेकर आपको सावधान रहना चाहिए। किसी की गारंटी आपको नहीं लेनी चाहिए।

**मकर** - आज आप मनोरंजन और मित्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। आपकी विनम्रता से लोग काफी प्रभावित रहेंगे। सरकारी कार्यों में कुछ बाधा देखने को मिल सकती है, लेकिन आप समझदारी से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**कुंभ** - आज लोगों की मदद करने से आप पीछे नहीं हटेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों से लाभ हो सकता है। संतान की उन्नति से आप प्रभावित होंगे। महिलाओं के लिए समय काफी अच्छा है। प्रियजनों से भेंट हो सकती है। आप अपनी जीवनशैली में सुधार हेतु प्रयत्न करेंगे।

**मीन** - आज यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपके लिए दिन बहुत अच्छा है। संतान की उन्नति से आपको लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। सरकारी कार्यों में आपको अच्छा लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
हैसियत - सुबह : 09 .00
तकदीर का तमाशा - शाम : 06 .00

**&pictures**
खट्टा मीठा - सुबह : 10 .54
गुडबाय - रात : 08 .00

**Sony Pix**
घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ - सुबह : 11.15
द लेजेंड ऑफ टार्जन - रात : 09 .00

**Zee Cinema**
हम साथ साथ हैं - दोपहर : 12 .00
नागभूमि - रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
नई पड़ोसन - सुबह : 08 .55
हम तुम्हारे हैं सनम - रात : 08 .37

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक गंजे ने किसी नाई से बाल कटवाया। उसने बाल कटवाने के बाद नाई से पूछा- कितने पैसे हुए?
नाई- पचास रूपये।
आदमी बोला- क्यों? सबसे तो चालीस रूपये ही लेते हो, हमसे दस रूपये ज्यादा क्यों?
नाई ने कहा- दस रूपये बाल खोजने के हैं, बाकी काटने के।

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अरेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी- जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,490.08 | 23,259.20 |
| नुकसान | 203.28 | 30.95 |
| प्रतिशत में | 0.27 | 0.13 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 955 फ्लैग 1065 डीएमओ 840 बोल्ड 1125, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 940 फ्लैग 1065 बोल्ड 1105 डीएमओ 845।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |

**चावल (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |

**दाल दलहन**

| | |
|---|---|
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |

**तेल तिलहन**

| | |
|---|---|
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# राजग सरकार को देश में बेरोजगारी की समस्या से होगा निपटना: राजीव कुमार

## नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष ने कहा-असंगठित और लघु एवं मध्यम उद्यमों पर देना होगा ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों पर ध्यान देना होगा।

कुमार ने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार को अब चार श्रम संहिताओं को अंतिम रूप देना चाहिए क्योंकि इसमें अपेक्षा से अधिक देरी हो चुकी है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा-हमें यह स्वीकार करना होगा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद आर्थिक सुधार के आकार का रहा है। मुझे लगता है कि मोदी सरकार को सबसे महत्वपूर्ण सुधार बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित और लघु एवं मध्यम उद्यमों में...। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में से 83 प्रतिशत बेरोजगार युवा थे। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा-देश की बड़ी कंपनियों ने अभी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### मोदी 3.0 बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता का संदेश : केशप



यूएसआईबीसी के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश देता है। मोदी ने रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार में 72 सदस्यीय केंद्रीय मंत्रिपरिषद का नेतृत्व किया। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष केशप ने रविवार को दिए साक्षात्कार में कहा-प्रधानमंत्री मोदी का ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच भारत के मतदाताओं द्वारा राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता और निरंतरता का एक मजबूत संदेश देता है।

## भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग समाधान प्रदाता एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने सोमवार को कहा कि वह 100 करोड़ रुपये के ठेके के तहत भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, मैन पोर्टेबल काउंटर ड्रोन सिस्टम (एमपीसीडीएस) को एक्सिसकेड्स द्वारा विकसित किया गया है। बयान में कहा गया कि एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने भारतीय सेना से मिले 100 करोड़ रुपये के ठेके के तहत उन्नत काउंटर-ड्रोन प्रणालियों की आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा है कि उसका लक्ष्य 2024 के अंत तक पूरी आपूर्ति करने का है। एक्सिसकेड्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण कृष्णमूर्ति ने कहा-यह भारतीय रक्षा बलों में मैन पोर्टेबल श्रेणी में शामिल किया जाने वाला पहला काउंटर ड्रोन सिस्टम है।

## पेटीएम ने पुनर्गठन के तहत की कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कंपनी ने कर्मचारियों की संख्या नहीं की उजागर**



वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने कर्मचारियों की छंटनी की है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है। कंपनी ने एक बयान में दावा किया कि वह कर्मचारियों के सुचारू रूप से स्थानांतरण के लिए उन्हें आउटप्लेसमेंट (कहीं और भर्ती) सहायता उपलब्ध करा रही है। हालांकि, बयान में कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई है इसकी संख्या उजागर नहीं की गई।

जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में पेटीएम के कर्मचारियों (बिक्री) की संख्या तिमाही आधार पर करीब 3,500 घटकर 36,521 रह गई, जिसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना था। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा-कंपनी के मानव संसाधन दल 30 से अधिक कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं जो वर्तमान में कर्मचारियों की भर्ती कर रही हैं। उन कर्मचारियों को सहायता प्रदान कर रही हैं जिन्होंने अपनी जानकारी साझा करने का विकल्प चुना है, जिससे उनके तत्काल दूसरी जगह भर्ती में मदद मिल रही है। आरबीआई ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक दिया था।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 91,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,300-54,550 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 71,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,400 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 71,750 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

## इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई में निवेश बढ़कर 34,697 करोड़ रुपये पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई में निवेश जोरदार बढ़त के साथ 34,697 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने के मुकाबले 83 प्रतिशत अधिक है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने सोमवार को जारी आंकड़ो में बताया कि यह इक्विटी फंड में शुद्ध निवेश का लगातार 39वां महीना है।

इसके अलावा, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) से मासिक योगदान बढ़कर मई में 20,904 करोड़ रुपये हो गया, जो अप्रैल में 20,371 करोड़ रुपये था। इन योजनाओ में मासिक निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक है। म्यूचुअल फंड उद्योग ने मई में कुल मिलाकर 1.1 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा, जो इससे पहले अप्रैल में 2.4 लाख करोड़ रुपये था। यह प्रवाह इक्विटी के साथ ही ऋण योजनाओं में निवेश के कारण हुआ। इस निवेश के साथ ही उद्योग की प्रबंधन के तहत शुद्ध संपत्तियां (एयूएम) बढ़कर मई के अंत में 58.91 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो अप्रैल के अंत में 57.26 लाख करोड़ रुपये थीं।

## दबाव वाली आवासीय परियोजनाओं की सुधरेगी कर्ज वसूली दर

**मुंबई।** दबाव वाली आवासीय परियोजनाओं में फंसे कर्ज की वसूली दर चालू वित्त वर्ष में बेहतर होने की उम्मीद है। घरों की कीमतें बढ़ने के अलावा नियमों में बदलाव से भी इसमें मदद मिलने की संभावना है। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह उम्मीद जताई गई।

देश के लिए घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में फंसी हुई आवासीय परियोजनाओं से कर्ज की वसूली दर बढ़कर 16-18 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 11 प्रतिशत था।

## सेबी ने डीमैट और एमएफ खाते के लिए नामांकन अनिवार्यता के नियम में दी ढील

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **बाजार नियामक ने खातों पर रोक लगाने का नियम कर दिया खत्म**



बाजार नियामक सेबी ने मौजूदा निवेशकों के लिए नियमों को आसान बनाते हुए नामांकन का विकल्प न देने की स्थिति में डीमैट और म्यूचुअल फंड खातों पर रोक लगाने (फ्रीज करने) का नियम सोमवार को खत्म कर दिया।

इसके अलावा भौतिक रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले निवेशक अब लाभांश, ब्याज या प्रतिभूतियों को भुनाने जैसे किसी भी भुगतान को पाने के लिए पात्र होंगे। इसके साथ ही निवेशक नामांकन का विकल्प न चुनने पर भी शिकायत दर्ज करने या आरटीए (निर्गम के रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट) से किसी भी सेवा का अनुरोध पाने के हकदार होंगे। इससे पहले भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सभी मौजूदा व्यक्तिगत म्यूचुअल फंड धारकों के लिए नामित व्यक्ति (नॉमिनी) का विवरण देने या नामांकन से बाहर निकलने के लिए 30 जून की समयसीमा तय की थी। नियम का पालन न करने पर उनके खातों से निकासी पर रोक लगाई जा सकती थी। हालांकि, सेबी ने सोमवार को जारी परिपत्र में कहा कि अनुपालन में सुगमता और निवेशकों की सुविधा को लेकर मौजूदा निवेशकों या यूनिटधारकों के लिए नामांकन का विकल्प न देने पर डीमैट खातों के साथ म्यूचुअल फंड खाते पर रोक नहीं लगाने का फैसला किया गया है।

# राष्ट्रीय

## सुप्रीम कोर्ट ने जल संकट याचिका में खामियों को दूर न करने पर दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

# आपने त्रुटियां क्यों नहीं कीं दूर, याचिका कर देंगे खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राष्ट्रीय राजधानी में मौजूदा जल संकट को दूर करने के लिए हिमाचल प्रदेश द्वारा दिये गये अतिरिक्त पानी को छोड़ने के लिए हरियाणा को निर्देश देने की मांग करने वाली दिल्ली सरकार की याचिका में त्रुटियां नहीं दूर करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आप सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि हमारे बारे में कोई पूर्व राय नहीं बनाएं और आपने त्रुटियां क्यों नहीं दूर कीं, इसके चलते हम याचिका को खारिज कर देंगे।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा दाखिल याचिका में त्रुटियों के कारण रजिस्ट्री में हलफनामा स्वीकार नहीं किया गया। पीठ ने कहा-आपने त्रुटियां क्यों नहीं दूर कीं? हम याचिका को खारिज कर देंगे। पिछली तारीख पर भी त्रुटियां गिनाई गई थीं और आपने इन्हें दूर नहीं किया। आपका मामला चाहे जितना भी महत्वपूर्ण क्यों न हो, अदालत की कार्यवाही के बारे में कोई पूर्व राय नहीं बनाएं। पीठ ने मामले की सुनवाई 12 जून के लिए स्थगित करते हुए कहा-हमें कभी हल्के में नहीं लीजिये। दस्तावेजीकरण स्वीकार नहीं किया जा रहा। आपने अदालत में सीधा दस्तावेजों का पुलिंदा रख दिया और कह रहे हैं कि आप पानी की कमी से जूझ रहे हैं तथा आपने खुद ही आज एक आदेश पारित कर दिया। आप सभी तरह की तात्कालिकता जता रहे हैं और खुद आराम से बैठे हैं। सब कुछ रिकॉर्ड पर आ जाने दीजिए। हम इस पर बुधवार को सुनवाई करेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह मामले पर सुनवाई से पहले सभी दस्तावेज पढ़ना चाहता है क्योंकि अखबारों में बहुत सी चीजों की खबरें आ रही हैं। पीठ ने कहा-अगर हम अपने आवासीय कार्यालय में दस्तावेज नहीं पढ़ेंगे तो हम अखबारों में छपी खबरों से प्रभावित होंगे। यह किसी भी पक्ष के लिए अच्छा नहीं है। हरियाणा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने सुनवाई की शुरुआत में राज्य सरकार की ओर से दाखिल जवाब पेश किया। शीर्ष अदालत ने दीवान से पूछा कि उन्होंने अब जवाब क्यों दाखिल किया, तो दीवान ने कहा कि दिल्ली सरकार की याचिका में खामियों को दूर नहीं किया गया इसलिए रजिस्ट्री ने जवाब दाखिल करने की अनुमति नहीं दी।

### सुप्रीम कोर्ट ने आप के राउज एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय को खाली करने की बढ़ाई समय सीमा

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को खाली करने के लिए दी गई समय सीमा 10 अगस्त तक बढ़ा दी। शीर्ष अदालत ने चार मार्च को पार्टी को 15 जून तक अपना कार्यालय खाली करने का निर्देश दिया था क्योंकि अदालत ने पाया था कि यह भूखंड न्यायिक बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय को आवंटित किया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने आप और अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर गौर किया और समय सीमा 10 अगस्त तक बढ़ा दी। पीठ ने कहा कि यह अंतिम मौका है और पार्टी को 10 अगस्त तक या उससे पहले राउज एवेन्यू स्थित इमारत संख्या 206 का कब्जा सौंपना होगा। राष्ट्रीय राजधानी में जिला न्यायपालिका के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए 2020 में दिल्ली उच्च न्यायालय को परिसर आवंटित किया गया था।

## सीबीएसई ने फर्जी पाठ्यक्रम, नमूना प्रश्न पत्र को लेकर जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को एक परामर्श जारी कर छात्रों और अभिभावकों को 2024-25 सत्र के पाठ्यक्रम, संसाधनों और नमूना प्रश्न पत्रों के बारे में भ्रामक जानकारी के प्रति आगाह किया। बोर्ड ने विद्यार्थियों से असत्यापित खबरें फैलाने वाले ऑनलाइन पोर्टलों का शिकार न बनने का आग्रह किया। परामर्श में कहा गया है, हमें पता चला है कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट नमूना प्रश्न पत्रों, पाठ्यक्रम, सीबीएसई संसाधनों और गतिविधियों से संबंधित पुराने लिंक और असत्यापित समाचार प्रसारित कर रहे हैं। ये लिंक और समाचार सत्र 2024-25 की अद्यतन जानकारी प्रदान करने का झूठा दावा करते हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति को 30 पौधे लगाने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के मामले को निरस्त करते हुए न्यायालय दिया आदेश**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 61 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज महिला की लज्जा भंग करने के मामले को रद्द करते हुए उसे 30 पेड़ लगाने का निर्देश दिया। आरोपी के महिला से समझौता करने के बाद अदालत ने यह आदेश दिया।

आरोपी द्वारा उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल करना) के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद करने के लिए दायर याचिका पर न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने सुनवाई की। अदालत ने कहा कि मामला सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है, इसलिए इस मामले को लंबित रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। न्यायाधीश ने कहा, मामले को जारी रखना अदालत की प्रक्रिया के दुरुपयोग के अलावा कुछ नहीं होगा। अदालत ने पिछले महीने पारित एक आदेश में कहावसंत कुंज, दक्षिण पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी और इसके चलते होने वाली कार्यवाही रद कर दी जाती है। अदालत ने कहा-याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाने के बजाय उसे सक्षम प्राधिकारी से संपर्क करने के बाद स्थानीय इलाके में या वसंत कुंज, दक्षिण पुलिस थाना क्षेत्र में 30 पौधे लगाने का निर्देश दिया गया है। पौधों की ऊंचाई लगभग तीन फुट तक हो।

## एक नजर

### दिल्ली में डीडीए फ्लैट में आग लगने से महिला की दम घुटने से मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वेलकम इलाके में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के फ्लैट में सोमवार को आग लगने से 40 वर्षीय महिला की दम घुटने से मौत हो गई। यह जानकारी अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया-हमें अपराह्न 3.15 बजे दो मंजिला एक मकान में आग लगने की सूचना मिली। दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जिन्हें आग बुझाने में दो घंटे लगे।" गर्ग ने बताया कि शाम पांच बजे के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। गर्ग ने बताया कि एयर कंडीशनर और बिजली के मीटर में आग लग गई थी।

### कार खाई में गिरी पुलिसकर्मी की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक कार सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई जिससे उसमें सवार पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि परयोटे गांव निवासी हेड कांस्टेबल राम राज (47) जम्मू बस स्टैंड पर तैनात थे और रविवार देर रात दुर्घटना के समय डोडा स्थित अपने घर जा रहे थे।

## आरोपी की मौत से जुड़ी याचिका से अभिनेता का नाम हटाया जाए: कोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

- **सलमान खान के घर गोलीबारी का मामला**



बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी के मामले में एक आरोपी की हिरासत में मौत की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका में प्रतिवादी के रूप में उनका (अभिनेता का) नाम हटाने का आदेश दिया। आरोपी अनुज थापन एक मई को यहां अपराध शाखा पुलिस हवालात के शौचालय में मृत पाया गया था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता रीता देवी और थापन की मां को निर्देश दिया कि वे याचिका से खान का नाम हटा दें।

अदालत ने कहा-उसका नाम हटा दें। याचिकाकर्ता ने प्रतिवादी 4 (सलमान खान) का नाम हटाने के लिए याचिका में संशोधन करने की अनुमति मांगी है क्योंकि उसके खिलाफ कोई दलील नहीं है और उसके खिलाफ कोई राहत नहीं मांगी गई है। यहां बांद्रा इलाके में 14 अप्रैल को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने गोलीबारी की थी। कथित तौर पर गोलीबारी करने वालों-विक्की गुप्ता और सागर पाल को बाद में गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया। थापन को खान के आवास पर गोलीबारी करने के लिए हमलावरों को हथियार मुहैया कराने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति के साथ 26 अप्रैल को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का दावा है कि थापन ने खुद को मार डाला, जबकि रीता देवी ने तीन मई को उच्च न्यायालय में दायर अपनी याचिका में गड़बड़ी का आरोप लगाया और दावा किया कि उसकी हत्या की गई है। अपनी याचिका में उन्होंने अदालत से उनके बेटे की मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया। याचिका में कहा गया है कि थापन को हिरासत में पुलिस ने शारीरिक रूप से हमला किया और प्रताड़ित किया। रीता देवी ने अपनी याचिका में खान को प्रतिवादी बनाया था।

## 1.30 करोड़ का सोना चुराने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे, एजेंसी**

- **महाराष्ट्र के ठाणे का मामला, प्राथमिकी दर्ज**

महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने 1.30 करोड़ रुपये के सोने की चोरी के सिलसिले में आभूषणों की दुकान के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ठाणे के नौपाड़ा की सहायक पुलिस आयुक्त प्रिया ढकने ने बताया कि पुलिस के एक दल ने 11 मई को नौपाड़ा इलाके में एक दुकान में हुई चोरी के सिलसिले में शुक्रवार को आरोपी विशाल सिंह कानसिंह राजपूत (29) को राजस्थान के माउंट आबू से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी दुकान में कर्मचारी के रूप में काम करता था और उसने कथित तौर पर 1.30 करोड़ रुपये के आभूषणों की चोरी कर ली। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 381 (चोरी) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि विशाल की आपराधिक पृष्ठभूमि रही है और मुंबई में उसके नाम पर चोरी का एक मामला दर्ज है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने दुकान से अपना आधार कार्ड और पहचान से जुड़े अन्य दस्तावेज भी ले लिए थे।

## केरल में आर्थिक समस्याओं के चलते एक परिवार के 3 लोगों ने की आत्महत्या

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के नेय्याट्टिनकारा में कथित रूप से वित्तीय समस्याओं के चलते एक ही परिवार के 3 सदस्यों ने अपने आवास में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि नेय्याट्टिनकारा निवासी मणिलाल (52), उनकी पत्नी स्मिता (45) और उनके बेटे अभिलाल (22) को स्थानीय लोगों ने रविवार रात बेहोशी की हालत में पाया। परिवार ने अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को यह जानकारी दी थी कि वह अपनी जान देने जा रहे हैं। पुलिस ने कहा-परिवार ने अपने कुछ दोस्तों को अपने इस अतिवादी कदम के बारे में बताया था। सूचना मिलते ही स्थानीय पार्षद सहित रिश्तेदार घर पहुंचे, लेकिन उन्हें बेहोश पाया। परिवार के तीनों सदस्यों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

## राहुल गांधी 12 को वायनाड की करेंगे यात्रा

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 12 जून को केरल के वायनाड का दौरा कर सकते हैं। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी जीत हासिल करने के कुछ दिन बाद उनकी यह पहली यात्रा होगी। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी और भाकपा उम्मीदवार एनी राजा को 3,64,422 मतों के अंतर से हराया। गांधी वायनाड का दौरा ऐसे समय कर रहे हैं, जब अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह यह सीट छोड़ देंगे और उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के पारंपरिक गढ़ रायबरेली का संसद में प्रतिनिधित्व करेंगे।

## वामपंथी छात्रों ने शिक्षा मंत्रालय के पास किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **नीट परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर जांच की मांग की**




वामपंथी छात्र संघों के सदस्यों ने सोमवार को शिक्षा मंत्रालय के पास प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में हुई कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की। एक बयान में यह जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा था कि शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा में 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को दिए गए अनुग्रह अंकों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समीति का गठन किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब आरोप लगे हैं कि 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अंक बढ़ा-चढ़ाकर दिये गए हैं जिसके कारण 67 अभ्यर्थियों को प्रथम स्थान मिला है।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के उपाध्यक्ष अविजीत घोष ने कहा, छात्र जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच की मांग करते हैं। घोष ने कहा-हम मंत्रालय से मांग करते हैं कि प्रवेश परीक्षाओं की शुचिता की रक्षा के लिए वह अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित परीक्षा प्रणाली स्थापित करे। घोष ने एक बयान में कहा कि असंख्य छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है और मंत्रालय को इन गंभीर मुद्दों को हल करने के लिए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

### नीट-यूजी परीक्षा में धांधली को लेकर राजस्थान में एबीवीपी ने की सीबीआई जांच की मांग

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से नीट यूजी परीक्षा -2024 के परीक्षा आयोजन से लेकर परिणामों में हुई धांधली के विरोध में सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आसूराम डूकिया के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मानव श्रृंखला बनाई और अतिरिक्त जिलाधीश (प्रशासन) को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंप कर परीक्षा में हुई धांधली के लिए केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग की। मीडिया से बातचीत में श्री डूकिया ने चेतावनी दी है कि परीक्षा की जांच नहीं होने पर एबीवीपी पूरे देश में बड़ा आंदोलन करेगी।



# विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह

## भारतीय कप्तान रोहित बोले- जसप्रीत जीनियस है, चाहता हूं इसी मानसिकता से आगे के मुकाबलों भी खेलें

न्यूयॉर्क, एजेंसी



**4** ओवर में 14 रन देकर पाकिस्तान के खिलाफ बुमराह ने तीन विकेट चटकाकर भारत को दिलाई जीत

**119** रन पर सिमटी भारतीय टीम ने गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान को 6 रनों से दी थी शिकस्त, 20 ओवर में 113 रन ही बना सकी प्रतिद्वंद्वी टीम

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को जीनियस करार देते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि यह तेज गेंदबाज टी-20 विश्व कप में आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखे। बुमराह की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने अपने कम स्कोर का बचाव करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6 रन से हराया। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। बुमराह ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए।

रोहित ने मैच के बाद कहा बुमराह के प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। हम सभी जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। उसके बारे में बहुत अधिक बात नहीं करूंगा। हम चाहते हैं कि वह पूरे विश्व कप में इसी तरह की मानसिकता के साथ खेले। वह जीनियस है। हम सभी यह जानते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि कम स्कोर बनाने के बावजूद उनको मैच जीतने का विश्वास था क्योंकि पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नहीं थी। हमारे पास जिस तरह का गेंदबाजी आक्रमण है उससे हम आश्वस्त थे। जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने आपस में कहा कि अगर हमारे साथ ऐसा हो सकता है तो उनके साथ भी हो सकता है। भारत का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 89 रन था लेकिन इसके बाद उसने 30 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमारी पारी के आधे भाग तक हम अच्छी स्थिति में थे। हम अच्छी साझेदारी निभाने में नाकाम रहे। हमने बात की की इस तरह की पिच पर प्रत्येक रन मायने रखता है। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच की तुलना में यह अच्छा विकेट था।

## भारत की जीत में बुमराह को निभानी होगी बड़ी भूमिका : कुंबले



**न्यूयॉर्क।** दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि जसप्रीत बुमराह अपनी अनुकूलन क्षमता और अद्वितीय कौशल से परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा लेते हैं और अगर भारत को टी-20 विश्व कप जीतना है तो इस प्रमुख तेज गेंदबाज को अहम भूमिका निभानी होगी। बुमराह (14 रन पर तीन विकेट) ने मैच विजयी प्रदर्शन करते हुए भारत को रविवार को यहां बहुप्रतीक्षित मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर छह रन से रोमांचक जीत दिलाई। नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की असमान गति वाली पिच पर भारत के 119 रन के जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 113 रन ही बना सकी। बुमराह और हार्दिक पंड्या (24 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने अपनी धारदार गेंदबाजी से भारत को वापसी दिलाई। कुंबले ने कहा हमने 15वें ओवर में देखा कि उन्होंने विकेट (मोहम्मद रिजवान का) लिया और फिर 19वें ओवर में, जब आपको पता था कि अगर उन्होंने उस ओवर में कुछ बाउंड्री खाई होती तो आखिरी ओवर में 10 या 12 रन रह जाते। लेकिन एक बार जब यह 18 या 19 रन पर पहुंच जाता है तो इस तरह की सतह पर पुछल्ले बल्लेबाजों के लिए आकर रन बनाना असंभव हो जाता है। इसलिए अगर भारत यह टूर्नामेंट जीतता है तो जसप्रीत बुमराह को इसमें अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा, जसप्रीत बुमराह आपकी टीम की सूची में नंबर एक खिलाड़ी होना चाहिए। प्रारूप को भूल जाइए, जसप्रीत बुमराह आपके नंबर एक खिलाड़ी हैं।

## टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.455 | 0 |
| अमेरिका | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.626 | 0 |
| कनाडा | 2 | 1 | 1 | 0 | -0.274 | 0 |
| पाकिस्तान | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.150 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.875 | 0 |
| नामीबिया | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 4 | 3.574 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.200 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| दक्षिण अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बंगलादेश | 2 | 2 | 0 | 2 | 0.075 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 1 | 0 | 1 | 0 | -0.539 | 0 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.777 | 0 |

# गलत फैसले लेने के कारण पाकिस्तान को मिली हार : गैरी

न्यूयॉर्क, एजेंसी



पाकिस्तान टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने कहा है कि गलत फैसले लेने के कारण भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ मैच हारने के बाद कर्स्टन ने कहा शायद हमने सही फैसले नहीं लिए। हमने खेल के महत्वपूर्ण चरणों में गलत फैसले लिए और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप पर यह चीजे भारी पड़ती हैं। रिजवान ने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया।

विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, इसके बावजूद हमने लक्ष्य को अच्छे मैनेज किया था लेकिन अंत में यह मैच हमारे हाथ से फिसल गया। यह हार निश्चित तौर पर निराशाजनक है। मुझे लगा था कि 120 का लक्ष्य विशेषकर भारत के सामने हासिल करना इतना आसान नहीं रहने वाला है। हम सामान्य तरह से खेलने की सोच रहे थे। पहले छह ओवरों को भुनाते हुए 40-45 रन बनाना चाहते थे लेकिन हम इसे अमली जामा नहीं पहना पाए और पहले 10 ओवर के बाद हमने इस तरह की गलती एक बार फिर दोहराई। पांच या छह रन प्रति ओवर बनाने हैं, स्ट्राइक रोटेट करना है और बाउंड्री हासिल करने के बाद अधिक उत्साहित नहीं होना है। हमारे पास इस टूर्नामेंट में वापसी करने के लिए अभी भी अवसर है। हम इस उम्मीद में हैं कि चीजे हमारे पक्ष में जाएंगी। इसके लिए हमें बेहतर क्रिकेट खेलनी होगी।

# पाकिस्तानी टीम में आमूलचूल बदलाव की जरूरत : नकवी

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप में हार के बाद कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है।

भारत के खिलाफ न्यूयॉर्क में खेले गए मैच में पाकिस्तान के सामने 120 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार नकवी ने न्यूयॉर्क में कहा मुझे लगता था कि मैच जीतने के लिए टीम में कुछ बदलाव करने की जरूरत है लेकिन अब लगता है कि टीम में आमूलचूल बदलाव करने होंगे। नकवी ने इसके साथ कहा कि अब उन खिलाड़ियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है जो पिछले कुछ समय से टीम से बाहर हैं। हमने जिस तरह से अमेरिका और अब भारत के खिलाफ मैच गंवाए, वह बेहद निराशाजनक है। हमें अब उन खिलाड़ियों पर गौर करना होगा जो इस समय टीम में नहीं हैं। हर कोई पूछ रहा है कि टीम अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर रही है। अभी विश्व कप चल रहा है लेकिन निश्चित तौर पर हमें हर चीज पर गौर करने की जरूरत है।

## चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच लाहौर में खेले भारतः पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मुहिम में सुझाव दिया कि पड़ोसी देश अगले साल की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान लाहौर में अपने सभी मैच खेले। पीसीबी के एक विश्वस्त सूत्र ने कहा कि आईसीसी को भेजे गए टूर्नामेंट के ड्राफ्ट कार्यक्रम में यह सुझाव दिया है। सूत्र ने कहा हां, भारतीय टीम की यात्रा कम करने और सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम मुहैया कराने के लिए उनके सभी मैच लाहौर में कराने का सुझाव दिया है। आईसीसी कार्यकारी बोर्ड को अभी ड्रॉफ्ट कार्यक्रम को मंजूरी देनी है लेकिन पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों के लिए अन्य स्थलों में कराची और रावलपिंडी को भी रखा है। बीसीसीआई को अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि करनी है कि वह राष्ट्रीय टीम को आईसीसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं।

# कनाडा के खिलाफ पाकिस्तान की निगाह उम्मीद जीवंत रखने पर

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका से उलटफेर का शिकार होने के बाद भारत के हाथों हार से आहत पाकिस्तानी टीम मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के मैच में कनाडा के खिलाफ मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगी क्योंकि उसके पास खेलने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा है लेकिन गंवाने के लिए सब कुछ है। पाकिस्तान का अब सुपर आठ में क्वालीफाई करने का मौका कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत पर निर्भर करेगा, लेकिन इसके लिए उसे उम्मीद करनी होगी कि अमेरिकी टीम भारत और आयरलैंड के खिलाफ मुकाबलों में बुरी तरह हार जाए। इस हालत में दोनों टीमों के चार चार अंक होंगे और फैसला बेहतर नेट रन रेट से होगा। पाकिस्तान की टीम इस तरह आंकड़े अपने पक्ष में रहने की बस दुआ ही कर सकती है। अमेरिका का नेट रन रेट दो जीत के बाद 0.626 है और आयरलैंड के खिलाफ जीत उसके लिए काफी होगी। वहीं पाकिस्तान का नेट रन रेट -0.150 है जो निराशाजनक है जिससे उसे जीत नहीं बल्कि बड़े अंतर से जीत की दरकार होगी।

## खेल डायरी

### एमसीए अध्यक्ष अमोल काले का न्यूयॉर्क में निधन



**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले का भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप मैच देखने के बाद न्यूयॉर्क में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रविवार को काले सचिव अजिंक्य नाईक और शीर्ष परिषद के सदस्य सूरज सामत सहित अन्य एमसीए अधिकारियों के साथ चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच मैच देखने के लिए नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद थे। अक्टूबर 2022 में हुए चुनावों में 47 वर्षीय काले भारत और मुंबई के पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल को हराने के बाद एमसीए अध्यक्ष बने थे। उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिसमें आगामी 2024-25 सत्र के लिए लाल गेंद के प्रारूप में अपने सभी खिलाड़ियों के लिए बीसीसीआई के बराबर मैच फीस भी शामिल है।

### प्रो लीग में शानदार टीमवर्क दिखाया : हरमनप्रीत



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने एफआईएच प्रो लीग के मैचों में शानदार जज्बे और टीमवर्क का नमूना पेश किया तथा पेरिस ओलंपिक से पहले उन्हें अच्छी सीख मिली। भारत ने 16 मैच में 24 अंक लेकर प्रो लीग में अपने अभियान का समापन किया। उसने 5 मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसने पेनल्टी शूटआउट में तीन मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार भी झेलनी पड़ी। भारतीय टीम अंक तालिका में अभी चौथे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने कहा एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में हमारा सफर शानदार रहा। नीदरलैंड 2-2 (शूटआउट में 4-2), अर्जेंटीना (5-4) और जर्मनी (3-0) जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमारी जीत टीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को दिखाती है। हमने पूरे टूर्नामेंट में शानदार जज्बे और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक से पहले इस टूर्नामेंट में खेलने के महत्व पर भी बात की। हमें अपने मजबूत पक्षों को समझने और किन क्षेत्रों में हमें सुधार करने की जरूरत है यह जानने में इस लीग की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### ऑस्ट्रेलिया ओपन में भारत की अगुवाई करेंगे प्रणय

**सिडनी।** पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रणय को यहां पांचवीं वरीयता दी गई है और उनकी निगाह फिर से लय हासिल करने पर टिकी होगी। पिछले दो टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह थाईलैंड ओपन के पहले दौर में और सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। प्रणय ब्राजील के यगोर कोएलो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। पुरुष एकल में भाग लेने वाले अन्य भारतीयों में मिथुन मंजूनाथ इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से, किरण जार्ज कनाडा के शियाओडोंग शेंग से और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम इंडोनेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे।

### आखिरी दो लीग मैच के लिए टीम से जुड़ेंगे लामिछाने



**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** नेपाल के स्टार क्रिकेटर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप के वेस्टइंडीज में होने वाले अंतिम दो लीग मैच के लिए राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। नेपाल क्रिकेट संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका ने बलात्कार के आरोपी रहे लामिछाने को वीजा देने से इनकार कर दिया था जिस कारण वह नेपाल के अमेरिकी चरण के मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस 23 वर्षीय स्पिनर को पहले नेपाल की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया था। अमेरिका और वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी कर रहे हैं। नेपाल क्रिकेट संघ ने कहा कि नेपाल के खिलाड़ी संदीप लामिछाने को वेस्टइंडीज में खेले जा रहे टी-20 विश्व कप के लिए नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है।

# गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर दौड़ में तोड़ा अविनाश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

पोर्टलैंड, एजेंसी



एशियाई खेलों के पदक विजेता भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने सोमवार को माउंट हूड कम्युनिटी कॉलेज में आयोजित पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में हमवतन अविनाश साबले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पिछले साल एशियाई खेलों में 10 हजार मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर सिंह ने पुरुषों की एलीट पांच हजार मीटर दौड़ में 13:18.92 का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका के डायलन जैकब्स (13:18.18) समय के साथ शीर्ष पर रहे। केन्या के वेस्ले किप्टू को (13:21.77) समय के साथ तीसरा स्थान मिला।

5000 मीटर में भारत का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:19.30 अविनाश साबले के नाम था। उन्होंने पिछले वर्ष लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ऑन ट्रैक फेस्ट में यह रिकॉर्ड बनाया था। साबले ने सोमवार को पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में भाग लिया लेकिन वह दौड़ पूरी नहीं कर पाए। कार्तिक कुमार 13:41.07 के समय के साथ 17वें स्थान पर रहे और फिनिश लाइन पार करने वाले एथलीटों में सबसे आखिरी स्थान पर रहे। पुरुषों की 5000 मीटर आमंत्रण स्पर्धा में भाग ले रहे अभिषेक पाल ने फाइनल में 13:41.57 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रेट ब्रिटेन के टॉम एंडरसन (13:37.89) और एली बेनेट (13:41.26) ने शीर्ष दो स्थान प्राप्त किए।

महिलाओं की 5000 मीटर की एलीट दौड़ में 2023 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंकिता ध्यानी ने 15:35.06 समय में दौड़ पूरी कर 15वां स्थान हासिल किया। नीदरलैंड की ओलंपिक चैंपियन सिफान हसन ने 14:43.85 के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और अमेरिका की धावक एलिस क्रैनी (14:46.49) समय के साथ दूसरे और कैरिसा श्वेजर को (14:48.60) तीसरा स्थान मिला।

# द. अफ्रीका ने बांग्लादेश को 4 रन से हराया

न्यूयॉर्क, एजेंसी



**स्कोर बोर्ड**

**दक्षिण अफ्रीका :** 113/6, 20 ओवर
डिकॉक 18, क्लासेन 46, मिलर 29। **विकेट :** तंजीम 3, तकसीन 2।

**बांग्लादेश :** 109/7, 20 ओवर
नजमुल 14, हृदय 37, महमूदउल्लाह 20। **विकेट :** केशव 3, रबादा 2।

हेनरिक क्लासेन की जुझारू पारी के बाद बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप डी के कम स्कोर वाले मैच में सोमवार को यहां बांग्लादेश को चार रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सुपर आठ में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

दक्षिण अफ्रीका के 114 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश तौहीद हृदय (37 रन, 34 गेंद, दो छक्के, दो चौके) और महमूदुल्लाह (20 रन, 27 गेंद) के बीच पांचवें विकेट की 44 रन की साझेदारी के बावजूद 20 ओवर में सात विकेट पर 109 रन ही बना सका। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से महाराज ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि एनरिच नोर्किया ने 17 और कागिसो रबादा ने 19 रन देकर दो-दो विकेट हासिल किए। मार्को यानसेन ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 17 रन दिए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका इससे पहले क्लासेन (46 रन, 44 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) की जुझारू पारी के अलावा डेविड मिलर (29 रन, 38 गेंद, एक छक्का, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए उनकी 79 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 113 रन बनाने में सफल रहा। ये दोनों उस समय क्रीज पर साथ आए जब टीम 23 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। बांग्लादेश की ओर से तंजीम हसन साकिब ने तीन जबकि तास्किन अहमद ने दो विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश ने दूसरे ओवर में ही तंजीद हसन (09) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने कागिसो रबादा की गेंद पर विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच थमाया। कप्तान नजमुल हसन शंटो और लिटन दास ने पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 29 रन तक पहुंचाया। शंटो ने इस बीच ओटनील बार्टमैन पर पारी का पहला छक्का भी जड़ा जबकि लिटन ने मार्को यानसेन पर चौके से खाता खोला। लिटन हालांकि नौ रन बनाने के बाद केशव महाराज की पहली ही गेंद पर मिलर को कैच दे बैठे। नोर्किया ने लगातार ओवरों में शाकिब अल हसन (03) और शंटो (14) को आउट करके 10वें ओवर में बांग्लादेश का स्कोर चार विकेट पर 50 रन किया।

# पहलवानों का सहयोग करेगा आईओए और डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद पर विनेश का अनुरोध स्वीकार

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ओलंपिक जाने वाले देश के छह पहलवानों को पूर्ण सहायता प्रदान करेगा तथा राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और डब्ल्यूएफआई ने शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट की ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद के अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया है।

छह भारतीय पहलवानों में महिला वर्ग में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) तथा पुरुष वर्ग में अमन सहरावत (57 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा ने सोमवार को कहा कि इस कदम का उद्देश्य पहलवानों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे पहलवानों को सर्वश्रेष्ठ संसाधन की मदद मिले जिससे वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। यह फैसला हमारी ऐसे माहौल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है जिसमें खिलाड़ी आगे बढ़ सकें। आईओए और डब्ल्यूएफआई पहलवानों के लिए ओलंपिक तक एक ऐसी सहयोगी टीम बनाने की योजना बना रहे हैं जिसमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेंटल कंडिशनिंग कोच और अन्य जरूरी स्टाफ शामिल हों। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश को पेरिस ओलंपिक की ट्रेनिंग के लिए और सहयोगी स्टाफ मुहैया कराया जाएगा।

# विंबलडन खिताब के बचाव को अभियान शुरू करेंगे अल्कारेज



**पेरिस।** कार्लोस अल्कारेज ने ग्रैंड स्लैम खिताबों का जश्न मनाने की अपनी परंपरा को जारी रखने की योजना बनाई है और इसके लिए उन्होंने अपनी पहली फ्रेंच ओपन चैंपियनशिप जीतने की तारीख और एफिल टॉवर का टैटू बनाया है। रविवार को रोलां गैरो पर फाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेज के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 की जीत को याद रखने के लिए यह टैटू अल्कारेज के बाएं टखने के पास होगा। उनके दाहिने टखने पर पहले से ही 2023 विंबलडन जीत की तारीख और एक स्ट्रॉबेरी की छवि बनी है। उनके बाएं हाथ पर उनकी पहली ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी की तारीख है जो 2022 अमेरिकी ओपन में आई थी। अल्कारेज जिस गति से आगे बढ़ रहे हैं, स्पेन के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी की त्वचा कम पड़ सकती है। उन्होंने हालांकि रविवार को बताया कि उन्होंने अपनी मां को आश्वासन दिया है कि वह अपने करियर के बाकी समय में हर ग्रैंडस्लैम जीत की तारीख अपने शरीर पर नहीं लिखेंगे।

## नागल एटीपी रैंकिंग में 77वें स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में 18 पायदान की छलांग से 77वें स्थान पर पहुंच गये हैं जिससे उनका पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल ड्रा में स्थान लगभग पक्का हो गया। नागल के 713 एटीपी अंक हैं। नागल ने रविवार को जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया जिसकी बदौलत उन्होंने रैंकिंग में इतनी ऊंची छलांग लगाई। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानदंड के अनुसार दोनों ही वर्ग में शीर्ष 56 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वत: क्वालीफाई कर लेंगे।

# सिनर एटीपी रैंकिंग में जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष पर

**पेरिस।** इटली के यानिक सिनर ने सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में चोटिल नोवाक जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया। सिनर एक पायदान के फायदे से पहले नंबर पर पहुंचे। इस तरह 22 साल के सिनर 1973 में शुरू हुई कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग के बाद पहले नंबर पर काबिज होने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। उन्हें एक जुलाई से शुरू होने वाले विम्बलडन में शीर्ष वरीयता मिलेगी। सिनर ने इस सत्र में तीन खिताब जीते जिसमें जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब भी शामिल है। कार्लोस अल्काराज तीसरे ग्रैंडस्लैम की बदौलत रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे जबकि जोकोविच तीसरे और एलेक्जैंडर ज्वेरेव चौथे स्थान पर हैं। अल्काराज ने रविवार को ज्वेरेव को हराकर फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। महिलाओं के वर्ग में इगा स्वियातेक रोलां गैरों पर लगातार तीसरी ट्राफी (पांच मेजर खिताब) की बदौलत डब्ल्यूटीए रैंकिंग में पहले स्थान पर अपनी बढ़त बढ़ाने में सफल रहीं। अमेरिका की 20 वर्षीय कोको गॉफ तीसरे नंबर से दूसरे नंबर पर पहुंची जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। वह फ्रेंच ओपन एकल के सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन स्वियातेक से हार गयीं। गॉफ ने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर पहला ग्रैंडस्लैम युगल खिताब अपने नाम किया। दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गईं। 2022 विम्बलडन विजेता एलीना रिबाकिना चौथे स्थान पर हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# आदित्य-एल1 ने सौर लपटों की तस्वीरें लीं

बेंगलुरु, एजेंसी

इसरो के आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान के दो रिमोट सेंसिंग उपकरणों ने हाल ही में हुए सौर लपटों की तस्वीरें कैद कीं। अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 इस साल छह जनवरी को लैग्रेंजियन बिंदु (एल1) पर पहुंचा। यह अभियान दो सितंबर, 2023 को शुरू हुआ था, जिसके 127 दिन बाद उपकरणों ने ये तस्वीरें भेजी हैं।

एल1 पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर स्थित है और लगातार सूर्य की तस्वीरें ली जा रही हैं। इसरो ने एक बयान में बताया कि 'सोलर अल्ट्रा वॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप' (एसयूआईटी)



और 'विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ' (वीईएलसी) ने मई 2024 के दौरान सूर्य की गतिशील गतिविधियों की तस्वीरें लीं। कोरोनल मास इजेक्शन' (सीएमई) से जुड़े कई एक्स-क्लास और एम-क्लास फ्लेयर्स, जो महत्वपूर्ण भू-चुंबकीय तूफानों को जन्म देते हैं, रिकॉर्ड किए गए। सूर्य के सक्रिय क्षेत्र में आठ से 15 मई के सप्ताह के दौरान कई बार सौर लपटे उठीं।

## माता-पिता व अन्य आरोपी 14 तक पुलिस हिरासत में

पुणे कार दुर्घटना

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय लड़के के माता-पिता और एक अन्य आरोपी की पुलिस हिरासत 14 जून तक बढ़ा दी। इन पर सबूतों को नष्ट करने का आरोप है। नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल और मां शिवानी अग्रवाल को किशोर के रक्त के नमूने बदलने में उनकी संदिग्ध भूमिका के मामले में गिरफ्तार किया गया था। विशाल अग्रवाल रियल एस्टेट कारोबारी हैं। कल्याणी नगर में 19 मई को हुई दुर्घटना के समय किशोर कथित रूप से नशे में था। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार दो आईटी पेशेवरों की जान चली गई थी।

प्रकृति का रूप



दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में तटीय शहर ग्रिंडाविक के करीब लाल लावा उगल रहा एक ज्वालामुखी। • एजेंसी

# इजरायली सेना ने की दो फिलिस्तीनियों की हत्या

रामल्ला, एजेंसी

• वेस्ट बैंक के शहर तुबास और तुलकर्म में दिया घटना को अंजाम

वेस्ट बैंक में दो अलग-अलग घटनाओं में सोमवार को इजरायली गोलीबारी में एक किशोर सहित दो फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। यह जानकारी फिलिस्तीनी सूत्रों ने दी। एक बयान में, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि किया कि 15 वर्षीय लड़का महमूद नबरीसी उत्तरी वेस्ट बैंक शहर तुबास के पास अल-फारा शरणार्थी शिविर में मारा गया।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि एक इजरायली विशेष बल इकाई ने वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए शिविर पर धावा बोल दिया, जिसके बाद फिलिस्तीनी युवाओं के साथ उनका हिंसक टकराव हुआ। एक फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्र ने शिन्हुआ से कहा कि नबरीसी ने तुबास के सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया जबकि पांच अन्य घायल युवकों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस बीच, उत्तरी वेस्ट बैंक शहर तुलकर्म के पूर्व में धनाना उपनगर में यूसुफ अब्देल दायेम नामक एक 21 वर्षीय व्यक्ति की कथित रूप से हत्या कर दी गई। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजरायली सेना बलों ने उपनगर पर धावा बोला, कई घरों पर छापा मारा और तलाशी ली।और स्थानीय फिलिस्तीनियों पर गोलियां चलाईं।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में सड़क हादसे में चार की मौत

**फैजाबाद।** अफगानिस्तान के उत्तरी प्रांत बदख्शां में एक यात्री वाहन के घाटी में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गये। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक हिकमतुल्लाह मोहम्मदी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार रात प्रांत के यफ्ताल-ए-पायन जिले में हुई। वाहन रगिस्तान जिले से बदख्शां प्रांत की राजधानी फैजाबाद शहर लौट रहा था। उसी दौरान, वाहन सड़क से फिसलकर घाटी में पलट गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गयी और सात लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गैंट्ज़ ने आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दिया

**यरूशलम।** इजरायल में युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज़ ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दे दिया है। गैंट्ज़ ने रविवार को एक टेलीविज़न संबोधन में कहा, नेतन्याहू हमें सच्ची जीत की ओर बढ़ने से रोक रहे हैं। यही कारण है कि हम भारी मन से लेकिन पूरे आत्मविश्वास के साथ आज आपातकालीन सरकार छोड़ रहे हैं। उन्होंने नेतन्याहू से शीघ्र चुनाव की तारीख तय करने का भी आह्वान किया। गैंट्ज ने मई के मध्य में कहा कि अगर आठ जून तक गाजा पट्टी में सैन्य अभियान की नई योजना नहीं अपनाई गई तो वह आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दे देंगे।



### कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

**ओटावा।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 28 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उन पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। हत्या के मामलों की जांच करने वाली रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की इकाई ने पीड़ित की पहचान युवराज गोयल के रूप में की है। उसने बताया कि पुलिस शुक्रवार सुबह सरे में गोलीबारी की सूचना मिलने पर जब घटनास्थल पर पहुंची तो उसे वहां गोयल का शव मिला। ग्लोबल न्यूज ने मृतक की बहन चारु सिंघला के हवाले से बताया कि उसका भाई सरे में कार बेचने वाले एक शोरूम में काम करता था। उसने कहा कि परिवार को नहीं पता कि युवरात की हत्या क्यों की गई।

# आईजी ने की सुरक्षा की समीक्षा

## अमरनाथ यात्रा शुरू होने में एक पखवाड़ा शेष, रविवार को रियासी में हुआ था आतंकी हमला

श्रीनगर, वार्ता

• मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम से शुरू होगी यात्रा

• मेला खीर भवानी और ईद-उल-अजहा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई

वार्षिक अमरनाथ यात्रा शुरू में सिर्फ एक पखवाड़ा शेष रह गया है, जिसके मद्देनजर कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने सोमवार को यहां सुरक्षा की समीक्षा की। यह बैठक इसलिए भी अहम थी, क्योंकि और रविवार शाम जम्मू के रियासी में हुए आतंवादी हमले में नौ तीर्थयात्रियों की हत्या हुयी थी।

अमरनाथ यात्रा 29 जून से मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के दोहरे मार्गों से शुरू होगी। बैठक में इस महीने मनाए जाने वाले मेला खीर भवानी और ईद-उल-अजहा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) ने अधिकारियों को ड्रोन और सीसीटीवी का उपयोग करके असामाजिक/राष्ट्रविरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और चौबीसों घंटे नाका/कटऑफ प्वाइंट स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशिष्ट खुफिया जानकारी उत्पन्न करके आतंकवाद विरोधी ग्रिड को बढ़ाने और सभी जिलों में सीएएसओ/आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में क्षेत्र के उप महानिरीक्षक (डीआईजी), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और पीसीआर कश्मीर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान एसएसपी गांदरबल ने 13 जून को मनाए जा रहे मेला खीर भवानी त्योहार और श्री अमरनाथ जी यात्रा -2024 की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने मेला खीर भवानी के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया, जो जिला गांदरबल के अलावा कश्मीर घाटी में विभिन्न मंदिरों में होने वाला है।



### युवा कांग्रेस ने कश्मीर में आतंकी हमले की निंदा की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय युवा कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मारे गए तीर्थयात्रियों को सोमवार को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। युवा कांग्रेस के श्रीनिवास बी.वी. ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकियों द्वारा कायराना हमला बेहद दुखद, शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने दावा किया, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले की निंदा करने के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की शुभकामनाएं स्वीकार करने में व्यस्त हैं। कहा कि इधर उधर की बात न करते हुए कड़े से कड़े कदम उठाएं।

### आतकंवादी समूहों ने ली जिम्मेदारी, फिर पलटे

**जम्मू, एजेंसी।** प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े तीन छद्म समूहों ने रविवार को जम्मू में तीर्थयात्रियों पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। हालांकि हमले में दो साल के बच्चे समेत नौ लोगों की मौत को लेकर व्यापक निंदा और आक्रोश के बाद समूहों ने तुरंत अपने बयान वापस ले लिए। अधिकारियों ने बताया कि (जैश से जुड़े) पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फोर्स (पीएएफएफ), रिवाइवल ऑफ रेजिस्टेंस और (लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध) द रेजिस्टेंस फ्रंट ने शुरू में सोशल मीडिया पर रियासी में शिवखोड़ी से कटरा जा रही बस पर हमले में अपनी संलिप्तता का दावा किया था। हमलावरों ने पोनी क्षेत्र के तेरयाथ गांव के पास बस पर गोलीबारी की, जिससे वह एक खाई में गिर गई और नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 41 अन्य घायल हो गए। पांच लोगों की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि दस अन्य का फिलहाल जम्मू क्षेत्र के अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, हमले में खासतौर पर बच्चों के मारे जाने की व्यापक निंदा होने पर संदिग्ध समूहों ने तुरंत अपने बयान वापस ले लिए और इसके बजाय सरकारी एजेंसियों पर दोष मढ़ने का प्रयास किया।

# दो जहाजों पर हूती विद्रोहियों का हमला

मनामा (बहरीन), एजेंसी

• एंटीगुआ एवं बारबूडा के झंडे वाले मालवाहक जहाज नॉर्दर्नी को मिसाइल से निशाना बनाया गया

यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अदन की खाड़ी में किये गये मिसाइल हमले में दो जहाजों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने बताया कि रविवार देर रात एक जहाज रोधी बैलेस्टिक क्रूज मिसाइल से एंटीगुआ एवं बारबूडा के झंडे वाले मालवाहक जहाज नॉर्दर्नी को निशाना बनाया गया, जिससे जहाज पर आग लग गयी और उस पर सवार सभी लोगों को उतारना पड़ा। सेना ने कहा कि उस जहाज पर दो बार मिसाइल से हमला किया गया।



ब्रिटिश सेना के समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र ने भी अदन के इस इलाके में हमले होने की सूचना देते हुए कहा कि नुकसान पर काबू पाने का प्रयास जारी है। हूती सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने रविवार को एक वीडियो संदेश जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि जहाज को मिसाइलों और ड्रोन दोनों से निशाना बनाया गया। द एसोसिएटेड प्रेस द्वारा किये गये विश्लेषण से पता चला कि नॉर्दनी जहाज रविवार अपराह्न तक अदन की खाड़ी में था। हूती विद्रोहियों ने दूसरे हमले में बैलिस्टिक मिसाइल से अदन की खाड़ी में लाइबेरियाई ध्वज वाले मालवाहक जहाज ताविशी को निशाना बनाया।

सारी ने दावा किया कि हमला अरब सागर में किया गया हालांकि इसका कोई सबूत नहीं दिया गया है। आंकड़ों से पता चला कि हमले के समय ताविशी अदन की खाड़ी में था। मध्य कमान ने कहा, ताविशी को नुकसान हुआ है लेकिन वह आगे बढ़ रहा है। सेना ने कहा कि हूती द्वारा जहाज पर दागी गई दूसरी बैलिस्टिक मिसाइल को एक युद्धपोत ने गिरा दिया। सारी ने एक युद्धपोत पर भी हमले का दावा किया लेकिन इस हमले की पुष्टि नहीं हुई।

# मैक्रों ने असेंबली को किया भंग

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 2024 के यूरोपीय संसद चुनावों में अपनी पार्टी की हार के बाद रविवार शाम नेशनल असेंबली को भंग करने की घोषणा की। स्थानीय मीडिया बीएफएमटीवी ने लाइव प्रसारण से यह जानकारी दी।



मैक्रों ने एक संक्षिप्त भाषण में कहा, मैंने वोट के माध्यम से आपको आपके संसदीय भविष्य का विकल्प वापस देने का फैसला किया है। इसलिए मैं नेशनल असेंबली को भंग कर रहा हूं। मैक्रों की पार्टी को यूरोपीय संसद चुनावों में 15.2 प्रतिशत वोट मिले, जबकि धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली को 31.8 प्रतिशत वोट मिले हैं।

## यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में 90 देश भाग लेंगे

**बर्न (स्विटजरलैंड)।** दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच सप्ताहांत में स्विटजरलैंड की मेजबानी में आयोजित यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में 90 देशों और संगठनों ने शामिल होने की पुष्टि की है, जबकि मॉस्को ने इसमें शरीक होने से इनकार कर दिया है। स्विटजरलैंड की राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने सोमवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। रूस के इनकार करने के बावजूद सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

# मलावी के उपराष्ट्रपति चिलिमा को ले जा रहा विमान लापता

लिलोंग्वे, एजेंसी

• उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को लेकर जा रहा था मलावी रक्षा बल का विमान

मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को लेकर जा रहा मलावी रक्षा बल का विमान सोमवार को लापता हो गया। मलावी के राष्ट्रपति एवं कैबिनेट के सचिव कोलीन ज़ांबा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विमान सोमवार को स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 10:02 बजे देश के उत्तर में स्थित म्ज़ुज़ू हवाई अड्डे पर अपनी निर्धारित लैंडिंग करने में विफल रहा।



उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, विमान के रडार से गायब होने के बाद से विमानन अधिकारियों द्वारा उससे संपर्क करने की कोशिश की गयी, लेकिन सभी प्रयास अब तक विफल रहे हैं। मलावी के राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय एजेंसियों को विमान का पता लगाने के लिए तत्काल खोज और बचाव अभियान चलाने का आदेश दिया है। उन्होंने बहामास के निर्धारित दौरे को भी रद्द कर दिया है, जहाँ वे अफ्रेक्सिमबैंक की एक बैठक में भाग लेने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि चिलिमा पूर्व अटॉर्नी जनरल एवं न्याय मंत्री राल्फ कासाम्बारा के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।

# शहबाज शरीफ ने मोदी को दी बधाई

इस्लामाबाद, एजेंसी

• अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद दोनों देशों के बीच सामान्य नहीं हैं संबंध

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दी। मोदी ने रविवार को रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।



शरीफ भारत के पड़ोसी देशों से एकमात्र प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पाकिस्तान के सदाबहार मित्र चीन से लौटने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से बधाई दी। पोस्ट में कहा, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर नरेन्द्र मोदी को बधाई। पांच अगस्त 2019 को भारतीय संसद द्वारा अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद इस्लामाबाद ने नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों को कमतर कर दिया था। तब से दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं। भारत ने लगातार कहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी के संबंध चाहता है।

### सात सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को देश से आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प लिया। एक दिन पहले अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए आतंकवादी हमले में एक कैप्टन समेत सात सैनिकों की मौत हो गई थी।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जीप के नदी में गिरने से छह की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के नीलम जिले में एक जीप के नीलम नदी में गिरने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, दो घायल हो गये और 10 अन्य लापता हो गये। शिन्हुआ ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए सोमवार को यह जानकारी दी। बचाव सेवा ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार को जिले के करीमाबाद इलाके के पास तब हुई, जब क्षतिग्रस्त सड़क पर चढ़ते समय जीप फिसल कर नदी में गिर गयी। स्थानीय लोगों ने पाकिस्तानी सेना के जवानों के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया। इस दौरान छह शव बरामद किए गए, जबकि लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है।

# पांच देशों के ब्रिक्स में शामिल होने पर भारत ने जताई खुशी

मॉस्को, एजेंसी

• रूस की ओर से आयोजित बैठक में देशों ने पहली बार लिया हिस्सा

भारत ने मिस्र, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और इथियोपिया के ब्रिक्स समूह में शामिल होने का स्वागत किया है। इन देशों के प्रतिनिधियों ने रूस की ओर से आयोजित ब्रिक्स की एक महत्वपूर्ण बैठक में पहली बार हिस्सा लिया।

भारत के वरिष्ठ राजनयिक दम्मू रवि ने पश्चिमी रूस के निजनी नोवगोरोद में आयोजित ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विस्तारित ब्रिक्स समूह के परिवार के प्रारूप में एक महत्वपूर्ण बैठक। भारत नए सदस्यों का तहे दिल से स्वागत करता है। सोमवार को हुई बैठक 2023 में ब्रिक्स के विस्तार के बाद पहली मंत्रिस्तरीय बैठक थी। मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ब्रिक्स समूह के पूर्ण सदस्य बन गए हैं। ब्रिक्स में इससे पहले ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका पहले से इसके सदस्य हैं। आमतौर पर विदेश मंत्री ऐसी बैठकों में भाग लेते हैं। चूंकि एस जयशंकर को रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद सोमवार को ही विदेश मंत्री के रूप में फिर से नियुक्त किया गया था, इसलिए वे बैठक में भाग लेने के लिए रूस नहीं जा सके।

## बॉलीवुड हलचल

### रत्नाकर और अंजना की बड़की भाभी की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री अंजना सिंह और निर्माता रत्नाकर कुमार की आने वाली फिल्म बड़की भाभी की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म बड़की भाभी की शूटिंग वाराणसी के खूबसूरत लोकेशन में की जा रही है। वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड के बैनर से बन रही फिलमची भोजपुरी से प्रस्तुत फिल्म बड़की भाभी एक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें अंजना सिंह अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह महिला प्रधान फिल्म है। इस फिल्म में अंजना सिंह के साथ माही श्रीवास्तव और शालिनी श्रीवास्तव भी मुख्य भूमिका में हैं। अंजना सिंह ने कहा कि, मैं इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। बड़की भाभी एक ऐसी कहानी है जो हर दर्शक को अपनी ओर आकर्षित करेगी। मुझे पूरा विश्वास है कि यह फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी और हमारे मेहनत को सराहा जाएगा। रत्नाकर कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हम भोजपुरी सिनेमा को एक नई उंचाई पर ले जायें। बड़की भाभी की कहानी और इसके किरदार दर्शकों के दिलों को छू लेंगे। यह फिल्म भी अनोखी और मनोरंजक है। उम्मीद है सबों को फिल्म पसंद आएगी।

### कल्कि 2898 एडी से दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी से उनका पोस्टर रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज किया है। इस पोस्टर में दीपिका बिखरे बाल, चेहरे पर शिकन लिए खड़े नजर आ रही हैं। वहीं, उनके पीछे कुछ लोग दिखाई दे रहे हैं, जो हाथों में तलवार और भाला लिए हुए हैं। पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए दीपिका ने कैप्शन में लिखा कि आशा की शुरुआत उसके साथ होती है। दीपिका के इस पोस्ट पर उनके पति और अभिनेता रणवीर सिंह ने भी रिएक्ट किया है। उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा कि बूम, स्टनर।



### जॉली एलएलबी-3 में काम करेंगी अमृता राव

**मुबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता राव फिल्म जॉली एलएलबी-3 में काम करती नजर आयेंगी। अक्षय कुमार और अरशद वारसी स्टारर फिल्म जॉली एलएलबी-3 इन दिनों सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान के अजमेर शुरू हो गयी है।अमृता राव को इस फिल्म से जोड़ दिया गया है। अमृता राव एक बार फिर अरशद वारसी के साथ काम करती नजर आएंगी। इससे पहले दोनों ने जॉली एलएलबी में साथ काम किया था। अमृता राव ने जॉली एलएली के पहले पार्ट में संध्या का किरदार निभाया था, जो वर्ष 2013 में रिलीज हुई थी। अमृता राव, जॉली एलएलबी 3 में अरशद की पत्नी के रूप में लौट रही हैं, जो पहले भाग से उनकी कहानी को जारी रखती है। इस फिल्म का निर्देशन सुभाष कपूर कर रहे हैं।

## खगोल विज्ञान

7 हजार मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी पर आया था बड़ा जलवायु परिवर्तन

# कभी पूरी तरह बर्फ की चादर में लिपट गई थी पृथ्वी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हमारी धरती कितने विकट उतार चढ़ाव से गुजरी है, हम शायद ही इसकी कल्पना कर सकें। मगर पृथ्वी को एक बार ऐसे दौर से भी गुजरना पड़ा कि वह पूरी तरह बर्फ से ढक गई। जलवायु संबंधित ताजा शोध में बताया गया है कि सात हजार मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी को यह मार झेलनी पड़ी थी।

इसे वैज्ञानिक भाषा में अर्थ स्नोबॉल कहा जाता है। इसकी वजह कार्बन डाइऑक्साइड गैस थी, जिसकी मात्रा में भारी कमी आ जाने के कारण जलवायु में जबरदस्त परिवर्तन आया और पूरी पृथ्वी बर्फ की चादर में लिपट गई। कार्बन डाइऑक्साइड ग्रीनहाउस गैस है, जो हमारी जलवायु को प्रभावित करने में बड़ा रोल अदा करती है। यदि इसकी मात्रा अधिक हुई तो वातावरण गर्म होने लगता है और कम होने से पृथ्वी अधिक ठंडी हो जाती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि लगभग 700 मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी में कार्बन डाइऑक्साइड की भारी कमी आई थी, जिसके परिणाम स्वरूप पृथ्वी बर्फ से जम गई।



बर्फ में ढकी पृथ्वी का काल्पनिक चित्र।

नए शोध से पता चलता है कि दोहरी जलवायु की मार ने स्नोबॉल अर्थ को जन्म दिया। कार्बन डाइऑक्साइड कमी की वजह टेक्टोनिक्स से ज्वालामुखीय विघटन को न्यूनतम कर दिया। उसी समय कनाडा के महाद्वीपीय ज्वालामुखीय ने कार्बन डाइऑक्साइड का उपभोग करना शुरू कर दिया और हिमाच्छादन शुरू हो गया। पृथ्वी को स्नोबॉल पृथ्वी में परिवर्तन में लाखों वर्ष लगे। साथ ही अपने स्वरूप में लौटने में भी इतना ही समय लग गया। जियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ अमेरिका ने यह शोध किया है।

### पृथ्वी की जलवायु परिवर्तन समझने के लिए शोध महत्वपूर्ण

**नैनीताल :** पृथ्वी में जलवायु परिवर्तनों के अध्ययन से हमें मानवजनित जलवायु परिवर्तन को समझने में मदद मिल सकती है। पृथ्वी के अतीत में हुए जलवायु परिवर्तन की तुलना में वर्तमान में हो रहा परिवर्तन दस गुना अधिक तेजी से हो रहा है। पूर्व में आए परिवर्तन प्राकृतिक थे, मगर वर्तमान जलवायु परिवर्तन की देन इंसान की है। जिसके भयानक परिणाम भविष्य में देखने को मिल सकते हैं।